

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार · समाज जागरण · RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्षः 3 अंकः 353 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) रविवार 05 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## 'मैं महादेव से प्रेम करता हूँ' कहना महादेव का अपमान: बरेली में अशांति के बीच शंकराचार्य



उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में चल रहे 'मैं मोहम्मद से प्रेम करता हूँ' विरोध प्रदर्शनों के बीच, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शनिवार को दावा किया कि "मैं महादेव से प्रेम करता हूँ" कहना महादेव का अपमान है। उन्होंने आगे कहा कि यह विवाद 'असली मुद्दों' से जनता का ध्यान भटकाने के लिए शुरू किया गया है।

विवादास्पद बयानों के लिए जाने जाने वाले इस धार्मिक नेता ने कहा, "मैं मोहम्मद के बारे में नहीं जानता। जो लोग मोहम्मद के साथ हैं, वे उनके बारे में जानते होंगे। लेकिन क्या 'मैं महादेव से प्रेम करता हूँ' कहना महादेव का सम्मान है या अपमान?"

बिहार के बेतिया में बोलते हुए, अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, "मैं मोहम्मद से प्रेम करता हूँ, मैं महादेव से प्रेम करता हूँ" विवाद जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने के लिए शुरू किया गया है।" उन्होंने कहा कि "मैं महादेव से प्रेम करता हूँ" कहना महादेव का अपमान है। उन्होंने इसे 'अपमानजनक' बताते हुए कहा, "क्या महादेव पूजा का विषय हैं या प्रेम का?"

पिछले कुछ हफ़्तों में उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में 'मैं मोहम्मद से प्रेम करता हूँ' विरोध प्रदर्शनों ने हलचल मचा दी है। पिछले शुक्रवार को, सामूहिक नमाज के बाद एक मस्जिद के बाहर लगभग 2,000 प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हो गई। इत्तेहाद-ए-मिल्लत परिषद के प्रमुख और मौलवी मौलाना तौकीर रजा, जिन्हें बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, ने कथित तौर पर 'आई लव मुहम्मद' पोस्टर के समर्थन में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। हालाँकि, मौलवी ने आखिरी समय में प्रदर्शन वापस लेने की घोषणा कर दी, जिसके परिणामस्वरूप अशांति फैल गई। विरोध प्रदर्शनों के बाद कम से कम 81 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## भारत का स्वर्ण भंडार 2.2 बिलियन डॉलर बढ़ा कुल विदेशी मुद्रा भंडार 700.2 बिलियन डॉलर के करीब

समाज जागरण

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का स्वर्ण भंडार 2.238 बिलियन डॉलर बढ़कर 95.017 बिलियन डॉलर हो गया। हालांकि, कुल विदेशी मुद्रा भंडार इस सप्ताह घटकर 700.236 बिलियन डॉलर रहा। इससे पिछले सप्ताह यह 702.57 बिलियन डॉलर था। विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा फॉरेन करेंसी एसेट्स का होता है, जो इस सप्ताह घटकर 581.757 बिलियन डॉलर रह गया। इन एसेट्स में यूरो, पाउंड और येन जैसी प्रमुख मुद्राएं शामिल हैं और डॉलर में इनकी कीमत विनिमय दरों के उतार-चढ़ाव को दशार्ती है।

स्पेशल ड्राइंग राइट्स इस सप्ताह 18.789 बिलियन डॉलर दर्ज किए गए। इसी अवधि में भारत की अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ रिजर्व स्थिति 4.673 बिलियन डॉलर रही।



विशेषज्ञों का कहना है कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अपने रिकॉर्ड स्तर के करीब है, जिससे देश को बाहरी आर्थिक झटकों से सुरक्षा मिलती है और वैश्विक निवेशकों का भरोसा बढ़ता है।

विश्लेषकों ने यह भी बताया कि मजबूत रिजर्व स्थिति आरबीआई को रुपए की कीमत में स्थिरता बनाए रखने और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के समय मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करने में मदद करती है। आरबीआई समय-समय पर डॉलर की बिक्री और लिक्विडिटी संचालन के माध्यम से विदेशी मुद्रा बाजार को संतुलित करता है, हालांकि उसका उद्देश्य किसी खास विनिमय दर को लक्ष्य बनाना नहीं होता।

गौरतलब है कि पिछले सप्ताह भारत का स्वर्ण भंडार 360 मिलियन डॉलर बढ़कर 92.78 बिलियन डॉलर पर पहुंचा था। उस समय कुल फॉरेन करेंसी एसेट्स 586.15 बिलियन डॉलर रहे थे। साथ ही एसडीआर 18.88 बिलियन डॉलर और आईएमएफ रिजर्व स्थिति 4.76 बिलियन डॉलर पर थी।

## रुपाई साईडीग में जूवीन गर्ग को सामुहिक श्रद्धांजलि।

समाज जागरण गोरख नाथ गुप्ता। भारत बर्ष के प्रख्यात गायक दिवंगत जूवीन गर्ग कि विगत दिनों सिंगापुर में निधन हो गया था। उनके मृत्यु की खबर से असम बल्कि पूरे भारतवर्ष में शोक की लहर दौड़ गई ।उसी क्रम में जूवीन गर्ग के आदमकद प्रति छवी जोनाकि पथ पर स्थानीय युवाओं युवती द्वारा स्थापित कर रोजना अनुरागी द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किए जा रहे थे जो आज विधीवत समापन किया गया। जूवीन गर्ग का निधन असम बल्कि पूरे भारतवर्ष अपूर्णीय क्षति हुई इस महान गायक असम के संगीत में एक नया अध्याय जोड़ा था जो की उनके मृत्यु से असम के संगीत जगत में बहुत बड़ी छती है ।आज उनके अनुरागी तथा रुपाई साईडीग के निवासीयो विभिन्न जाती जनगोष्ठी द्वारा जोनाकि पथ में जूवीन गर्ग के प्रति छवी समक्ष सामुहिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया गया। सर्व प्रथम प्रति छवी समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सर्व धर्म प्रार्थना सभा



आयोजित की गई जिसमें नाम घर समितियों द्वारा नाम कीर्तन इस्लाम धमीर्यों के लोगों द्वारा कुरान पाठ तथा जूवीन गर्ग को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा कि शान्ति कि प्रार्थना की गई ।इस मौके पर प्रसाद तथा अल्पाहार वितरण किया गया ।इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम से सरकार से आवाहन किया गया कि जूवीन गर्ग के रहस्यमई मृत्यु की जांच कर दोषी को कठोरतम सजा कि मांग कि गई।

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान, गिल को वनडे की कमान, रोहित-कोहली की वापसी

समाज जागरण

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर सीमित ओवरों की सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। शुभमन गिल को वनडे टीम की कमान सौंपी गई है। रोहित शर्मा-विराट कोहली वनडे टीम में बतौर खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। सूर्यकुमार यादव टी20 टीम का जिम्मा संभालेंगे।

भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 19-25 अक्टूबर के बीच तीन वनडे मुकाबलों की सीरीज खेलनी है, जबकि 29 अक्टूबर से 8 अक्टूबर के बीच दोनों देश पांच टी20 मुकाबलों की सीरीज खेलेंगे।



इस दौरे के लिए वनडे फॉर्मेट में शुभमन गिल की कप्तानी में रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ी खेलते नजर आने वाले हैं, जबकि श्रेयस अय्यर को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। केएल राहुल के साथ ध्रुव जुरेल विकेटकीपिंग का जिम्मा संभालेंगे। कुलदीप यादव, नितीश रेड्डी भी इस टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं। बुमराह को वनडे सीरीज में शामिल नहीं किया गया है। दूसरी ओर, टी20 टीम की कमान सूर्यकुमार यादव के हाथों में है, जिनकी कप्तानी में भारत ने एशिया कप 2025 का खिताब अपने नाम किया है। शुभमन गिल टीम के उपकप्तान हैं। इस टीम में संजू सैमसन के साथ जितेश शर्मा को बतौर विकेटकीपर शामिल किया गया है। हर्षित राणा और रिंकू सिंह को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में जगह मिली है। इस टीम में जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी तेज गेंदबाज भी हैं। एशिया कप में अपनी स्पिन से जलवा बिखेरने वाले चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव एक बार फिर टी20 टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं।

भारत की वनडे टीमः शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल।

भारत की टी20 टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, वाशिंगटन सुंदर। (इनपुट-आईएएनएस)

## असम-नगालैंड सीमा पर हिंसा

### नगा उपद्रवियों ने जलाया असम का गांव – 100 से अधिक घर, वाहन और पशुधन खाक

### पूरे क्षेत्र की सुरक्षा अब सीआरपीएफ के हवाले

समाज जागरण ब्यूरो, असम।

असम-नगालैंड सीमा पर एक बार फिर हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। गुरुवार रात लगभग 11:15 बजे गोलाघाट जिले के सरुपथार के 'वी सेक्टर' क्षेत्र में स्थित एमवी पंचायत के रंगातल स्थित जलाल बस्ती पर सैकड़ों नगा उपद्रवियों ने धावा बोल दिया। हथियारों, हथगोले, दाव और लाठियों से लैस हमलावरों ने पहले हवाई फायरिंग और बम धमाके कर दहशत फैलाई और फिर एक-एक कर पूरे गांव को आग के हवाले कर दिया।

इस हमले में 100 से अधिक घर, वाहन और पशुधन जलकर राख हो गए। घटना के वक्त ग्रामीण गहरी नींद में थे, जिससे अफरा-तफरी मच गई। कई पुरुष, महिलाएं और बच्चे घायल हुए हैं।

### प्रशासन अलर्ट, सुरक्षा CRPF के हवाले

सूचना मिलते ही सरुपथार के विधायक विश्वजीत फूकन, गोलाघाट के जिला आयुक्त पुलक महंत, पुलिस अधीक्षक राजेन सिंह, सीआरपीएफ के डीआईजी और सीमा मजिस्ट्रेट समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। जिला प्रशासन ने राहत शिविर स्थापित कर प्रभावित परिवारों के लिए अस्थायी आवास और भोजन की व्यवस्था की है। गांव की सुरक्षा अब पूरी तरह सीआरपीएफ के हवाले है और बाहरी लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। पत्रकारों के लिए भी गांव में प्रवेश का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक तय किया गया है।

### पुराना विवाद, फिर भड़की आग

असम-नगालैंड सीमा पर यह कोई पहली हिंसक घटना नहीं है। अगस्त 2014 में भी इसी तरह के हमले में रतनपुर चैनपुर



सेतिया गांव में आगजनी की गई थी, जिसमें 39 घर जलाए गए और कई लोग मारे गए थे।

### नेताओं और संगठनों की प्रतिक्रिया

विधायक विश्वजीत फूकन ने घटनास्थल पर पहुंचकर उपद्रवियों की इस बर्बरता की कड़ी निंदा की और दोनों राज्य सरकारों से दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। वहीं नागालैंड प्रशासन ने कहा कि उन्हें इस हमले की जानकारी नहीं है और शांति बनाए रखने के लिए दोनों राज्यों की सरकारों को बातचीत से समाधान निकालना चाहिए।

अखिल असम छात्र संस्था धन श्री महुकमा समिति ने इस घटना को निंदनीय बताया और मुख्यमंत्री डॉ. हेमंत विश्व शर्मा को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में शांति बहाल करने के तत्काल कदम उठाने की मांग की।

**इस घटना की निंदा कई राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने भी की है।**

## अब जॉर्जिया में भड़की बगावत!

### प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन घेरा, सड़कों पर पुलिस से जंग

बांग्लादेश, नेपाल, मोरक्को के बाद अब जॉर्जिया में बगावत की आग भड़क उठी है. राष्ट्रपति भवन के बाहर प्रदर्शनकारियों ने कुर्सियों और मेजों को आग के हवाले कर दिया. हाथों में यूरोपीय यूनियन और यूक्रेन के झंडे लिए हजारों लोग 'यूरोप या मौत' के नारे लगा रहे थे. पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए आंसू गैस, वॉटर कैनन और पेपर स्प्रे का इस्तेमाल किया. ये हिंसा तब भड़की जब प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बैरियर तोड़कर राष्ट्रपति



भवन में घुसने की कोशिश की. पूरा शहर युद्ध का मैदान बन गया. विरोधी दलों का आरोप है कि सत्तारूढ़ 'जॉर्जियन ड्रीम पार्टी' रूस समर्थक एजेंडे पर काम कर रही है और देश को यूरोप से दूर ले जा रही है. (Photos : Reuters)

## आंधी-बारिश के तांडव में 100 घर बर्बाद, आटा-चावल हो गया गोबर

पटना/मधेपुराः मधेपुरा जिले में दिनभर लगातार हुई बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया. इस दौरान शाम को तेज हवा के साथ आंधी चलने के कारण जिले के पुरैनी प्रखंड के खेरहो गांव में जमकर तबाही मची. देर शाम होने के कारण क्षति का संपूर्ण आकलन तो नहीं हो पाया है, लेकिन स्थानीय स्तर से अलग-अलग सोर्स बता रहे हैं की क्षति बड़े पैमाने पर हुई है. कम से कम 100 घरों के छप्पर जरूर उड़ गए. कुछ लोगों का यह भी कहना है कि 300 से ज्यादा घर उजड़ गए.

इस दौरान एक महिला की भी मौत होने की जानकारी मिल रही है. जबकि दो दर्जन से अधिक लोग आंधी के दौरान घायल भी हुए हैं. घटना की जानकारी मिलने के बाद विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी इलाके में पहुंचकर लोगों को ढांढ़स दे रहे हैं. अधिकारियों से पीड़ितों की मदद करने को कहा गया है. इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन एक्टिव हो गया है. गांव में स्थानीय अधिकारी कैंप कर रहे हैं. राहत व बचाव का कार्य भी शुरू कर दिया गया है.

### उजड़े हुए घर बता रहे तबाही का मंजर

आंधी थामने के बाद जब लोगों ने उजड़े हुए घरों को देखना शुरू किया तो लगा जैसे इनका कलेजा फट गया हो. तबाही का मंजर ऐसा था की आंधी रुकने के बाद जब लोग जमा हुए तो घर के उजड़े हुए छप्पर, गिरे हुए दिवाल और टूटू पड़ी बांस की टाट देखकर लोग अपना-अपना माथा पकड़ कर बैठ जा रहे थे. कोई चिल्ला रहा था, तो कोई रो रहा था. कोई हाय तौबा मचा रहा था, तो कोई भींगते सामान को सूखे जगहों पर रखने की जद्दोजहद कर रहा था. आंधी के कारण बिजली भी गुल हो गई थी. इस कारण से अंधेरे में अफरा तफरी का माहौल बना हुआ था. आंधी थामने के बाद लोगों ने राहत की सांस तो ली, लेकिन उजड़े आशियाना को फिर से खड़ा करने की चिंता की लकीरें भी परेशान लोगों के माथे पर स्पष्ट दिख रही थी. अब लोगों की उम्मीदें जिला प्रशासन पर टिकी हुई है.

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के संभल में मस्जिद गिराए जाने के खिलाफ याचिका खारिज की

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शनिवार को संभल जिले में कथित तौर पर तालाब की जमीन पर बनी एक मस्जिद को गिराए जाने के खिलाफ दायर एक रिट याचिका खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति दिनेश पाठक ने मस्जिद समिति द्वारा दायर एक याचिका पर यह आदेश पारित किया।

याचिकाकर्ता ने कहा कि स्थानीय मुस्लिम समुदाय 2009 से जिले के गोसुलबारा रावण बुजुर्ग इलाके में स्थित मस्जिद में शांतिपूर्वक नमाज अदा कर रहा है और मस्जिद गिराए जाने का आदेश पारित करने से पहले उन्हें कोई उचित नोटिस या सुनवाई का अवसर नहीं दिया गया।

**सरकारी पक्ष ने कहा कि वर्तमान याचिका विचारणीय नहीं है।**

मामले की तत्काल सुनवाई की गई क्योंकि याचिका में इस बात पर जोर दिया गया था कि विध्वंस आदेश के अनुपालन में दशहरा अवकाश के दौरान सुनवाई अनिवार्य है।

याचिका में आरोप लगाया गया था कि 2 सितंबर को अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर विध्वंस आदेश पारित किया गया था।

इसमें दावा किया गया कि प्रस्तावित विध्वंस का मूल आधार होने के बावजूद, 2 अक्टूबर तक याचिकाकर्ता को यह आदेश नहीं दिया गया। 30 सितंबर को याचिकाकर्ता को प्रस्तावित विध्वंस कार्रवाई की सूचना देते हुए एक नोटिस जारी किया गया था। इस नोटिस में 2 सितंबर के आदेश का स्पष्ट उल्लेख है, जिसमें कहा गया है कि विध्वंस "दिनांक 02.09.2025 के आदेश के अनुसार" किया जा रहा है।

# भारत में कानून का नहीं बुलडोजर का ही राज है मी लार्ड

देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई भले ही ये कहते हैं कि भारतीय न्याय व्यवस्था बुलडोजर के शासन से नहीं, बल्कि कानून के शासन से संचालित होती है, लेकिन ये आधी हकीकत और आधा फसाने जैसा है, क्योंकि मुख्य न्यायाधीश की बार - बार चेतावनी के बावजूद भारत में बुलडोजर संहिता हाल ही में बनी भारतीय न्याय संहिता पर हावी है.

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पिछले 10 दिनों के अंदर दूसरी बार बुलडोजर कार्रवाई की निंदा कर चुके है। इस बार उन्होंने विदेश




जाकर यह बयान दिया है। मॉरीशस में ह्यसबसे बड़े लोकतंत्र में कानून का शासनह्ल विषय पर सर मौरिस रॉल्ट स्मृति व्याख्यान 2025 का उद्घाटन करते हुए उन्होंने 'बुलडोजर न्याय' की निंदा करने वाले अपने ही फैसले का उल्लेख किया।

कानून के शासन का सिद्धांत और भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा उसकी व्यापक व्याख्या पर प्रकाश डालते हुए न्यायमूर्ति गवई ने कहा, "इस फैसले ने एक स्पष्ट संदेश दिया है कि भारतीय न्याय व्यवस्था बुलडोजर के शासन से नहीं, बल्कि कानून के शासन से संचालित होती है।" जस्टिस गवई इन दिनों मॉरीशस की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं।

ह्यआपको याद दिला दूं कि बुलडोजर न्याय' मामले में दिए गए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने माना है कि कथित अपराधों को लेकर अभियुक्तों के घरों को गिराना कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार करता है, कानून के शासन का उल्लंघन करता है और संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आश्रय के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि यह भी माना गया कि कार्यपालिका अन्य भूमिका नहीं निभा सकती।

प्रधान न्यायाधीश ने 1973 के केशवानंद भारती मामला सहित उच्चतम न्यायालय के विभिन्न ऐतिहासिक फैसलों का उल्लेख किया। जस्टिस गवई ने कहा कि सामाजिक क्षेत्र में, ऐतिहासिक अन्याय के निवारण के लिए कानून बनाए गए हैं और हाशिए पर पड़े समुदायों ने अपने अधिकारों का दावा करने के लिए अक्सर इनका और कानून के शासन की भाषा का सहारा लिया है। उन्होंने कहा, ह्यह्यराजनीतिक क्षेत्र में, कानून का शासन सुशासन और सामाजिक प्रगति के मानक के रूप में कार्य करता है, जो कुशासन और अराजकता के बिल्कुल विपरीत है.

जस्टिस गवई भले ही मारीशस में बुलडोजर न्याय पर भाषण दे रहे हैं लेकिन यूपी के बरेली में पिछले सप्ताह जुमे की नमाज के बाद हुए बवाल के बाद अब बीडीए ऐक्शन मोड में आ गया है। बवाल के दौरान तौकीर को शरण देने के आरोप में चर्चा में आए फरहत खां के फाइक इंक्लेव स्थित मकान पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। बताया गया है कि मौलाना तौकीर ने इसी मकान में पनाह ली थी। बीडीए ने गुरुवार तक का समय देते हुए फरहत खां को मकान खाली करने का नोटिस दिया था। बीडीए सीलिंग की कार्रवाई करेगा। इसके साथ बुलडोजर भी चल सकता है।

उत्तर प्रदेश सरकार सुप्रीमकोर्ट की चेतावनियों के बावजूद बुलडोजर का इस्तेमाल बंद नहीं कर रही. संभल में एक मस्जिद पर बुलडोजर चल ही चुका है. कानून के राज में बुलडोजर का वजूद मुख्य न्यायाधीश जस्टिस गवई को झूठा साबित करने की साजिश भी हो सकती है, क्योंकि उनकी माँ ने आर एस एस के शताब्दी समारोह में जाने से इंकार कर दिया है.

उत्तर प्रदेश की ही तरह मध्य प्रदेश सरकार को भी सुप्रीमकोर्ट की परवाह नहीं है. मप्र की राजधानी भोपाल में मछली नाम के एक मुस्लिम अपराधी की संपत्ति बुलडोजर रोंद ही रहा है. मछली पर लव जिहाद चलाने का आरोप है. लेकिन मप्र में सरकार मगरमच्छों पर बुलडोजर का इस्तेमाल नहीं करती.

भारत में बुलडोजर न्याय भाजपा की डबल इंजिन की सरकारों में बहुत ज्यादा प्रचलित है. भाजपा की सरकारें त्वरित न्याय के लिए बुलडोजर का गैरकाननूनी इस्तेमाल एक समुदाय विशेष के खिलाफ धडल्ले से कर रहीं हैं और सुप्रीमकोर्ट मूक दर्शक बना है. भी तक भारत में बुलडोजर प्रेमी किसी सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई न होने से भाजपा सरकारों की हिम्मत और बढती जा रही है.

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस गवई के पास बुलडोजर संहिता के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए गिने चुने दिन बचे हैं. गले महिने 23 नवंबर 2025 को वे सेवानिवृत हो जाएंगे. अब देखना ये है कि जस्टिस बीआर गव ई कोई नजीर बनाते हैं या फिर अपने पूर्ववर्ती मुख्य न्यायाधीशों की तरह हार मानकर बैठ जाएंगे.

**@ राकेश अचल**

# बैठकी — एक ओर विकास दुसरी ओर विघटन

**समाज जागरण**




बैठकी जमते हीं मास्टर साहब बोल पड़े-- "सरजी,अपने देश के बारे में सोचता हूॅ तो मोदी राज में, देश के हर क्षेत्र में,विकास के उच्चे सोपानों को प्राप्त करता देख-सुनकर, एक ओर मन को सुकून मिलता है तो दूसरी ओर, विघटनकारी देश विरोधी, सनातन विरोधी षड़यंत्रों और गतिविधियों से मन दुखी हो जा रहा है।"

मास्टर साहब, देश में घटित हो रही घटनाओं पर ध्यान देने पर तो बिल्कुल साफ नजर आता है कि देश दो धड़ों में बंट चूका है। टीवी चैनलों पर सभी डिबेट्स में मुस्लिम प्रवक्ता, चाहे किसी राजनीतिक पार्टी से हों उनका एक हीं एजेंडा रहता है --"मोदी को हटाना है।"

दुसरी ओर विपक्षी सभी दलों के प्रवक्ता चाहे हिन्दू हीं क्यों न हों! आज विकास की दौड़ में कुलांचे भरता भारत उन्हें पचता हीं नहीं। सभी सनातन या हिंदुओं के विरोध में खड़े दिखते हैं। एक मात्र भाजपा के हीं प्रवक्ता हैं जो देश और सनातनियों के साथ खड़े दिखते हैं।--सुरेंद्र भाई मुंह बनाये।

मास्टर साहब,देख नहीं रहे हैं!! लोकसभा में विपक्ष का नेता, राहुल गांधी, आजकल दक्षिण अमेरिका के देशों के दौरे पर है। इसके भारतीय होने पर हीं मुझे शक है जो विश्वास में बदल चूका है।--डा. पिंटू बोल पड़े।

काहे डा. साहब! काहे शक करतानी!!--मुखियाजी पुछ बैठे।

ये जब-जब विदेश जाता है, मोदी विरोध में देश को शर्मशार करने से बाज नहीं आता। वर्तमान यात्रा के दौरान कोलंबिया की यूनिवर्सिटी में बोला कि भारत में केंद्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लोकतांत्रिक ढांचे पर हमला हो रहा है जो देश के लिए सबसे बड़ा खतरा है। नोटबंदी और जीएसटी को भी खराब नीति बताया। जबकि दोनों नीतियों के बदौलत हम कहां से कहां आ पहुंचे हैं। मोदी सरकार की नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को अबतक के सबसे मजबूत स्थिति में लाने के साथ साथ देश के 25 करोड़ से अधिक को गरीबी रेखा से निजात भी दिला दी है। दुसरी ओर यहीं कांग्रेस, "गरीबी हट-ाओ" का झूठा नारा देकर, दशकों तक जनता को मूर्ख बनाती आयी है और घोटालों की श्रंखला से देश को तबाह कर चूकी थी।--उमाकाका बोले।

काकाजी, ये तो राहुल की आदत है। मोदी सरकार और देश को बदनाम करने के लिए क्या क्या नहीं बोलता है! जैसे, आरएसएस,और बीजेपी कायर है, इसके विदेश मंत्री बोलते हैं कि हम चीन से नहीं लड़ सकते। भारत में फासिस्टवादी सरकार है जो विपक्षियों की आवाज दबाती है। भारत में मुसलमानों और दलितों पर अत्याचार होता है। पंजाबी प्रताड़ित किये जाते हैं। मिडिया स्वतंत्र नहीं हैं। विपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता। जबकि यहां सभी देख और सुन रहे हैं कि खुलेआम इनके रैली के स्टेज से मोदी की मां तक को लेकर गालियां दी जा रही है। इनके सांसद, खुलेआम मोदी को बोटी-बोटी काटने की बात करता है। अब कैसी आजादी चाहिए ये भाई!! असल में ये मुगलवंशी सत्ता से बेदखली बर्दाश्त नहीं कर पा रहा है तो बार-बार विदेश में अपने आकाओं से नये-नये गुर सीखने जाता है कि कैसे देश में, मोदी विरोध में अराजकता फैलायी जाय, जनता सत्ता की चाभी नहीं थम्हां रही तो देश के कैसे टुकड़े टुकड़े किये जाय! मैं सत्ता में नहीं तो देश जाये भाड़ में।

बहुत पहले चाणक्यजी ने ठीक कहा था -" विदेशी महिला से पैदा हुई संतान,कभी भी देशभक्त नहीं हो सकती।--कुंवरजी अखबार पलटते हुए।

इसबीच बेटी चाय का ट्रे रख गई और हमसभी एक एक कप उठाकर पुनः वार्ता में.......

लिजिये, वोट चोरी का सुगफा छोड़ने का पाठ भी इसके विदेशी मित्रों ने हीं तो सीखाया होगा!!--उमाकाका हाथ चमकाये।

काकाजी, आजादी के बाद से देश की राजनीतिक स्थिति का अवलोकन किजीयेगा तो कांग्रेस कुल सात बार लोकसभा का चुनाव बहुमत से जीती है। 1984 के बाद से कांग्रेस आजतक कभी बहुमत नहीं ला पायी। पांच दशकों तक कांग्रेस बगैर वोटर आईडी कार्ड के चुनावों को जीतकर सरकार बनाती रही। तब के अखबारों में फर्जी वोटिंग,बुथ कैप्चरिंग,मरे हुए वोटरों के नाम पर वोटिंग की खबरें धड़ल्ले से सुनी और पढ़ीं जातीं थीं। उस समय स-रकारी सिस्टम भी सत्ता के दबाव में रहता था। कांग्रेसी धांधली का आलम ये था कि 1952 के आम चुनाव में रामपुर से "मौलाना आजाद" चुनाव हार गये तो नेहरू ने तत्कालीन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पं. गोविन्द बल्लभ पन्त को आदेश दिया कि अगर "मौलाना आजाद" हार गये तो तुम मुख्यमंत्री नहीं रहोगे। तो मौलाना की हार घोषित होने के बावजूद जबरन प्रशासनिक दबाव देकर "मौलाना आजाद" को विजयी घोषित कर दिया गया। ये बात तत्कालीन सचिव लेबल के अधिकारी ने अपनी पुस्तक में लिखा है।--मैं रुका।

मतलब,क्या पांच दशकों तक कांग्रेस इसी तरह सत्ता हथियाती रही!! तभी तो चुनावी धांधली को देखते हुए 1993 में चुनाव आयोग ने वोटर आई कार्ड और ईपिक नंबर जारी किया था। लेकिन सरजी,हैरानी की बात अब समझ में आयी है कि जब से चुनावी प्रक्रिया, वोटर आई कार्ड और इपिक नंबर पर से शुरू हुआ कांग्रेस बहुमत नहीं ला पायी।--डा.पिंटूगंभीर मुद्रा में।

डा.साहब, मैं खुद उस समय चुनाव में प्रोजाइडिंग ऑफिसर के रूप में कार्य किया हूॅ। स्थानीय दबंग कांग्रेसी गुण्डे और राजद के बाहुबली,बुथ पर कब्जा कर लेते थे लेकिन हम पोलिंग ऑफिसर डर के मारे कुछ नहीं कर पाते थे।--मास्टर साहब ने अपनी कही।

ठीक बोलनीं हां, मास्टर साहब,1989 के आम चुनाव में जब हम बुथ प वोट मारे गइनी त पता चलल जे,हमार वोट डला गइल बा। हम बे वोटे डलले,घरे चल अइनी।--मुखियाजी अपनी कहे।

मुखियाजी, देश देख रहा है कि जबसे वोटर आई कार्ड, इपिक नंबर, और इवीएम से चुनावी पारदर्शिता बनी है तब से कांग्रेस की ताकत क्षीण होती गई है। आज उसी बौखलाहट का नतीजा है कि कांग्रेस अर्थात गांधी परिवार कभी इवीएम पर,तो कभी वोट चोरी का नारा बुलंद करता है तो अब चुनाव आयोग पर सवाल उठाती रहती है। लेकिन असलियत यही है कि आधुनिक चुनाव प्रणाली से कांग्रेस और विपक्षियों की वोट चोरी बंद हो गई है तो ठीकरा संवैधानिक संस्थाओं पर फोड़ा जा रहा है।--मैने तथ्य रखा।

सरजी मुझे जानकारी मिली है कि महाराष्ट्र में 50 हजार से अधिक फर्जी जन्म प्रमाणपत्र और 47 हजार के करीब आधार कार्ड पकड़े गये हैं। जिसमें 97 प्रतिशत बंग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों के नाम पर बने हैं। यही स्थिति आज पुरे देश की है जो देश और सनातनियों की सुरक्षा के लिए बहुत बड़ा खतरा बन चूका है। जिसको लेकर प्रधानमंत्री मोदीजी ने भी चिंता व्यक्त की है।--सुरेंद्र भाई मुंह बनाये।

अजी, तभी तो बिहार में हुए "वोटर पुनर्निरीक्षण कार्यक्रम" का कांग्रेस और विपक्षियों द्वारा विरोध किया गया। विरोध करने के पीछे का उद्देश्य, इन्हीं घुसपैठिये वोटरों को बचाना है जो इनके कोर वोटर बन चूकें हैं।--कुंवरजी अखबार रखते हुए।

कुंवर जी,आज जो देश में लड़ाई दिख रही है वो,मोदी की अकेली लड़ाई नहीं है। ये हमारी पीढ़ियों और देश की सुरक्षा की लड़ाई है। ये लोग हमारी पुरी हस्ती मिटाने को तैयार बैठे हैं। डीप स्टेट, पहले हीं मोदी को हटाने की योजना शुरू कर चूका है। इसमें संप्रदायिक दंगे, आरक्षण,अराजकता, हिंदू वोटरों में विभाजन, फैलाकर तख्तापलट की योजना है। सच पुछिये तो सबके पिछे कांग्रेस का लक्ष्य "गजवा ए हिन्द" करना है।--डा.पिंटू लम्बी सांस लिये।

डा. साहब,विपक्षी समझते हैं कि भारत में भी पड़ोसी देशों की तरह बवाल मचाकर, मोदी को सत्ताच्युत किया जा सकता है लेकिन वो भ्रम में हैं। जनता सब जानती है। हां इतना तो स्पष्ट दिख रहा है कि कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों के पास राजनीतिक आधार, तुष्टीकरण और जातिवाद के सिवा दूसरा नहीं रह गया है। एक ओर विकास है तो दूसरी ओर विघटन।अब जनता को अपना भला, बुरा सोचना है। अच्छा अब चला जाय।--कहकर उमाकाका उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!


प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)

# तेल से दवाइयों तक, भारत के साथ खड़ा रूस

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ ने वैश्विक व्यापार और कूटनीति में नई हलचल मचा दी है, लेकिन भारत और रूस के रिश्तों के संदर्भ में इसने एक अलग ही तस्वीर पेश की है। भारत पर ट्रंप प्रशासन ने 50 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाया, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा था कि भारत को झुकना पड़ेगा और वह रूस से तेल आयात कम कर देगा। अमेरिकी सोच यह थी कि इस दबाव से रूस कमजोर पड़ेगा और यूक्रेन युद्ध जैसी परिस्थितियों में उसे झटका लगेगा। लेकिन यह रणनीति उल्टी पड़ गई है। भारत और रूस की दोस्ती ने अमेरिकी उम्मीदों को गलत साबित करते हुए और अधिक मजबूती हासिल की है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साफ संकेत दिए हैं कि उनकी सरकार भारत को टैरिफ से होने वाले नुकसान की भरपाई करेगी। सोची स्थित ब्लैक सी रिसॉर्ट में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वल्दाई चर्चा मंच में दुनिया के करीब 140 देशों के सुरक्षा और भू-राजनीतिक विशेषज्ञों की मौजूदगी में पुतिन ने भारत-रूस संबंधों की गहराई पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कभी कोई गंभीर विवाद नहीं रहा और हमेशा आपसी संवेदनशीलताओं का सम्मान किया गया है। पुतिन ने विशेष रूप से इस तथ्य की सराहना की कि भारत ने अमेरिकी दबाव के बावजूद रूस से तेल आयात जारी रखा है। उनके मुताबिक, यह भारत की संप्रभुता और आत्मनिर्भर नीति का परिचायक है।

पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी खुलकर प्रशंसा की। उन्होंने मोदी को अपना मित्र बताते हुए उन्हें एक संतुलित, बुद्धिमान और राष्ट्रहितैषी नेता बताया। पुतिन ने कहा कि वे मोदी के साथ रिश्तों में सहज महसूस करते हैं और भरोसा करते हैं कि भारत कभी किसी बाहरी दबाव के आगे झुकेगा नहीं। भारत के लोगों के आत्मसम्मान की ओर इशारा करते हुए पुतिन ने कहा कि भारतीय अपने अपमान को कभी स्वीकार नहीं करते और यह भावना उनके राजनीतिक निर्णयों में भी झलकती है।

अमेरिकी टैरिफ के संदर्भ में पुतिन का कहना था कि इससे भारत को जो नुकसान होगा, उसकी भरपाई रूस करेगा। उन्होंने कहा कि रूस भारत से अधिक कृषि उत्पाद और दवाइयां खरीदने को तैयार है। यह कदम दोनों देशों के बीच व्यापार असंतुलन को दूर करने की दिशा में भी मदद करेगा। वर्तमान में भारत रूस से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल आयात करता है, जिससे व्यापार का संतुलन रूस के पक्ष में चला जाता है। इस असंतुलन को ठीक करने के लिए रूस अब भारत से फार्मास्यू-टकल और एग्रीकल्चरल उत्पादों की खरीद बढ़ाएगा।

पुतिन ने यह भी स्पष्ट किया कि उनका यह निर्णय किसी राजनीतिक पहलू से प्रेरित नहीं है, बल्कि पूरी तरह आर्थिक कैलकुलेशन पर आधारित है। अगर भारत अमेरिकी दबाव में आकर रूसी संसाधनों से दूरी बनाता है, तो उसका आर्थिक नुकसान और बढ़ेगा। अलग-अलग आकलनों के मुताबिक, भारत को 9 से 10 बिलियन डॉलर तक का नुकसान हो सकता है। पुतिन ने कहा कि इस स्थिति में भारत न केवल आर्थिक रूप से बल्कि घरेलू राजनीति में भी दबाव का सामना करेगा, क्योंकि भारतीय जनमानस अपनी संप्रभुता और सम्मान से कभी समझौता नहीं करता।




अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में भारत की पेटेंट दवाओं पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जबकि जेनेरिक दवाओं को इससे बाहर रखा गया। इस निर्णय से भारत को दवा निर्यात के क्षेत्र में झटका लग सकता है। ऐसे में रूस द्वारा भारतीय दवाओं की बड़ी मात्रा में खरीद एक संतुलनकारी कदम होगा। पुतिन ने कहा कि रूस इस दिशा में ठोस उपाय करने के लिए तैयार है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच सहयोग की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन वित्तपोषण, रसद और भुगतान जैसी तकनीकी बाधाओं को दूर करना जरूरी है।

पुतिन का भाषण यह भी याद दिलाता है कि भारत और रूस के रिश्ते कोई हालिया गठजोड़ नहीं हैं, बल्कि दशकों पुराने ऐतिहासिक संबंधों की नींव पर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि सोवियत संघ के दौर से ही भारत और रूस के बीच गहरा सहयोग रहा है और आज भी भारतीय समाज इस दोस्ती की कद्र करता है। यही कारण है कि दोनों देशों के बीच कभी किसी वजह से गंभीर तनाव पैदा नहीं हुआ।

इस पूरे घटनाक्रम से यह साफ हो गया है कि अमेरिकी टैरिफ भारत-रूस संबंधों को कमजोर करने के बजाय और मजबूत कर रहे हैं। ट्रंप ने सोचा था कि भारत रूस से दूरी बनाएगा, लेकिन उल्टा भारत ने अपने आत्मसम्मान और हितों को प्राथमिकता देते हुए रूस के साथ व्यापार और रणनीतिक रिश्तों को और प्रगाढ़ कर लिया है। पुतिन ने यह वादा किया है कि रूस भारत को टैरिफ की वजह से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए ठोस कदम उठाएगा। यह न केवल आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि कूटनीतिक रूप से भी भारत की स्थिति को और मजबूत करता है।

भारत और रूस के बीच यह बढ़ती साझेदारी इस संदेश को पुष्ट करती है कि वैश्विक दबावों के बावजूद अगर देश अपने राष्ट्रीय हितों और आत्मसम्मान को सर्वोपरि रखें तो वे न केवल टिके रहते हैं बल्कि और मजबूत होकर उभरते हैं। ट्रंप टैरिफ का असर अब उस रूप में नहीं दिख रहा है जैसा अमेरिका चाहता था। इसके उलट, भारत-रूस की दोस्ती ने इसे अवसर में बदल दिया है। यह स्थिति भारत के लिए दोहरा लाभ लेकर आ रही है–एक ओर उसे अपने आत्मसम्मान की रक्षा करने का अवसर मिल रहा है और दूसरी ओर आर्थिक नुकसान की भरपाई भी उसके पुराने दोस्त रूस से हो रही है।

**– महेन्द्र तिवारी, नई दिल्ली**

# "सनातन" की समझ

**लेखक:- जर्नलिस्ट वेद प्रकाश**

'सनातन' शब्द का अर्थ है ' शाश्वत, पुरातन व सदा एक सा रहने वाला'। इसीलिये ईश्वर को भी 'सनातन' कहते हैं। जबकि धर्म का अर्थ है किसी पदार्थ का सहज स्वभाव या कर्तव्य। इसी आधार पर सनातन धर्म का अर्थ वह है जो कभी बदलें नहीं, सदा एक सा रहे। यह भारतीय उपमहाद्वीप अर्थात हिंदुस्तान में उतपन्न हुआ है जिसे हिन्दू धर्म के भी नाम से जाना जाता है। इसका कार्य ब्रह्मांड के निमार्ता द्वारा स्थापित मूल्यों, कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का अनुसरण करना है और यह जीवन जीने की एक दार्शनिक प्रणाली है। यह दुनिया की सबसे प्राचीनतम धर्मो में से एक माना जाता है। जिसकी जड़ें भारत की वैदिक परम्पराओं में है। ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद तथा अथर्ववेद इसके प्रमुख ग्रन्थ है। जो धर्म के आध्यात्मिक व दार्शनिक अवधारणाओं को आधार प्रदान करता है। इसमें सत्य, अहिंसा, दया, क्षमा और दान जैसे मूल्यों को महत्व दिया जाता है। सनातन धर्म के अनुसार कुछ सार्वभौमिक नियम तथा कर्तव्य है जिसका पालन करना सभी के लिए आवश्यक है चाहे वह मनुष्य हो या चाहे जीवित या मृत वस्तु। संक्षेप में कहा जा सकता है कि सनातन धर्म एक ऐसा जीवन जीने का तरीका है जो समय से परे एक सत्य, जो ब्रह्मांड के अस्तित्व का आधार है, जिसका अनुसरण करता है। अथर्ववेद में 'सनातन' शब्द का वर्णन "सनातनमेनमाहुरताद्य स्यात् पुनर्गवः। अहो रात्रे प्रजायते अन्यो अन्यस्य रूपयोः ॥" रूप में किया गया है। जिसका अर्थ है "सनातन उसको कहते हैं जो कभी पुराना न हो सदा नया रहे। जैसे रात दिन का चक्र सदा नया रहता है।" इसके कुछ उदाहरण लीजिये जो नियम सदा एक से रहें वे सनातन हैं। जैसे दो और दो चार होते हैं, यह सनातन धर्म है। क्योंकि किसी युग में या किसी देश में यह बदल नहीं सकता। एक त्रिभुज की दो भुजायें मिलकर तीसरी भुजा से बड़ी होती है या एक त्रिभुज के तीनों कोण मिलकर दो समकोणों के बराबर होते हैं, यह सब सनातन धर्म है। धर्म या नियम दो प्रकार के




होते हैं एक सनातन और दूसरे सामयिक। सनातन बदलता नहीं है लेकिन सामयिक बदलता है। जैसे जाड़े मे गर्म कपड़ा पहनना चाहिये या ज्वर आने पर दवा खानी चाहिये। भोजन करना सनातन धर्म है क्योंकि किसी युग में भी बिना भोजन के शरीर की रक्षा नहीं हो सकती। लेकिन दवा खाना सनातन धर्म नहीं। यह तो कभी बीमार होने पर ही काम में आता है। धर्म के दो रूप होते हैं। एक तो मूल तत्व जो सदा एक से रहते है और दूसरी रस्मो रिवाज जो देश और काल के विचार से बदलते रहते हैं। जैसे किस समय कैसे कपड़े पहनना। यह रिवाज के अनुकूल होता है। यह धर्म का मुख्य अंग नहीं है। बहुत से लोग मौलिक या असली धर्म और रिवाज या सामयिक धर्म को मिला कर गड़बड़ कर देते हैं। इसलिए बहुत सा भ्रम उत्पन्न हो जाता है। आजकल भारतवर्ष में जिसको सनातन धर्म' कहते हैं उसमें बहुत से रस्मो रिवाज पीछे से मिल गये हैं। जैसे शुद्ध पानी दूर तक बहते बहते गदला हो जाता है इसी प्रकार सनातन धर्म का हाल है। इसमें कुछ तो भाग सनातन है और कुछ पीछे की मिलावट है। इसलिए सभी को सनातन धर्म कहना भूल है । स्वामी दयानन्द ने जिस धर्म का प्रचार किया है वह शुद्ध सनातन वैदिक धर्म है। इस प्रकार आर्य समाज भी सनातन धर्म को मानता है। उसमें और सनातन कहलाने वालों में कुछ भेद नहीं है। सब सनातन धर्मी वेदों को मानते हैं। आर्य समाज के लोग भी वेदों को मानते हैं। महाभारत, रामायण, मनुस्मृति, गीता आदि शास्त्रों में वेदों की महिमा पाई जाती है। यह पुस्तकें आर्य समाज के भी आदर का पात्र हैं। इसलिये आर्य समाज और सनातन धर्म के मूल तत्वों में कोई भेद भाव नहीं होना चाहिये। और बुद्धिमान लोग ऐसा ही मानते हैं। कुछ निर्बुद्धि लोग रस्म रिवाज के भेद को बढ़ाकर परम्पर द्वेष फैलाना चाहते हैं जो ठीक नहीं है। धर्म में बहुत सी बातें पीछे से मिला दी गई हैं, उनको छोड़ देना चाहिये। जैसे गंगाजल गंगोत्तरी पर शुद्ध और पवित्र होता है परन्तु हुगली नदी तक पहुँचते पहुँचते गदला हो जाता है। उसको छान कर मिट्टी निकाल देनी चाहिये इसी प्रकार पुराने वैदिक धर्म में जो कमियां पीछे से मिला दी गई है उसको भी आज शुद्ध करने की जरूरत है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

### मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत इंडियन चिल्ड्रन एकेडमी पंचशील कॉलोनी में "पर्सनल सेफ्टी" पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

## महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं व कार्यक्रमों की दी गई विस्तृत जानकारी

गौतमबुद्धनगर, 04 अक्टूबर 2025: जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर के निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर के नेतृत्व में महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के तहत इंडियन चिल्ड्रेन एकेडमी, पंचशील कॉलोनी में "पर्सनल सेफ्टी" विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में थाना बिसरख की मिशन शक्ति प्रभारी तरुणा सिंह ने बच्चियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए तथा विपरीत परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने के उपाय बताए। साथ ही, महिला कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, चाइल्ड हेल्पलाइन 181, एवं वन स्टॉप सेंटर जैसी योजनाओं व सेवाओं की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर थाना बिसरख से एसआई अजमुद्दीन, कांस्टेबल सुनील व अंजू, वन स्टॉप सेंटर प्रबंधक रिंकी रानी, स्कूल प्रबंधक, प्रधानाचार्य तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।
महिला कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं ताकि बच्चों, विशेषकर बालिकाओं में आत्मविश्वास, सुरक्षा जागरूकता और आत्मनिर्भरता की भावना को सशक्त किया जा सके। सौजन्य से सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर।

# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

## संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 198 हुई दर्ज, 13 शिकायतों का अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही किया गया निस्तारण

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 04 अक्टूबर 2025: जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों दादरी, सदर एवं जेवर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 198 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 13 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही अधिकारियों द्वारा कर दिया गया। समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों ने स्वयं जनता की समस्याएं सुनीं, उनसे संवाद स्थापित किया और त्वरित समाधान हेतु आवश्यक निर्देश मौके पर ही जारी किए।

दादरी तहसील में मेरठ मंडल के मंडलायुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए आम नागरिकों की शिकायतें सुनीं। इस अवसर पर कुल 132 शिकायतें विभिन्न विभागों



से संबंधित प्राप्त हुईं, जिनमें से 09 शिकायतों का निस्तारण तत्काल कर दिया गया।
मंडलायुक्त मेरठ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी दादरी अनुज नेहरा, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सदर तहसील में जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम ने समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की शिकायतों का अनुश्रवण किया। सदर तहसील में कुल 12 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए तथा आवेदकों को हर स्तर पर संतुष्ट किया जाए।

जिलाधिकारी द्वारा समाधान दिवस की अध्यक्षता से पूर्व मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत तहसील सदर स्थित कमरा नंबर 11 में महिलाओं की समस्याओं के समाधान हेतु स्थापित ह्यहेल्प एंड असिस्टेंस बूथह्न का रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस बूथ के माध्यम से महिलाएं आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, विरासत, दाखिल-खारिज से संबंधित कार्यों के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही मंच से प्राप्त कर सकेंगी।

महिलाओं की सुविधा के लिए सप्ताहवार रोस्टर भी तैयार किया गया है, प्रत्येक सोमवार एवं मंगलवार को लेखपाल ममता कुमारी एवं सुरभि, बुधवार एवं गुरुवार को नीरज लता एवं नेहा, तथा शुक्रवार एवं शनिवार को बबीता शुक्ला एवं अनुसूया की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, उप जिलाधिकारी सदर आशुतोष गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन मंगलेश दुबे ने तहसील जेवर में समाधान दिवस की अध्यक्षता की। जेवर तहसील में कुल 54 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही अधिकारियों द्वारा कराया गया।
सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# श्रीराम कथा के दूसरे दिन नारद मोह एवं शिव पार्वती जी के विवाह का मार्मिक वर्णन हुआ

## श्रीराम कथा हमें जीवन जीना सिखाती है - स्वामी पंचमानंद जी महाराज

समाज जागरण

नोएडा सेक्टर 82 के पॉकेट 12 में आयोजित श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने शिव पार्वती विवाह का रोचक वर्णन किया। हिमालय राज की कन्या पार्वती बड़ी होने लगती हैं। पार्वती ने मन में प्रण लिया की वह शिव को पति के रूप में प्राप्त करेंगी। देवता भी शिव जी को मनाते हैं कि वह पार्वती से विवाह कर लें लेकिन शिव जी इसके लिए तैयार नहीं हुए। माता पार्वती शिव जी को प्राप्त करने के लिए कठिन तपस्या करती हैं। भगवान शिव प्रसन्न हो विवाह के लिए तैयार हो जाते हैं। देवताओं , भूत ,पिशाचों को लेकर तन में भस्म लगाए शिव बारात लेकर हिमालयराज के यहां पहुंचते हैं।माता मैना दूल्हे का भेष देखकर डर जाती हैं और पार्वती का विवाह करने से मना कर देती हैं ।सभी ने समझाया कि शिव जी कोई साधरण नहीं हैं वह तो देवों के देव हैं। मां पार्वती और भगवान शिव का विवाह होता है और देवता पुष्पों की वर्षा करते हैं । उन्होंने बताया कि



शिव जी पर विल्वपत्र अर्पित करने से भगवान शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं।
श्रीराम कथा नित्य 4 बजे से 8 बजे तक हो रही है। कथा में कल नारद मोह की कथा एवं भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा।
इस अवसर पर धर्मेंद्र कुमार मिश्रा प्रणव साहू, विनय त्रिवेदी, चंद्र कान्त शर्मा, अरविंद परिहार, सुशील शर्मा, दिलीप कुमार दूबे,कृष्णा दूबे, मनीष मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, विश्व नाथ चौरसिया,शिव कुमार पाठक, बृज तिवारी,
महेंद्र शर्मा, अंकित शर्मा, जेपी मिश्रा, रवि राघव , गोरे लाल, संजय पांडे, दिनेश पाठक ,हरि सिंह, रमेश दास, अंगद सिंह तोमर, सर्वेश तिवारी, विकास शर्मा, राजवीर सिंह , प्रमोद दीक्षित, अशोक गोला, प्रवेश सिंह, चंदन पांडेय, विकास कुमार तिवारी, अनिल कुमार चौधरी, सी एल तिवारी, मुकेश शुक्ला, राजेश कुमार गुप्ता, रंजन गिरि, अंकित उपाध्याय, कृपाल यादव ,सतवीर यादव, अंकित शर्मा, विजय सचान, सुधीर श्रीवास्तव, मनोज कुमार, मनोज तिवारी, कुलदीप, महाले, धर्मेंद्र शर्मा, सुमित ओझा, अजय राज तिवारी, सहित तमाम सेक्टरवासी भक्त मौजूद रहे।

# "पैरा-स्पोर्ट्स का नया अध्याय – अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र और PEFI ने ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए"

समाज जागरण

भारत में पेरा खेलों की उत्कृष्टता और समावेशी खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की गई है। भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र (ABVT-CDS), ग्वालियर और फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (PEFI) के बीच नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण एमओयू (MoU) पर हस्ताक्षर हुए। इस ऐतिहासिक अवसर की गरिमा को और बढ़ाया विभाग के सचिव श्री राजेश अग्रवाल (IAS) की उपस्थिति ने। यह समझौता न केवल संस्थागत सहयोग का प्रतीक है,




बल्कि भारत में समावेशी खेलों और पेरा-स्पोर्ट्स को वैश्विक स्तर तक ले जाने की दिशा में एक निर्णायक कदम भी है।

इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य ABVT-CDS को देश में पेरा-स्पोर्ट्स का एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित करना है। इसके अंतर्गत कोचिंग विशेषज्ञता का विकास, शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को प्रोत्साहन, खेल अधोसंरचना का विस्तार और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों का सफल संचालन शामिल है। इस पहल के माध्यम से पेरा एथलीटों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, नवीनतम खेल विज्ञान पर आधारित रिसर्च और विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। यह सहयोग भारत के दिव्यांग खिलाड़ियों को न केवल बेहतर मंच देगा, बल्कि उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए भी तैयार करेगा।
एमओयू हस्ताक्षर समारोह के दौरान ABVT-CDS की ओर से निदेशक श्री विनीत सिंगल और उप निदेशक सुश्री पल्लवी राय उपस्थित रहे। वहीं PEFI की ओर से संस्थापक एवं राष्ट्रीय सचिव डॉ. पीयूष जैन और चेयरमैन डॉ. ए.के. उप्पल ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर दोनों संस्थानों ने इस बात पर बल दिया कि यदि दिव्यांग खिलाड़ियों को उचित संसाधन, सही मार्गदर्शन और अंतरराष्ट्रीय स्तर का मंच उपलब्ध कराया जाए, तो वे विश्व स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाने में सक्षम हैं। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र के इस ऐतिहासिक सहयोग से देश में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए एक सशक्त और समावेशी खेल इकोसिस्टम तैयार होगा। यह पहल केवल एक समझौते तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक दृष्टिकोण की शुरूआत है, जिसका उद्देश्य पेरा-स्पोर्ट्स को भारत की खेल संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाना है। आने वाले वर्षों में यह साझेदारी दिव्यांग एथलीटों को बेहतर प्रशिक्षण, अनुसंधान और प्रतियोगी अवसर प्रदान करेगी और भारत को आधुनिक, समावेशी और वैश्विक स्तर की पैरा खेल संस्कृति के निर्माण की दिशा में अग्रणी बनाएगी।

# करवा चौथ पर "नखरा वखरा लेडिस क्लब" ने आयोजित किया सांस्कृतिक कार्यक्रम, महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर-74 स्थित द औरा बैंक्वेट में श्री हनुमान सेवा मित्र मंडल की महिला प्रकोष्ठ द्वारा संचालित नखरा वखरा लेडिस क्लब ने करवा चौथ के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सनातन संस्कृति को बढ़ावा देना रहा।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध आरजे राहुल मकिन उपस्थित रहे। उन्होंने महिला प्रतिभागियों के साथ मनोरंजक गेम्स खेले और विजेता प्रतिभागियों को अवार्ड देकर सम्मानित किया।



**प्रतियोगिताओं ने बढ़ाया आकर्षण**

क्लब की अध्यक्ष शिवानी गुप्ता ने बताया कि यह क्लब का पहला कार्यक्रम है, जिसमें महिलाओं के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें –

**करवा चौथ सौंदर्य प्रतियोगिता**
**डांस और सिंगिंग प्रतियोगिता**
**रैंप वॉक प्रतियोगिता विशेष आकर्षण रहीं।**

**महिला शक्ति की भागीदारी**

इस आयोजन में क्लब की करीब 200 से अधिक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन क्लब की अध्यक्ष शिवानी गुप्ता ने ही किया।
शिवानी गुप्ता ने बताया कि क्लब भविष्य में भी वर्ष भर इस तरह के सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

**आयोजन में विशेष सहयोग**

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्वेता श्रीवास्तव, शिल्पी अरोड़ा, शैली अग्रवाल और नेहा सिंह का विशेष योगदान रहा।

# शहीद कैप्टन शशिकांत शर्मा की स्मृति में 25वां "कैप्टन शशिकांत शर्मा मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट" आज से नोएडा स्टेडियम में शुरू

समाज जागरण

नोएडा। देश की सरहद पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीद कैप्टन शशिकांत शर्मा की स्मृति में आयोजित होने वाला प्रतिष्ठित "कैप्टन शशिकांत शर्मा मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट (ओपन)" आज 05 अक्टूबर से नोएडा स्टेडियम, सेक्टर-21ए में आरंभ हो रहा है। इस टूनार्मेंट की शुरूआत 1999 में हुई थी और यह लगातार पिछले 24 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष टूनार्मेंट अपना रजत जयंती वर्ष मना रहा है।



कैप्टन शशि कांत शर्मा का माँ सुदेश शर्मा को आखरी संदेश

**उद्घाटन समारोह**

टूनार्मेंट का भव्य उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के तत्वावधान में, मानव सेवा समिति, एनपीडीए, एनईए और बीएस फाउंडेशन के सहयोग से होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिले के लोकप्रिय सांसद डॉ. महेश शर्मा और विधायक पंकज सिंह करेंगे।
मुख्य अतिथि के रूप में नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. एम. लोकेश शामिल होंगे।
शहीद कैप्टन शशिकांत शर्मा के परिवारजन झ पिता फ्ला. लेफ्टिनेंट जे.पी. शर्मा, माता सुदेश शर्मा, भाई डॉ. नरेश शर्मा एवं उनकी पत्नी संगीता शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

**विशेष आकर्षण और सम्मान**

समारोह में स्कूली बच्चों की नृत्य प्रतियोगिता, राजकुमार शर्मा का जादू शो और राजस्थानी लोकनृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

समाजसेवा और नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रहीं कई महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिनमें शिखा चतुर्वेदी, नीना सागर, डॉ. अलंकृता मानवी, मीनाक्षी त्यागी, बिमलेश शर्मा, ऋतु सिन्हा, संजना कनोत्रा, रेखा शर्मा और नम्रता नारायण प्रमुख हैं।

उत्तर प्रदेश रणजी खिलाड़ी दिग्विजय रावत को टूनार्मेंट में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा।

**टूनार्मेंट संरचना**
**प्रतियोगिता 20-20 ओवर फॉर्मेट में होगी, जो 10 दिन चलेगी।**

इसमें 8 टीमें भाग ले रही हैं: एस्टर स्कूल, पायनियर क्रिकेट क्लब, एसएस नालंदा, नोएडा वारियर, जीएनसीसी, एनआरएफ इलेवन, खुर्राट इलेवन और मोल्यूकूल इंडिया।

विजेता टीम को ₹1 लाख, उपविजेता को 50,000, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को 21,000, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व गेंदबाज को ड्ड11,000-11,000 और सर्वाधिक छक्के लगाने वाले खिलाड़ी को ड्ड5,100 नकद मिलेगा। साथ ही सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को ट्राफी, कलर किट और अन्य पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

**अंपायरिंग एवं स्कोरिंग डीडीसीए पैनल के अंपायर करेंगे।**

**शहीद कैप्टन शशिकांत शर्मा का बलिदान**

05 अक्टूबर 1998 को सियाचिन ग्लेशियर पर मात्र 23 वर्ष की आयु में पाकिस्तान के सैनिकों से लोहा लेते हुए कैप्टन शशिकांत शर्मा शहीद हो गए थे। तब से ही यह टूनार्मेंट उनके बलिदान की स्मृति और युवाओं को प्रेरणा देने हेतु आयोजित किया जा रहा है।

**गौरवशाली परंपरा**

इस टूनार्मेंट में अब तक कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी जैसे मदनलाल, चेतन चौहान, अजय जडेजा, चेतन शर्मा, गुरशरण सिंह, विजय दहिया, सबा करीम, परविंदर अवाना आदि शामिल होकर शहीद को श्रद्धांजलि दे चुके हैं।
मानव सेवा समिति और आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने नगरवासियों से उद्घाटन समारोह व मैचों में बड़ी संख्या में शामिल होकर शहीद को नमन करने और युवाओं का उत्साह बढ़ाने का आह्वान किया है।

# नारी शक्ति संगठन ने हर्षोल्लास से मनाया आर एस एस का 100 वॉ वर्ष

समाज जागरण

नारी सम्मान एवं राष्ट्रीभक्ति राष्ट्र गौरव से प्रेरित राष्ट्रवादी,नारी शक्ति संगठन गाजियाबाद ने अपने अध्यक्ष अंतराष्ट्रीय ज्योतिषचार्य तेज तर्रार युवा नेत्री रीमा वर्मा के नेतृत्व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष मे 100 वर्ष पूर्ण होने पर, संगठन की महिलाओ ने, विभन्न संस्कृतिक, रचनात्मक कार्यक्रम किये, सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत भारत माता की पूजा अर्चना की गई, तत्पचात अखंड भारत माता, काशी, मथुरा, अयोध्या की झांकी प्रस्तुत किया गया ' बच्चों की देशभक्ति चित्रकारी प्रतियोगिता रखी गई जिसमे काफी संख्या मे बच्चों ने भाग लिया ' शालीमार गार्डन की राष्ट्रीय स्वयं



सेवक संघ के पथ संचलन के स्वयं सेवको को नारी शक्ति संगठन द्वारा स्वयं सेवकों को फल वितरित किया गया, एवं पथ संचालन के समय स्वयं सेवकों पर फूलो की वर्षा की गई, नारी शक्ति संगठन के कार्यक्रम मे काफी संख्या मे संघ के स्वयं सेवको ने अपनी गरिमामई उपस्तिथि प्रदान की
कार्यक्रम को सफल बनाने मे संगठन की प्रमुख महिला मिथलेश उपाध्याय, काव्या, अनीता बजाज प्रमुख रूप से सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# वाह-वाह कर उठा हर दिल, जब सजी कवियों की सुहानी महफिल रावण दहन के बाद पहली बार हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन

समाज जागरण

नोएडा। श्रीराम लखन धार्मिक लीला समिति द्वारा शनिवार को विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर देशभर से आए प्रसिद्ध कवियों ने अपनी हास्य, वीर और श्रृंगार रस से ओत-प्रोत रचनाओं की शानदार प्रस्तुति दी। कवियों की तुकबंदी और साहित्यिक कृतियों ने ऐसा माहौल बनाया कि पूरा पंडाल "वाह-वाह" से गूंज उठा।
यह पहला अवसर था जब रामलीला समापन के बाद अगले दिन कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह रहा और देर रात तक चले इस कवि सम्मेलन ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।




आयोजन समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने बताया कि यह प्रयास रामलीला के सांस्कृतिक स्वरूप को और अधिक समृद्ध करने के उद्देश्य से किया गया है। मंच पर कवियों का स्वागत समिति द्वारा माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह देकर किया गया।
इस अवसर पर आयोजन समिति के चेयरमैन मनोज अग्रवाल (सीएमडी प्रिया गोल्ड), वाइस चेयरमैन राजेंद्र जैन, पूनम सिंह, अध्यक्ष विपिन अग्रवाल, महासचिव गिर्राज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, पं. कृष्णा स्वामी, संजय गोयल, आलोक गुप्ता, गौरव कुमार यादव, रामवीर यादव, अशोक गोयल, विकास बंसल, संदीप अग्रवाल, सुशील कुमार सिंघल, पीयूष गोयल और कार्तिक मिश्रा सहित समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।
कवि सम्मेलन के आयोजन की जमकर सराहना हुई और इसे आने वाले वर्षों के लिए एक यादगार परंपरा के रूप में जोड़ने की मांग भी उठी।

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# दो नाबालिगों ने युवक की चाकू मारकर हत्या की, पुलिस ने दोनों को किया गिरफ्तार

समाज जागरण

नई दिल्ली। दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। मिली जानकारी के अनुसार, भागीरथी विहार में दो नाबालिग लड़कों ने एक 18 वर्षीय युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद



इलाके में दहशत का माहौल फैल गया।
सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में दोनों ने हत्या की वजह पुरानी रंजिश बताई। उन्होंने पुलिस को बताया कि मृतक से उनकी लंबे समय से दुश्मनी चल रही थी, जिसके चलते उन्होंने वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

# कैश लूटकांड का पदार्फाश : फीरोजाबाद पुलिस ने 6 अभियुक्तों को दबोचा, 1 करोड़ से अधिक नकदी बरामद

फीरोजाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत फीरोजाबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना मक्खनपुर क्षेत्र में हुई कैश लूट की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने 25-25 हजार के इनाम घोषित तीन अपराधियों सहित कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।
पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ड्ड1 करोड़ 05 हजार 310 नकद, लूट के पैसों से खरीदा गया एक मोबाइल फोन और एक दोपहिया वाहन बरामद किया है। यह कार्रवाई @firozabadpolice द्वारा की गई।
पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। फरार अपराधियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति द्वारा संचालित मंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा प्रदेश के 1847 परीक्षा केन्द्रों पर दो नवंबर को चार वर्गों पर होगी

**समाज जागरण**

सम्भल । सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत द्वारा पांच अक्टूबर को होने वाली मंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा अब प्रदेश के 1847 परीक्षा केंद्रों पर दो नवंबर को सुबह 11 बजे से चार वर्गों में होगी।

यह जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम व राष्ट्रीय महासचिव कुसुम ने बताया कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति द्वारा मंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा पांच अक्टूबर को सुबह 11 बजे से होनी थी। लेकिन उत्तर प्रदेश पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 12 अक्टूबर को होने के कारण परीक्षा की तिथि बढ़ा दी गई है। अब मंडल स्तरीय सामान्य ज्ञान परीक्षा दो नवंबर को सुबह 11 बजे से प्रदेश के 1847 परीक्षा केंद्रों पर चार वर्गों में होगी। जिसमें कक्षा 03 से 05 तक के छात्र एवं छात्राएं प्राइमरी वर्ग में जबकि कक्षा 06 से 08 तक के छात्र एवं छात्राएं जूनियर वर्ग में इसके अलावा कक्षा 09 से 12 तक के छात्र एवं छात्राएं सीनियर वर्ग में जबकि स्नातक से स्नाकोत्तर कक्षाओं तक के छात्र एवं छात्राएं सुपर सीनियर वर्ग में शामिल होकर परीक्षा में भाग ले सकते हैं। परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षा की जिम्मेदारी परीक्षा सचिव रूबी को सौपी गई है। इसके अलावा परीक्षा को निष्पक्ष कराने के लिए अलग-अलग 11 समितियां बनाई गई है। जिसका प्रभारी करिश्मा सिंह, विनोद कुमार खन्ना, नरेन्द्र सिंह वर्तबाल, हरीश कुमार सिंह, डॉ नेहा मलय, रजनी कान्ता चौहान, मन्जू सक्सेना, मीनाक्षी, एवं चिंकी दिवाकर को बनाया गया है।

# अमृत योजना के तहत चंदौसी रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के कार्य में लापरवाही को लेकर युवा उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**



चंदौसी। अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्य एक साल बीतने के बाद भी अधर में लटका हुआ हैं। एक साल में प्रस्तावित कोई भी काम पूरा नहीं हो पाया है। कार्यदायी संस्था के पास पर्याप्त मजदूर न होने की वजह से समस्या बनी हुई है। जिम्मेदार भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल में नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के अगुवाई में स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से मंडल प्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि चंदौसी रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत कायाकल्प हो रहा है। जिसमें संयुक्त प्रतीक्षालय, शौचालय, बैठने के लिए लॉज, फुट ओवरब्रिज, स्टेशन के फ्रंट का विकास व सौंदर्यीकरण, लिफ्ट व स्वचालित सीढ़ी, प्लेटफॉर्म का उच्चीकरण आदि शामिल है। करीब 18 करोड़ रुपये इस पूरे काम में खर्च होंगे। कार्यदायी संस्था ने नवंबर में स्टेशन का कायाकल्प शुरू किया। करीब एक साल हो चुका है, लेकिन कोई भी प्रस्तावित काम पूरा नहीं हो पाया है। मात्र स्टेशन पर 30 प्रतिशत ही कार्य पूरा हो पाया है ।

प्लेटफॉर्म की ऊंचाई बढ़ाना, स्वचालित सीढ़ियां, वेटिंग रूम, स्टेशन के फ्रंट और परिसर के सौंदर्यीकरण का काम अधर में लटका है। शुरूआत से ही कार्य को गति नहीं मिली। सालभर में कई बार काम बंद हुआ। कभी मजदूर तो कभी निर्माण सामग्री कार्य में बाधा बनी है। डीआरएम ने भी कई बार अपने निरीक्षण में जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं। ठेकेदार को फटकार भी लगाई, लेकिन काम की स्थिति ऐसी बनी रही। ऐसे में कायाकल्प के लिए की गई टूट फूट से यहां, एक ओर यात्रियों को परेशानी होती है। वहीं स्टेशन पर कार्यरत कर्मचारी और अधिकारी भी परेशान है। अधिकारी भी सिर्फ औपचारिकता पूरी कर चले जाते है जब तक कार्यकारी संस्था के खिलाफ सख्त कार्यवाही नहीं होती है तव तक कार्यकारी संस्था अपना कार्य में तेजी नहीं लाएगी । इस दौरान प्रदेश शाहआलम मंसूरी नवल सैनी सभासद अन्ना खान रितिक वार्ष्णेय निशांत शर्मा विक्रांत विशेष कुमार भाजपा नेता शुभम अग्रवाल आदि मौजूद रहे

# रामलीला महोत्सव का भव्य समापन, श्रीराम के राज्याभिषेक संग गूंज उठा नगर 'जय श्रीराम' के नारों से

**समाज जागरण**



वृंदावन की लट्ठ मार होली

बबराला। नगर में चल रहे रामलीला महोत्सव का भव्य समापन चौदहवें दिन शुक्रवार की रात्रि प्रभु श्रीरामचन्द्रजी के राज्याभिषेक के साथ हुआ। इस अंतिम रात्रि के मंचन में श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का ऐसा संगम देखने को मिला जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया।

राम राज्याभिषेक के बाद कलाकारों ने श्याम सगाई एवं ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली का मनोहारी मंचन प्रस्तुत किया, जिसमें रंग-बिरंगे पुष्पों की वर्षा और हर्षोल्लास के भावों ने उपस्थित जनसमूह को झूमने पर विवश कर दिया।

नगर में 20 सितंबर से आरम्भ हुआ यह महोत्सव धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनकर उभरा। राष्ट्रीय स्वयंसेविका समिति की मातृशक्ति ने दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मंचन से पूर्व भावपूर्ण रामवंदना एवं हनुमानवंदना प्रस्तुत की गई, जिसने पूरे पंडाल में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया।

समापन अवसर पर समिति की ओर से पत्रकार बंधुओं, नगर पंचायत अध्यक्ष हर्षवर्धन वार्ष्णेय, श्रीकृष्ण लीला संस्थान वृंदावन के प्रतिनिधियों सहित मंचन एवं व्यवस्थाओं में सहयोग देने वाले सभी सहयोगियों को स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समिति ने सभी के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन संजीव वर्मा एवं सुधीर वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अनिल गुप्ता, विवेक कुमार, शुभम वार्ष्णेय, निशांत गुप्ता मंकित, डॉ. सुधा गौतम, कविता वार्ष्णेय और मंजूलता सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु एवं समिति सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

अंतिम दृश्य के उपरांत पूरा पंडाल जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालु भक्तों ने आतिशबाजी की और दीप प्रज्वलित कर प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक का उल्लास मनाया। भक्ति, अनुशासन और सौहार्द से ओत-प्रोत यह महोत्सव नगर की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सूचित करे

**समाज जागरण मुस्कान खान**




जनपद बिजनौर 04 अक्टूबर, 2025- जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बताया कि तहसील दिवस व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग शासन स्तर से की जा रही है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाली शिकायतों को सभी अधिकारी पूरी गंभीरता से लेते हुए ससमय उनका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस एवं जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना संभव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सकें।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर आज तहसील धामपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे।

उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि शिकायतकर्ता द्वारा अपनी शिकायत पुनः प्रस्तुत करने का सीधा अर्थ है कि उसकी शिकायत को गंभीरतापूर्वक नहीं सुना गया या उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि विभागीय जन शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप निस्तारण करना सुनिश्चित करें और प्रयास करें कि मौके पर जा कर शिकायतकर्ता से सम्पर्क कर स्थानीय लोगों से भी वार्ता करें ताकि शिकायत की सत्यता प्रमाणित होने के साथ-साथ उसका निस्तारण भी गुणवत्तापरक होना संभव हो सके। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार अति संवेदनशील एवं गंभीर है और उच्च स्तर से शिकायतों की गुणवत्ता की सीधे जांच की जाती है, अतः सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। तहसील दिवस के मौके पर कुल 153 शिकायतें दर्ज की गयीं। जिन में 07 शिकायतों का मौके पर ही विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निराकरण करा दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 कौशलेंद्र सिंह सहित अन्य सभी विभागों के जिला स्तरीय एवं स्थानीय अधिकारी मौजूद थे

# पूर्व केबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति पर जिला कारागार में हुए जानलेवा हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**




सम्भल। प्रजापति समाज सेवा समिति सम्भल की ओर से पूर्व विधायक अमेठी एवं पूर्व केबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति पर जिला कारागार लखनऊ में हुए जानलेवा हमला के विरोध में इस घटना में हमलावर एवं हमले में शामिल षड्यंत्र कारियों की उच्च स्तरीय न्यायिक एवं सी बी आई जांच कराने एवं पूर्व मंत्री की पूर्ण सुरक्षा देने एवं घटना में शामिल लोगों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सम्भल कार्यालय बहजोई सम्भल में उपजिलाधिकारी निधि पटेल को सौंपा गया। ज्ञापन सहभागिता में समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह प्रजापति, पूर्व जिला महासचिव ओमप्रकाश प्रजापति एड०,कोषाध्यक्ष त्रिलोक चंद प्रजापति,संगठन मंत्री नेमसिह प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष सुभाषचंद्र एड०, डा0 चंद्र हास प्रजापति, कानूनी सलाहकार राजवीर सिंह दक्ष एड०, महेश प्रजापति गुमथल ,मीडिया सह प्रभारी उमेश प्रजापति, कपिल प्रजापति बनियाठेर, नेमसिह प्रजापति ठाठी, लालताप्रसाद प्रजापति बेहटा जयसिंह, अमित प्रजापति बहजोई, रमेश प्रजापति मुंशी जी, ब्रजमोहन प्रजापति एड०, सत्य पाल प्रजापति अशोकनगर, राहुल प्रजापति काजी बेहटा, कल्लू प्रजापति श्योराजपुर, श्योराज प्रजापति आनंदपुर, रामपाल सिंह प्रजापति रामचन्द्र प्रजापति पुरा, अशोक प्रजापति मझावली,, लल्तेश प्रजापति, हिमांशु प्रजापति,अंकुर प्रजापति, जितेंद्र कुमार प्रजापति, शिवकुमार प्रजापति,बरखेड़ा, अंकित प्रजापति बहजोई, कल्लू प्रजापति, सोनू प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# बबराला गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत परिवार में मचा कोहराम

**समाज जागरण**



बबराला थाना क्षेत्र के बबराला अनूपशहर मार्ग पर गांव भगतानगला गांव के नजदीक शनिवार दोपहर तेज रफ्तार गाड़ी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, टक्कर लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। लेकिन फिर भी वहां से गुजर रहे राहगीरों ने आनन-फानन में गुन्नौर सीएचसी पहुंचा जहां पर डॉक्टरों ने युवक को मृतक घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कुछ समय बाद मौके पर परिजन भी पहुंच गये। पुलिस जांच में जुटी।

बबराला थाना क्षेत्र के गांव बसंतपुर डांडा निवासी पप्पू पुत्र दुर्जन सिंह बबराला से अपने गांव जा रहा था तभी गांव भगतानगला के नजदीक अचानक सामने से आ रही गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक रोड पर जा गिरा रोड पर गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। घायल युवक को वहां से गुजर रहे राहगीरों ने आनन-फानन में गुन्नौर सीएचसी पहुंचा जहां पर डॉक्टरों ने युवक को मृतक घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक पप्पू अपने पीछे पत्नी नीरा एवं सचिन कुमार अनिल कुमार एवं बेटी लक्ष्मी सहित तीनों बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल वही गाड़ी के परखच्चे उड़ गए।

# गांव राया बुजुर्ग में बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत दी गई जागरूकता

### प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं को 'गुड टच-बैड टच', हेल्पलाइन नंबर और सुरक्षा उपायों की दी जानकारी

**समाज जागरण अली नकवी**



संभल (असमोली)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संचालित मिशन शक्ति फेज 0.5 के तहत शनिवार को ग्राम राया बुजुर्ग स्थित प्राथमिक विद्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बालिकाओं को सुरक्षा, आत्मरक्षा और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को गुड टच और बैड टच की पहचान, आत्मरक्षा के उपायों और विपरीत परिस्थितियों में कैसे सतर्क रहें, इस पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया गया, जिनमें:

112 - आपातकालीन सेवा
1090 - वूमेन पावर लाइन
1930 - साइबर अपराध हेल्पलाइन
102 - स्वास्थ्य सेवा
108 - एंबुलेंस सेवा
1098 - चाइल्डलाइन हेल्पलाइन
शामिल हैं।

पुलिस टीम ने बालिकाओं को आत्मविश्वासी बनने का संदेश दिया इस मौके पर एसएसआई नवीन कुमार शर्मा, महिला हेड कांस्टेबल आकांक्षा शर्मा, महिला कांस्टेबल रीनू, तथा कांस्टेबल भोलू तोमर (थाना असमोली) की टीम द्वारा बालिकाओं को न केवल सुरक्षा के गुर सिखा गए, बल्कि उन्हें समाज में आत्मविश्वास के साथ खड़े होने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम के अंत में छात्राओं से संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। विद्यालय स्टाफ व स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों के लिए अत्यंत उपयोगी और समय की जरूरत हैं।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए सहायतार्थ लगभग ढाई करोड़ रुपए की नकद धनराशि के साथ राहत सामग्री वाहनों को किया गया रवाना

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर 04 अक्तूबर, 2025 :- जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर एवं नुमाइश ग्राउंड चौराहे से अफजलगढ़ क्षेत्र के स्वयंसेवकों द्वारा एकत्र पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए सहायता उपलब्ध कराने के लिए लगभग ढाई करोड रुपए की नकद धनराशि के साथ राहत सेवा सामग्री वाहनों को रवाना किय्या।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने कहा कि इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं पीड़ितों साथ हैं। प्राकृतिक आपदाएं हमारे नियंत्रण से बाहर होती हैं, लेकिन हमारा साथ और सहयोग हमेशा आपके लिए है। इस विपरीत परिस्थिति में भी हम सब साथ हैं। धैर्य और सामूहिक प्रयास से हम इस चुनौती का सामना करेंगे और पुनः समृद्धि की ओर बढ़ेंगे। प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित लोगों की निस्वार्थ सहायता करना मानवीय मूल्यों को बलवती बनाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्य मानवीय संवेदना, मानवीय प्रेम व समानता, मानवीय करूणा, दया एवं सहयोग का प्रतिबिंब होती हैं, जो समाज के जीवित, संवेदनशील एवं मानवता के प्रति कर्तव्य परायणता को प्रदर्शित करता है। उन्होंने राहत कार्यों के अंतर्गत स्थानीय समुदाय और सामाजिक संगठनों के सहयोग से जमा नकद लगभग 2.5 करोड़ रुपए की धनराशि तथा दवाइयों आदि पर आधारित राहत सामग्री भेजने के कार्य की सराहना की।

इस अवसर पर भाई धर्म सिंह वंशज, बाबा गुरप्रीत सिंह हस्तिनापुर, मलकीत सिंह अध्यक्ष अफजलगढ़ गन्ना समिति सुरेंद्र सिंह प्रधान सुखदेव सिंह हरप्रीत सिंह गुरमुख सिंह, बाबा गुरप्रीत सिंह, गुलजार सिंह, अजमेर सिंह, गुरविंदर सिंह पूर्व चेयरमैन, भजन सिंह, बलवंत कंबोज आदि उपस्थित थे।

# दबंगों ने गन्ने की फसल को ट्रैक्टरों से रौंदा

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर मंडावली। गन्ने की खड़ी फसल को ट्रैक्टरों से रौंद कर दबंगों ने बर्बाद कर दिया एवं किसानों को बुरा अंजाम कर देने की धमकी भी दी। किसानों ने क्षेत्र अधिकारी नजीबाबाद को तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है।

जनपद बिजनौर के मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम प्रेमपुर की रहने वाली समला रानी, राजबाला, राजकुमारी, सर्वेश देवी व दयावती ने मिलकर क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद को तहरीर दी है कि उनकी गन्ने की खड़ी फसल पर कुछ लोगों ने ट्रैक्टर चला कर फसल को बर्बाद कर दिया है तथा उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद को अवगत कराया कि यह जमीन 2010 में राम सिंह पुत्र भवानी सिंह से दो लाख देकर इकरार नामा कराया था, इसके बाद राम सिंह ने इस जमीन का बैनामा सिपटर सिंह को किया। सिपटर सिंह ने विपिन राठी को किया, विपिन राठी ने सैंकी को किया, जबकि इकरारनामे का अभी वक्त खत्म नहीं हुआ था इसके बाद सैंकी व उसके भाई कमल सिंह ने खेत पर जाकर 2 अक्टूबर को दी में लगभग 11:00 बजे ट्रैक्टरों से गन्ने की फसल को जोत कर बर्बाद कर दिया एवं किसानों के साथ गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। किसानों ने बताया कि यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बावजूद भी इन लोगों ने दबंगई दिखाते हुए फसल को ट्रैक्टर से जोतकर बर्बाद कर दिया।

# पुलिस परामर्श सुलह समझौता केंद्र पर 5 परिवारों को मिलाया गया

**समाज जागरण**

बहजोई। जनपद संभल पुलिस अधीक्षक के के बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग सेल प्रभारी डाक्टर रकम पाल सिंह व उपनिरीक्षक महेश गंगवार की देखरेख में पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य



हुए आपसी विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरो द्वारा किया गया जहां कुल 121 पत्रावली सुनकर 10 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तो वहीं 5 परिवारों को मिलाया गया तथा 5 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट पूनम अरोरा श्वेता गुप्ता बबीता शर्मा सीमा आर्य कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

# गुन्नौर पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक दिए टिप्स- अर्पणा बंसल

**समाज जागरण**

गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव पूठरी व मॉर्डन पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति अभियान के तहत मिशन शक्ति की प्रभारी उपनिरीक्षक अर्पणा बंसल ने



महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर जागरूक किया।

प्रभारी अर्पणा बंसल ने साइबर अपराध पर जानकारी देते हुए बताया कि जालसाज कॉल करके बहकावे में लेकर डिजिटल अरेस्ट कर लेते हैं। कभी भी अनजान नंबर पर ओटीपी न बताएं, अविश्वसनीय वेबसाइटों से बचें। यदि कोई संदिग्ध दिखता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें।

वही उपनिरीक्षक अर्पणा बंसल ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इस दौरान साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु पंफलेट वितरित किए गए। साथ ही, बाजार में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ और चेकिंग की गई।

# गुन्नौर संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन अधिक हालत बिगड़ी

**समाज जागरण**

बबराला थाना नगर के एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों खाया जहरीला पदार्थ हालत बिगड़ने पर परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर पहुंचे जहां पर युवक का इलाज चल रहा है।



बबराला थाना क्षेत्र के मुनीम कॉलौनी निवासी सुमित कुमार पुत्र प्रवीन कुमार ने संदिग्ध परिस्थितियों में खाया जहरीला पदार्थ हालत बिगड़ने पर परिजन गुन्नौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां पर युवक का इलाज चल रहा है।

# सीओ देश दीपक ने सरस्वती विद्या मंदिर चलाया मिशन शक्ति अभियान

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर चांदपुर क्षेत्र में पुलिस ने महिला सुरक्षा को लेकर एक विशेष अभियान चलाया जिसमें मिशन शक्ति 5.0 के तहत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चलाया गया मिशन शक्ति अभियान

जनपद बिजनौर के चांदपुर में क्षेत्राधिकार चांदपुर देश दीपक वर्मा के आदेश पर चांदपुर पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक करने के अभियान चलाया यह अभियान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नूरपुर में चलाया गया अभियान में छात्राओ को सुरक्षा संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई अभियान के दौरान महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न सुरक्षा सेवाओं के बारे में बताया गया इसमें



1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 सीएम हेल्पलाइन, डायल 112, 102 महिला शिशु सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा ,1098 चाइल्ड लाइन, 101 फायर सेवा, और 1930 साइबर हेल्पलाइन, जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं सम्मिलित की गई इसके अतिरिक्त सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन ,वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि ,प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह ,राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना ,प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, और नशा मुक्त भारत अभियान की भी जानकारी दी महिलाओं और सुरक्षाओं को साइबर अपराध , सोशल मीडिया पर सुरक्षित रहने के उपाय ऑनलाइन धोखाधड़ी ,फिशिंग और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया इसमें साइबर धमकियां उत्पीड़न की स्थिति में शिकायत दर्ज करने और सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन व ऑनलाइन पोर्टल्स की जानकारी भी प्रदान की गई साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार की कन्या सुमंगला योजना सामूहिक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष वन स्टाफ केंद्र योजना और महिला शक्ति केंद्र योजना जैसी विभिन्न योजनाओं से भी अवगत कराया गया पुलिस अधिकारियों ने अपील किया की छेड़छाड़ उत्पन्न या किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में पीड़ित तुरंत पुलिस से संपर्क करें और बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज कारण उन्होंने आश्वासन दिया कि शिकायतकर्ता का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा

# मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक करने हेतु एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक सुनील दत्त एवं महिला कांस्टेबल मिथिलेश ने ग्रामीण महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए, तथा बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए।कार्यक्रम में मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें हर परिस्थिति में खुद की सुरक्षा करने के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को बताया कि साइबर अपराधी सोशल मीडिया और मोबाइल के माध्यम से ठगी या अश्लील संदेश भेजने जैसे अपराधों को अंजाम देते हैं, इसलिए किसी भी संदिग्ध लिंक या कॉल पर भरोसा न करें और तुरंत इसकी सूचना पुलिस या साइबर हेल्पलाइन नंबर पर दें।



महिला कांस्टेबल मिथिलेश ने कहा कि यदि किसी महिला या बालिका के साथ छेड़छाड़, उत्पीड़न या किसी प्रकार की अभद्रता की घटना होती है तो वे बिना संकोच 1090, 112 या नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज करा सकती हैं। उन्होंने मिशन शक्ति से संबंधित सरकारी योजनाओं और सुरक्षा ऐप्स की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में दर्जनों महिलाएं मौजूद रहीं।

# एटीएम बदलकर खाते से उडाई हजारों की नगदी

**समाज जागरण**

कांधला। एटीएम से रुपये निकालने गई महिला का दो ठगों ने एटीएम बदल लिया। उसके बाद आरोपियों ने उसके खाते से हजारों रुपए की नगदी निकाल ली। पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला खैल निवासी महिला शबनम कस्बे में एक एटीएम मशीन से रुपए निकालने के लिए गई थी। एटीएम में पहले से ही दो युवक खड़े हुए थे। पीड़ित महिला जब रुपए निकालने लगी, तो उसके एटीएम कार्ड से रुपए नहीं निकले, तो पास खड़े हुए एक युवक ने उसे रुपए निकालकर देने की बात कही। पीड़ित महिला उक्त ठगों के झांसे में आ गई, और अपना एटीएम उक्त ठगों को दे दिया। इस दौरान आरोपियों ने महिला का एटीएम बदल लिया, और महिला से रुपए नहीं निकलने की बात करते हुए एटीएम कार्ड देकर चलता कर दिया। थोड़ी देर बाद महिला के पति मुख्तयार के फोन पर दस-दस हजार और उसके बाद तीन हजार रुपए खाते से निकाले जाने का मैसेज आया। उसके बाद पीड़ित महिला के समझ में माजरा आ गया। पीड़ित महिला ने दो अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी कर एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकालने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कू आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोग हुए घायल

**समाज जागरण**

शामली। दो अलग अलग सडक हादसों में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक की दशा गंभीर होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर किया गया।

जनपद बलिया निवासी 76 वर्षीय विजय शंकर पुत्र रामचंद को एक कार सवार जिला अस्पताल छोड़कर फरार हो गया। विजय शंकर का एक्सीडेंट हुआ था, जिसको चिकित्सकों ने उपचार दिया, लेकिन उसकी हालत नाजुक बनी रही। जिसके बाद चिकित्सकों ने उसको हायर सैंटर मेरठ के लिए रेफर कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि मामले की सूचना थाना आदर्शमंडी पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस नही पहुंची। वही दूसरी ओर थाना रमाला के गांव बुढ़पुर निवासी ओमबीर पुत्र रत्न सिंह सिंह मजदूरी करने के लिए पैदल ही गांव जिडाना से ऊंचा गांव जा रहा था। बताया जाता है कि जब वह गांव के निकट पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

# पुलिस लाइन में आयोजित किया गया मैराथन कार्यक्रम

**समाज जागरण**

शामली। शामली पुलिस लाइन में शनिवार को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत महिला मैराथन कराई गई। जिसमें स्कूली छात्राओं से लेकर महिला पुलिस कर्मियों ने भाग लिया गया। मैराथन में श्री जैन कन्या कॉलेज की छात्रा




ने प्रथम स्थान पाया तो वहीं महिला पुलिसकर्मियों में कांधला थाने में महिला कांस्टेबल ने भी पुलिसकर्मियों में प्रथम स्थान पाया है।

एसपी एनपी सिंह ने बताया कि इस महिला मैराथन के जरिये नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। उन्हें मजबूत बनाने और सुरक्षा का भाव पैदा करना है। मिशन शक्ति के तहत मैराथन दौड पुलिस लाइन से शुरू होकर शामली गढी बस स्टैंड से एक टोकन लेकर वापस पुलिस लाइन में जाकर सम्पन्न हुई। जिसमें श्री जैन कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा कृष्णा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही मिशन शक्ति के तहत महिला मैराथन में दौड़ने वाली महिला पुलिस-कर्मियों में कांधला थाना में तैनात महिला कांस्टेबल प्रियंका ने प्रथम स्थान पाकर जीत हासिल की है। इस दौरान महिला मैराथन दौड में भाग लेने वाली सभी छात्राओं व महिला पुलिसकर्मियों को प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एएसपी संतोष कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन, सीओ अमरदीप मौर्य आदि मौजूद रहे।

# बंद दुकान के चबूतरे पर कब्जे के प्रयास का आरोप

**समाज जागरण**

शामली। शहर के गांधी चौक में बंद पड़ी दुकान के चबूतरे पर अवैध तरीके से कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाते हुए दुकानदार ने डीएम से शिकायत की है।

शहर के गांधी चौक बाजार निवासी राजीव तायल ने शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर बताया कि गांधी चौक बाजार में उसकी एक दुकान है। जिसका मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण उसकी दुकान बंद पडी है और वर्तमान समय मे कोर्ट का स्टे ऑर्डर प्रभावी है। आरोप है कि इसके बावजूद भी उसका पड़ोसी दुकानदार संजय जैन किताब वाला हठधर्मिता दिखाते हुए उसकी दुकान के चबूतरे पर अवैध तरीके से ठिया लगाकर दुकान पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। जिससे कही ना कही न्यायालय के आदेशो की भी अवहेलना हो रही है। शिकायतकर्ता दुकानदार ने जिलाधिकारी से उसकी दुकान के चबूतरे से अवैध कब्जा हटवाए जाने की मांग की है।

# सरकारी एंबुलेंसों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**समाज जागरण**

कांधला। ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विसेज के प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह एवं जिला प्रभारी ललित मोहन जोशी द्वारा नगर के सरकारी अस्पताल पर तैनात 102,108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों को मिष्ठान वितरण किया गया। इस मौके पर प्रोग्राम मैनेजर जयविंदर सिंह ने सरकारी अस्पताल पर तैनात सभी एंबुलेंसों का औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से पालन करने तथा मरीजों एवं गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का




प्रतीक है, उसी प्रकार एंबुलेंस सेवाएं भी लोगों के जीवन में स्वास्थ्य, सेवा और सुरक्षा की प्रतीक बननी चाहिए।उन्होंने सभी कर्मचारियों को दीपावली पर्व पर एंबुलेंसों को हॉटस्पॉट प्वाइंट पर तैनात रखने के निर्देश दिए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में मरीज तक कम से कम समय में पहुंचा जा सके। मौके पर कमल कुमार, संदीप कुमार, नितिन कुमार, नरदेव, प्रवेश, देवेंद्र, अमित, ईएमटी दिलशाद, सुनील कुमार, तौफीक अहमद, विवेक, रोहित एवं अनुज आदि मौजूद रहे।

# छेड़खानी करते मनचले युवक की जमकर की धुनाई, वीडियो हुआ वायरल

**समाज जागरण**

कांधला। कस्बे की ऐतिहासिक रामलीला में उस समय हड़कंप मच गया जब मेले में भीड़ के बीच एक मनचले युवक ने वहां घूम रही युवती से छेड़खानी करने की कोशिश की। युवती के विरोध करते ही आसपास मौजूद महिलाओं ने नारी शक्ति का परिचय देते हुए मनचले युवक को मौके पर ही धर दबोचा और बीच मेले में उसकी जमकर पिटाई कर दी। महिलाओं ने युवक पर थप्पड़ों की बौछार कर दी, जिससे वह खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगा।देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया। बताया गया कि युवक मेले में



काफी देर से युवती का पीछा कर रहा था और मौका पाते ही उसने छेड़छाड़ की कोशिश की, लेकिन महिलाओं की सतर्कता से उसकी हरकत पकड़ी गई।घटना के दौरान किसी दर्शक ने अपने मोबाइल कैमरे से पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जिसे बाद में सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया गया। वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोग महिलाओं की हिम्मत की जमकर सराहना कर रहे हैं। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह महिलाओं ने मनचले को घेरकर उसकी पिटाई की और उसे भागने का कोई मौका नहीं दिया।मनचला मौके का फायदा उठाकर आरोपी युवक वहां से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को शांत कराया और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# मकान पर कब्जा करने का आरोप,म करवाई की मांग

**समाज जागरण**

शामली। महिला चिकित्सक नसरीन खान ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि मकान खरीदने वाले व्यक्ति ने बिना पूरी रकम अदा किए उनके मकान पर जबरन कब्जा कर लिया और महंगा सामान निकालकर किरायेदार रख दिए।

शहर के मिल रोड निवासी डा. नसरीन खान पत्नी अब्बास अहमद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका मकान कुलन्दरशाह चौक के निकट एक डीलर शाहिद सम्राट निवासी बनत को 20 लाख रूपए में बेचना तय हुआ था। डीलर को 6 माह का बेनामे का समय और एडवांस के रूप में 5 लाख रुपए देने का समझौता हुआ था। आरोप है कि शाहिद ने 15 दिनों में थोड़े-थोड़े करके केवल 3 लाख रुपये ही दिए। दो महीने भी पूरे नहीं हुए थे कि शाहिद और उसके साथियों ने उनके मकान की कुंडी तोड़ दी, मकान से सारा कीमती सामान निकाल लिया और मकान में 10-15 लोगों को किराए पर रख दिया। जब परिवार मकान पर पहुंचा तो मकान खुला मिला तथा सामान गायब था। नसरीन का आरोप है कि शाहिद ने उनकी एक लड़की के पास फोन कर कहा कि यदि तुम अबकी बार मकान पर आई तो तुम्हारा कुल्हाड़ी से सर फोड़ देंगे। पीडिता ने सुरक्षा व्यावस्था मुहैया कराने और जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

# स्वयंसेवक संघ ने किया कार्यक्रम पंत संचालन कार्यक्रम

**समाज जागरण**

शामली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शामली नगर की सरस्वती बस्ती द्वारा संघ स्थापना दिवस व संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में पथ संचलन व बस्ती एकत्रीकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने बडे उत्साहपूर्वक संघ के पूर्ण गणवेश को धारण करते हुए बस्ती में पथ संचलन निकाला, जिसका कालोनी वासियों ने भारत माता की जय के नारे लगाकर व पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सह जिला कार्यवाहक परीक्षित कुमार ने बताया कि संघ की स्थापना हिन्दू समाज को संगठित करने, जाति, प्रांत, भाषा और पंथ से ऊपर उठकर समरसता का भाव उत्पन्न करने के उद्देश्य की गयी। संघ ने दैनिक शाखा के माध्यम से व्यक्ति में चरित्र निर्माण, अनुशासन, सेवा, राष्ट्रभक्ति और



त्याग की भावना को जागृत करता है। उन्होंने कहा कि आज पूरी दुनिया में यदि सबसे बडा स्वावलम्बी और स्वयंसेवी कोई संगठन है तो वह है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ है जिसमें एक करोड से ज्यादा स्वयंसेवक संघ के विचार को लेकर विविध संगठनों को संचालित किया है। इस अवसर पर जिला संघचालक देशपाल सिंह, प्रान्त संयोजक कुटुम्ब प्रबोधन विनय कुमार, जिला प्रचारक सतपाल, नगर प्रचारक अभिषेक, रविन्द्र सिंह, सोनू कुमार, अरविन्द ऐरन, राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र एवं समाजवाद की गारंटी है समाजवादी पार्टी

**समाज जागरण**

शामली। समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने गांव भैंसवाल स्थित कैम्प कार्यालय में पार्टी का 33वां स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने केक काटा तथा समाजवादी पार्टी के गठन से वर्तमान तक की यात्रा के बारे में बताया। प्रोफेसर सुधीर पंवार ने बताया कि किसानों, मजदूरों, युवाओं एवं अल्पसंख्यकों की आवाज उठाने के लिए 1992 में मुलायम सिंह ने समाजवादी पार्टी की स्थापना की तथा पहले दिन से ही साम्प्रदायिकता, पूंजीवाद के खिलाफ संघर्ष का आह्वान किया। कांग्रेस व भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टियों को चुनौती देते हुए न केवल उप्र में 4 बार सरकार बनाई। बल्कि केन्द्र में रक्षा,पेट्रोलियम एवं दूरसंचार जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का भी सफलतापूर्वक संचालन किया। अखिलेश यादव के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पार्टी ने



ह्ययुवा सोच-युवा जोशह्न के नारे के साथ चुनाव लड़ा। जिसमें विजयी रहने पर सबसे युवा मुख्यमंत्री के रूप में अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। अनेक नए कार्यक्रमों जैसे लेपटाप वितरण, कन्याधन, समाजवादी पेंशन, किसानों की कर्ज माफी, मुफ़्त सिंचाई, बेरोजगारी भत्ता, लड़कियों की पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति एवं साइकिल, लोहिया आवास, समाजवादी पेंशन, पुलिस आधुनिकीकरण के साथ डायल 100 एवं 1090 सेवाएँ, मेट्रो, ऐक्सप्रेस वे, इकाना स्टेडियम, लोकभवन एवं जनेश्वर मिश्रा पार्क, गोमती रिवर जैसे अनेक बड़े कार्यक्रमों की शुरूआत की। इस अवसर पर जावेद जंग, राव तफरूज, सलेक प्रधान, मास्टर सतीश, भूपेन्द्र सैनी, सत्यपाल कश्यप, चौधरी बाबूराम,प्रियांशु, योगराज पंवार, अजय पंवार, खुशनूद आदि मौजूद रहे।

# भरत मिलाप और राजतिलक की लीला का मंचन

## --अयोध्या आगमन पर भगवान श्रीराम का हुआ भावपूर्ण स्वागत

**समाज जागरण**

कांधला। नगर के पंजाबी धर्मशाला में चल रहे रामलीला मंचन कार्यक्रम का समापन भरत मिलाप और भगवान श्रीराम के राजतिलक के साथ किया गया। अंतिम दिन की लीला में भगवान राम के लंका विजय के उपरांत अयोध्या लौटने की कथा का भावपूर्ण मंचन किया गया।

कार्यक्रम में दशार्या गया कि रामचंद्र जी, लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद हनुमान जी को भरत लाल के पास भेजते हैं ताकि वह उनके शीघ्र आगमन का संदेश दे सकें। 14 वर्षों बाद भगवान श्रीराम के आगमन पर अयोध्या में आनंद उत्सव का माहौल छा जाता है। कलाकारों ने लीला को इतने भावनात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया कि उपस्थित लोग भाव-विभोर



हो उठे। रामराज्य की स्थापना और भगवान श्रीराम के राजतिलक की झांकी ने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक आनंद से भर दिया। आयोजकों ने कलाकारों और दर्शकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं। कार्यक्रम में डॉक्टर दिनेश्वर चौहान, डॉ रणवीर सिंह, अनिल कुमार मित्तल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, जितेंद्र सैनी, घनश्याम सैनी, सभासद यशु सैनी, नरेश सैनी, गुणपाल जैन, राजेंद्र राही, सर्वेश वर्मा, कन्हैया सैनी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# दहेज में क्रेटा गाड़ी नहीं देने पर तोडी सगाई, दुल्हन का मानसिक संतुलन बिगड़ा

**समाज जागरण**

कांधला। सगाई के बाद दुल्हे पक्ष की और से अतिरिक्त दहेज में क्रेटा गाड़ी की मांग करने पर युवती का रिश्ता टूट गया है। रिश्ता टूटने से युवती का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। पीड़ित परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कस्बा निवासी एक युवती का रिश्ता लोनी (गाजियाबाद)के मोहल्ला खन्ना नगर निवासी युवक नईम के साथ तय हुआ था। विगत 25 जुलाई को दोनों की सगाई की रश्म पूरी कर दी गई थी। जिसमें युवक पक्ष की ओर से करीब 54 महिलाएं-पुरुष और बच्चे शामिल हुए थे। युवती पक्ष की और से सगाई में जमकर खर्च किया गया, और युवक को शगुन के तौर पर 51 हजार रुपए और सोने की चैन और अगुंठी दी गई थी, जबकि अन्य लोगों को भी शगुन और कपड़े सहित जेवरात दिए गए। सगाई पर पीड़ित पक्ष का करीब साढ़े पांच लाख रुपए खर्च हुआ था। आरोप है कि कई दिन पहले युवक पक्ष की और से युवती की मां के मोबाइल पर फोन आया। आरोप है कि उक्त लोगों ने शादी में क्रेटा गाड़ी की मांग की, आरोप है कि गाड़ी न दिए जाने पर शादी करने से साफ मना कर दिया। पीड़ित महिला ने मामले की जानकारी परिजनो को दी। उसके बाद से लगातार समाज के लोग उक्त आरोपि से बातचीत करने में लगे हुए हैं। आरोप है कि आरोपियों ने बिना गाड़ी लिए शादी करने से मना कर दिया है। शादी टूटने की खबर से पीड़ित युवती का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कारवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वात्सल्य दिवाकर मुनि श्री 108 विव्रत सागर जी का प्रवचन कृ सच्ची धार्मिकता ज्ञान नहीं, आचरण में है निहित

**समाज जागरण**

शामली। शहर के जैन धर्मशाला में 108 विव्रत सागर मुनिराज ने अपने प्रवचन में पाप, पुण्य और सच्ची धार्मिक साधना के विषय पर गहन चिंतन प्रस्तुत किया। मुनिराज ने कहा कि सच्ची धार्मिकता केवल शाब्दिक ज्ञान या बाहरी कर्मकांडों में नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धि, आत्म-दर्शन और लोभ व आसक्ति से मुक्ति में निहित है। उन्होंने कहा कि संसार में कोई भी पापी कहलाना नहीं चाहता, परंतु अधिकांश लोग पाप करने से स्वयं को रोक नहीं पाते। कई बार ईमानदारी भी अवसर की कमी या भयवश होती है, न कि सच्चे मन से। मुनिराज ने एक तोते की कथा सुनाई, जिसमें तोता शिकारी के जाल से सावधान रहने की सीख तो रट लेता है, पर जब शिकारी जाल बिछाता है तो दाना चुगने के लोभ में फँस जाता है। इस कथा के माध्यम से उन्होंने कहा कि केवल ज्ञान रट लेना पर्याप्त नहीं, उसे आचरण में उतारना ही सच्ची साधना है। प्रवचन के पश्चात चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन सुनीता जैन, रेखा जैन, मोहित जैन, अनिल जैन और ममता जैन द्वारा किया गया। शास्त्र भेंट डॉ. अनीता जैन एवं सुमित्रा जैन ने की।

# संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनीं जनता की समस्याएं

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग )शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद की सभी तहसीलों में किया गया। तहसील शामली में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी डीएम सत्येन्द्र सिंह ने की। उन्होंने फरियादियों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

प्रभारी डीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाधान दिवस में कुल 45 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 5 का निस्तारण मौके पर किया गया, जबकि शेष मामलों को निर्धारित समयसीमा में निपटाने के निर्देश दिए गए। एसपी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस विभाग से जुड़े प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में एसडीएम शामली अर्चना शर्मा, डिप्टी कलेक्टर हामिद



हुसैन, सीएमओ डॉ. अनिल कुमार, पीडी डीआरडीए प्रेमचंद, और तहसीलदार मनोज कुमार उपस्थित रहे। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत प्रभारी जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति अभियान के तहत राजस्व विभाग द्वारा महिलाओं के नाम खतौनी में विरासत दर्ज कराते हुए निःशुल्क खतौनी वितरण किया। तहसील कैराना में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम निधि भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 3 का निस्तारण मौके पर किया गया। तहसील ऊन में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने की। इस दौरान 30 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2 शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निपटारा समय से और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। इस अवसर पर एसडीएम ऊन संदीप त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# चार मासूमों संग पिता ने लगाई यमुना में छलांग, इलाके में मचा हड़कंप

## पत्नी से विवाद के बाद सलमान ने वीडियो बनाकर खुदकुशी का लिया जिम्मेदार कदम

**समाज जागरण**

शामली कैराना। (फुरकान जंग)शनिवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक व्यक्ति ने अपने चार मासूम बच्चों के साथ यमुना नदी में छलांग लगाकर आत्मघाती कदम उठा लिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सन्नाटा और सनसनी फैल गई है।

जानकारी के अनुसार, सलमान निवासी मोहल्ला अफगानान, जो वर्तमान में मोहल्ला खैलकलां में रहता था, ने यह खौफनाक कदम उठाने से पहले एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। वीडियो में सलमान ने अपनी मौत का जिम्मेदार अपनी पत्नी और कुछ अन्य लोगों को ठहराया। परिजनों ने आरोप लगाया कि सलमान की पत्नी का चाल-चलन ठीक नहीं था और वह



दो दिन पहले घर से लापता हो गई थी, जिससे मानसिक रूप से व्यथित होकर सलमान ने यह कदम उठाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना से पहले सलमान पुल पार कर हरियाणा की ओर गया, वहां उसने बच्चों के साथ समोसे खाए, फिर वापस यमुना पुल पर पहुंचकर चारों बच्चों के साथ नदी में छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि बच्चों की उम्र 11 वर्ष से डेढ़ वर्ष के बीच है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कई घंटे बीत जाने के बावजूद प्रशासन द्वारा सर्च ऑपरेशन शुरू न किए जाने से लोगों में आक्रोश व्याप्त रहा।

सूचना पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज मौके पर पहुंचीं और तुरंत सर्च अभियान शुरू करने के निर्देश दिए। पुलिस और गोताखोरों की टीम को नदी में तलाश अभियान में लगाया गया है, लेकिन खबर लिखे जाने तक सलमान और उसके बच्चों का कोई सुराग नहीं मिल सका था। इस हृदयविदारक घटना से पूरे इलाके में शोक और दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# अयोध्या पहुंचने पर प्रभु श्रीराम का हुआ राजतिलक

**समाज जागरण**

शामली। शहर के मंदिर हनुमान धाम के रामलीला मंच पर चल रहे 56वें रामलीला महोत्सव का देर रात्रि में भगवान श्रीराम को राजतिलक के साथ समापन हुआ। इस दौरान भगवान श्रीराम को राज तिलक करते हुए सभी कलाकारों को शानदार अभिनय प्रस्तुत करने पर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

श्री मंदिर हनुमान टीला पर रहे 56वें रामलीला महोत्सव का गत शुक्रवार देर शाम समापन हो गया। इस दौरान रामलीला मैदान में मां भगवती की



आरती की गई। जिसके बाद भगवान श्रीराम को अयोध्या में वापस लौटने पर राज तिलक किया गया। जमकर आतिशबाजी की गई और मिठाईयां वितरित की गई। इसके बाद कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देते हुए लोगों को मन मोह लिया। मंदिर के प्रधान सलिल द्विवेदी व मुख्य अतिथि कथा वाचक अरविन्द द्दष्टा महाराज द्वारा भगवान श्रीराम की आरती की। इसके बाद श्री रामलीला महोत्सव में भाग लेने वाले कलाकारों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन उत्तम नामदेव ने किया। इस अवसर पर महामंत्री राजकुमार मित्तल, उपेंद्र द्विवेदी, पुनित द्विवेदी, अनुराग शर्मा, लाल सिंह लचक, धर्मेन्द्र कांबोज, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# डीएवी स्कूल में नेत्रदान पर जागरूकता कार्यक्रम

**समाज जागरण**




बागपत। नगर के प्रतिष्ठित डीएवी पब्लिक स्कूल में लायंस क्लब अग्रवाल मंडी एवं जिला रेड क्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में नेत्रदान विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों ने अध्यापक दिनेश दत्त के नेतृत्व में 40वीं राष्ट्रीय नेत्रदान पोस्टर निर्माण एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। स्लोगन लेखन में कक्षा 11वीं वाणिज्य वर्ग से सक्षम प्रथम और कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग से सुहाना राणा द्वितीय रहीं। पोस्टर निर्माण में कक्षा 12वीं वाणिज्य वर्ग से वैष्णवी रुहेला प्रथम तथा कक्षा 11वीं विज्ञान वर्ग से अंशुमान मानव द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में लायंस क्लब के मंडलीय सलाहकार एवं जिला रेड क्रॉस समिति के सचिव अभिमन्यु गुप्ता, जिला रेड क्रॉस समिति के सभापति पंकज गुप्ता एवं मंडलीय चेयरपर्सन ने प्रतिभागियों को जियालाल प्रेमवती अग्रवाल सम्मान एवं उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में आँखों का अमूल्य महत्व है, इसलिए सभी को नेत्रदान के लिए आगे आना चाहिए ताकि दूसरों का जीवन रोशन हो सके। प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार ने लायंस क्लब के समाजसेवी कार्यों की प्रशंसा की और अतिथियों का सम्मान किया। कार्यक्रम का सुंदर संयोजन अध्यापक दिनेश दत्त ने किया।

# डीएम ने हमीदाबाद स्कूल का किया औचक निरीक्षण, सुधार के दिए निर्देश

**समाज जागरण**



बागपत। डीएम अस्मिता लाल ने शनिवार को विकासखंड बागपत के ग्राम हमीदाबाद उर्फ नया गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कई खामियां सामने आईं, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। विद्यालय में कुल 221 छात्र-छात्राओं में से 184 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने सबसे पहले विद्यालय परिसर का जायजा लिया और उखड़े खड़ंजे को देखकर नाराजगी जाहिर करते हुए रास्ते को सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने साफ-सफाई, शौचालय, पेयजल और हैंडवॉश यूनिट की स्थिति की जांच की। मिड-डे मील का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने बच्चों को दिए जा रहे चावल और आलू की सब्जी का स्वाद लिया और स्वच्छता व पोषण मानकों की परख की। उन्होंने साफ कहा कि बच्चों के भोजन और पोषण से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं होगा। इसके बाद डीएम ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से संवाद किया और पठन-पाठन की गुणवत्ता परखी। उन्होंने बच्चों को निर्भीक होकर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान बीएसए, खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# धूमधाम के साथ मनाया गया स्यादवाद कॉलेज का 18 वा स्थापना दिवस

**समाज जागरण**




बागपत में स्यादवाद कॉलेज के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

बागपत। स्यादवाद इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च रिवर पार्क बागपत ने अपना 18वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर हवन पूजा का आयोजन संस्था के सचिव शिखर चंद जैन ने किया। स्थापना दिवस के अवसर पर संस्थान के चेयरमैन नागेंद्र जैन गोयल ने अपने संबोधन में मानवता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने, सामाजिक न्याय के लिए कार्य करने और गांधी जी के सपनों का भारत बनाने के लिए स्वदेशी अपनाने और युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षित कर भारत का भविष्य उज्जवल और आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्थान से जुड़े सभी लोगों का आह्वान किया। इस अवसर पर नर्सिंग विभाग द्वारा मानव सेवा की शपथ ली गई और लैंप लाइटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए अतिथियों को संस्थान द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्थान द्वारा अपने सभी विभागों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। बीएड विभाग से प्राची,बीसीए विभाग से छवि, बीबीए विभाग से सृष्टि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आईटीआई , नर्सिंग और बीसीए विभाग के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संस्थान ने अपने पुरातन छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया। संस्था के डायरेक्टर प्रवीण मलिक, प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा, डॉ दिनेश कुमार, उप प्राचार्य डॉ सोनिया वर्मा द्वारा लिखित पुस्तकों का विमोचन किया गया। संस्थान के सचिव शिखर चंद जैन ने छात्र-छात्राओं का धन्यवाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का मंच संचालन नर्सिंग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डा उमरानी ने किया। इस अवसर पर संस्था के सभी कर्मचारी और शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# बागपत तहसील दिवस पर किसान यूनियन का प्रदर्शन

## --प्लांट कब्जे को लेकर कोतवाली पुलिस पर पक्षपात का आरोप

**समाज जागरण**



बागपत। तहसील दिवस के मौके पर किसान यूनियन के कार्यकताओं ने प्रशासन और पुलिस के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। मामला एक प्लांट के वैध दस्तावेज होने के बावजूद कब्जा नहीं करने से जुड़ा है। कार्यकताओं का आरोप है कि पुलिस जानबूझकर एक पक्ष का समर्थन कर रही है और किसानों के कानूनी अधिकारों में बाधा डाल रही है। शनिवार को बागपत तहसील दिवस में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन टिकैत के एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा ने बताया कि उन्होंने मामले को लेकर कई बार बागपत कोतवाली के इंस्पेक्टर से शिकायत की, लेकिन हर बार केवल आश्वासन दिया गया। किसान यूनियन का कहना है कि पुलिस की यह भूमिका किसानों के हितों के खिलाफ है और इसे गंभीरता से देखा जाना चाहिए। तहसील में उपस्थित यूनियन नेताओं ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि न्याय नहीं मिला, तो पूरे जिले में व्यापक आंदोलन किया जाएगा। कार्यकताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखी और प्रशासन से अपील की कि किसानों के अधिकार सुनिश्चित किए जाएँ।

# शिकायत लेकर पहुंचा उद्यमी निराश होकर वापिस लौट गया

**–अधिकारी पर अनुमति ना देने ओर ढाई लाख रुपए की रिश्वत मांगने की जांच रिपोर्ट मांगने पहुंचा था उद्यमी**

**समाज जागरण**

खेकड़ा। क्षेत्र के हसनपुर मसूरी के उद्योग पार्क में फेक्ट्री निर्माण करने वाले एक उद्यमी की शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई । जिस पर पीड़ित उद्यमी निराश होकर वापिस लौट गया। क्षेत्र के हसनपुर मसूरी गांव के उद्योग पार्क कालोनी में दिल्ली निवासी उद्यमी विशाल ग्रोवर ने एक फेक्ट्री का निर्माण किया है। शनिवार को वह तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपनी शिकायत लेकर पहुंचा। उसका कहना है था कि उसने आयुर्वेदिक फेक्ट्री का रजिस्ट्रेशन की अनुमति कराने के लिए आवेदन किया था। लेकिन दस माह तक उसे अनुमति नहीं दी गई। वहीं संबंधित अधिकारी के पति से अनुमति के नाम पर उससे ढाई लाख रुपए की मांग की। लेकिन उसने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से कर दी। जिसके बाद संबंधित अधिकारी ने उसकी फाइल पर कई आरोप लगाकर उसे वापिस कर दिया। वहीं जांच के नाम पर फेक्ट्री में आकर मेरे पिता ओर मुझे अंजाम भुगतने की धमकी दी। जिलाधिकारी ने मामले की जांच के लिए कमेटी गठित कर दी। लेकिन जांच पूर्ण होने के बाद ना तो आरोपी अधिकारी के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई ओर ना ही उसे जांच रिपोर्ट दी गई। उसके द्वारा जो शिकायते की गई थी। उस पर संबंधित अधिकारी द्वारा जो पत्र दिए गए उनके पत्रांक संख्या तक नहीं दिए जा रहे है। वहीं अधिकारी का ट्रांसफर होने के बाद भी वह छुट्टी लेकर जनपद में ही डटी हुई है। पीड़ित उद्यमी का कहना है कि वह संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई को ओर जांच रिपोर्ट की मांग को लेकर तहसील में शिकायती पत्र देने आया था। लेकिन अधिकारियों द्वारा शिकायत पर कार्रवाई न होने पर मायूस होकर वापिस लौट गया। एसडीएम निकेत वर्मा का कहना है की उद्यमी द्वारा सूचनाएं मांगी गई थी। उसे सूचनाएं सूचना के अधिकार द्वारा मांगने के लिए बोला गया। शिकायत होती तो उस पर कार्रवाई जरूर की जाती।

# निवाड़ा गांव में महिला मोर्चा की सभा, मोदी-योगी सरकार की नीतियों पर चर्चा

**समाज जागरण**



बागपत। निवाड़ा गांव में राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष राखी राजपूत ने महिलाओं की सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कानून व्यवस्था और विकास संबंधी नीतियों पर विस्तार से जानकारी दी। राखी राजपूत ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब दंगाइयों और अपराधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मंच से नारा दिया– ह्लयोगी तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं। योगी तुम लट्ठ बजाओ, हम तुम्हारे साथ हैं। मोदी तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं।ह्व उन्होंने कहा कि यूपी में जो भी कानून के साथ खिलवाड़ करेगा, उसका हश्र बरेली जैसा होगा। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि यह नया भारत है और उत्तर प्रदेश अब विकास प्रदेश बन चुका है। उन्होंने इसे रामराज्य की ओर बढ़ता प्रदेश बताते हुए महिलाओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सहयोग करें। सभा में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं और उन्होंने राखी राजपूत के विचारों का समर्थन करते हुए नारे लगाए। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और विकास को लेकर संगठन ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। ग्रामीणों ने भी इस अवसर पर प्रदेश सरकार की नीतियों को सराहा और कानून-व्यवस्था की मजबूती को प्रदेश की बड़ी उपलब्धि बताया।

# जानो, खेलो और जीतो : खेल-खेल में सीखेंगे बच्चे सुरक्षा के पाठ

**--डीएम अस्मिता लाल की अभिनव पहल से बढ़ेगी बच्चों की जागरूकता**

**--सांप-सीढ़ी के खेल से मिलेगा शिक्षा और आत्मविश्वास का अनोखा संगम**

**समाज जागरण**



बागपत। बच्चों को यौन उत्पीड़न जैसे संवेदनशील मुद्दे पर जागरूक करने के लिए जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने शनिवार को एक अभिनव पहल की शुरूआत की। हमीदाबाद गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट से लॉन्च हुआ यह अभियान जानो, खेलो और जीतो बोर्ड गेम पर आधारित है, जो सांप-सीढ़ी के खेल के माध्यम से बच्चों को सुरक्षा, अधिकारों और आत्मरक्षा की जानकारी देगा। डीएम ने बच्चों को यह खेल सिखाते हुए बताया कि अब खेल-खेल में बच्चे अच्छा और बुरा टच पहचानना सीखेंगे, यौन उत्पीड़न से बचाव के उपाय जानेंगे और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने की आदत विकसित करेंगे। खेल में लाल, पीले और हरे रंग के कार्ड रखे गए हैं, जो क्रमशः यौन उत्पीड़न से बचाव, सामान्य ज्ञान और रोचक गतिविधियों से बच्चों को शिक्षित करेंगे। इस दौरान डीएम ने मिड-डे मील, कक्षाओं और बच्चों की उपस्थिति का भी निरीक्षण किया तथा बच्चों से संवाद कर उनकी समझ का आकलन किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा दोनों एक साथ सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। जिले के 250 से अधिक प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में इस खेल को लागू किया जाएगा। इसका उद्देश्य बच्चों की झिझक मिटाना, संवाद को प्रोत्साहित करना और सुरक्षित माहौल में सीखने की संस्कृति विकसित करना है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा–जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है, और यदि बच्चे अपने अधिकार समझेंगे तो अपराधियों को रोकना आसान होगा।

# टटीरी खाटू श्याम धाम में हुआ भजन-कीर्तन का भव्य आयोजन

**समाज जागरण**



बागपत के टटीरी स्थित खाटू श्याम मंदिर में खाटू श्याम का भजन कीर्तन के साथ गुणगान करती महिलायें

बागपत। जनपद बागपत के सुप्रसिद्ध खाटू श्याम धाम व सिद्ध पीठ श्री शनि धाम अग्रवाल मण्ड़ी टटीरी में पापांकुशा एकादशी व्रत के उपलक्ष्य में अमर जैन, शिव कुमार जैन, सुखमाल जैन परिवार की और से भव्य भजन-कीर्तन व भंड़ारे का आयोजन किया गया। भजन-कीर्तन का शुभारम्भ धाम के मुख्य पुजारी पंड़ित अनिल शास्त्री द्वारा विधी-विधान के साथ पूजन कराकर किया गया। भजन-कीर्तन कार्यक्रम में आये अतिथियों को धाम समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वृंदावन से आये भजन कलाकारों के भगवान खाटूश्याम जी के एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्र-मुग्ध कर दिया। मंदिर के अध्यक्ष प्रवीण गोयल ने बताया कि भगवान खाटूश्याम और भगवान शनि देव का यह धाम बहुत ही चमत्कारी है और इस धाम पर सच्चे मन से आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होती है। इस अवसर पर अमर जैन, सुखमाल जैन, प्रासुख जैन, मेघा जैन, अध्यक्ष प्रवीण गोयल, सचिव अंकुर शर्मा, पंकज, एड़वोकेट अशोक, विनोद मेम्बर, लीले मेम्बर, सुनील कुमार, संजीव शर्मा सहित सैंकड़ो की संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जा करके मदरसे का निर्माण किया

**समाज जागरण**

खेकड़ा। क्षेत्र के गोना गांव के एक व्यक्ति ने कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जा करके अवैध मदरसा चलाने की शिकायत तहसील में की। उसने शिकायती पत्र देकर इसकी जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। क्षेत्र के गोना गांव निवासी रशीद पुत्र एजाज अली ने शनिवार को तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र दिया। उसने बताया कि गांव में खसरा संख्या 495 कब्रिस्तान की भूमि है। गांव के ही कुछ दबंगों ने उस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। जिसके बाद उस पर अवैध रूप से मदरसा बनाकर उसका संचालन शुरू कर दिया। उसने कहा कि गांव के भोले भाले बच्चों को ब्रेन वास करके मदरसे में शिक्षा दिलाने के नाम पर स्कूल से भी रोका जा रहा है। जबकि मदरसे में विज्ञान, गणित आदि, अंग्रेजी आदि की शिक्षा भी नहीं दी जा रही है। मदरसे में ना जाने किस तरह की शिक्षा दी जा रही है। उसने कहा कि मदरसे में पढ़ाने वाले शिक्षकों की डिग्री की जांच हो। इसके साथ ही मदरसे को चलाने के लिए आर्थिक मदद किसके द्वारा की जा रही है इसकी भी जांच हो। साथ ही फंडिंग तो नहीं की जा रही इसकी भी जांच बहुत जरूरी है। उसने कहा कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले आरोपियों के पास मदरसा चलाने वाले की भी परमिशन नहीं है। उसने पत्र देकर कब्रिस्तान की भूमि को कब्जा मुक्त कराने ओर मदरसे की जांच कराने की मांग की।

# छपरौली ब्लॉक में टेंडर घोटाले की गंध, डीएम ने बैठाई जांच

**--नियम बदलकर ठेकेदारों को बाहर करने की साजिश बेनकाब**

**--ठेकेदारों की शिकायत पर डीएम अस्मिता लाल का बड़ा एक्शन**

**--जिम्मेदारों पर होगी कार्रवाई, एक सप्ताह की मोहलत**

**समाज जागरण**

बागपत। छपरौली क्षेत्र पंचायत में छह करोड़ रुपये के विकास कार्यों के टेंडर में बड़े पैमाने पर खेल का मामला सामने आया है। आरोप है कि ब्लॉक प्रशासन ने निविदा प्रक्रिया में नियम बदलकर दर्जनों ठेकेदारों को बाहर कर दिया और केवल क्षेत्र पंचायत में पंजीकृत ठेकेदारों को ही भागीदारी की अनुमति दी। इस मनमानी से 50 से अधिक ठेकेदार टेंडर प्रक्रिया से वंचित कर दिए गए। ठेकेदार सचिन कुमार, नरेंद्र, प्रताप सिंह, अंकुर कुमार सहित कई ठेकेदारों ने डीएम को शिकायत पत्र सौंपकर बताया कि शासनादेश के मुताबिक ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, लोनिवि, सिंचाई विभाग और जिला पंचायत के ठेकेदार भी टेंडर प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। इसके बावजूद ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ ने अपने नियम थोपकर निविदा को संकीर्ण दायरे में सीमित कर दिया। ठेकेदारों का कहना है कि क्षेत्र पंचायत में पंजीकरण कराने के लिए कोई नोटिस भी जारी नहीं किया गया, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। शनिवार को तहसील दिवस में पहुंचे ठेकेदारों ने डीएम अस्मिता लाल को मामले की पूरी जानकारी दी। डीएम ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ बाल गोविंद यादव से कड़ी नाराजगी जताई और शासनादेश की प्रति मंगवाने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि टेंडर प्रक्रिया शासन के नियमों के अनुसार ही होगी और सभी पात्र ठेकेदारों को भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। डीएम ने टेंडर प्रक्रिया में सुधार और निविदा को दोबारा नियमसम्मत तरीके से खोलने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

ह्लनिविदा की प्रक्रिया में त्रुटियां हुई हैं जिन्हें सुधारा जा रहा है। अब सभी विभागों के ठेकेदारों को मौका मिलेगा और इसके लिए एक सप्ताह का समय बढ़ाया गया है ह्व –बाल गोविंद यादव, बीडीओ छपरौली

# सपा की मासिक बैठक संपन्न, प्रत्येक बूथ पर नियुक्त होंगे बीएलए

**समाज जागरण**

बागपत। समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की जबकि संचालन डॉ. जितेंद्र यादव ने किया। बैठक की शुरूआत में जिलाध्यक्ष ने बड़ी संख्या में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकताओं को पार्टी के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। बैठक में संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक कार्यकताओं को सक्रिय



करने पर जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए समाजवादी पार्टी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के हर बूथ पर बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) नियुक्त करेगी। इसके लिए बूथवार मतदाता सूची की जांच और नाम सम्मिलित करने की जिम्मेदारी संगठन पदाधिकारियों को सौंपी गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद की तीनों विधानसभाओं में प्रत्येक बूथ पर बीएलए की सूची जल्द तैयार की जाए। बैठक में सपा प्रदेश सचिव संजीव त्यागी, मनोज चौधरी, राजपाल शर्मा, बिल्लू प्रधान, सुरेंद्र पंवार, रामपाल यादव, चिराग चौधरी, जितेंद्र भाटी, दौलत यादव, राहुल यादव, सलीम त्यागी, ललित चौधरी, डॉ. सुरेंद्र कश्यप, देवेंद्र यादव, राजीव प्रधान, तेजपाल बली, राजकुमार लूहारा, महबूब मलिक, शाहरुख, सुरेंद्र त्यागी, एड. विभोर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# श्री आदर्श रामलीला टटीरी ने किया कलाकारों को सम्मानित

**समाज जागरण**

बागपत। श्री आदर्श रामलीला कमेटी अग्रवाल मण्ड़ी टटीरी की और से रामलीला के समापन अवसर पर रामलीला के कलाकारों व सहयोगियों को माला पहनाकर व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया और उनका आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अंकुर शर्मा उर्फ अंकुर पंडित ने कहा कि रामलीला के कलाकारों का कार्य न केवल



बागपत के टटीरी की आदर्श रामलीला में कलाकारों को सम्मानित करते रामलीला कमेटी के पदाधिकारी

प्रदर्शन के लिए होता है, बल्कि यह धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण, सामाजिक एकता और पारंपरिक कलाओं को जीवित रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता है। कलाकार धार्मिक संदेशों को लोगों तक पहुंचाते हैं और दर्शकों को रामायण के चरित्रों से जुड़ने का मौका देते हैं। संयोजक संजीव शर्मा ने कहा कि आधुनिकता के दौर में भी भारतीय संस्कृति और सभ्यता को सहेजने का काम रामलीला के कलाकार कर रहे हैं। रामलीला का आयोजन जनसहयोग से किया जाता है और उनका उद्देश्य सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करना है। भगवान श्रीराम की इन लीलाओं के माध्यम से उनकी कमेटी लुप्त होती सनातन संस्कृति को सहेजने का प्रयास कर रही हैं। रामलीला का यह मंचन भारतीय संस्कृति को जीवित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अंकुर शर्मा उर्फ अंकुर पंडित, संयोजक संजीव शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक गोयल, मेला मंत्री रोहित गोयल, उपाध्यक्ष राजीव गोयल, आशु गर्ग मेला मंत्री, विकास गोयल मंत्री, उमादत्त शर्मा मेला मंत्री, मास्टर हरिओम शर्मा मेला मंत्री, पूर्व अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष विनोद गुप्ता, संजय फौजदार, प्रवीन गोयल, सोनू गुप्ता, प्रवीण कुमार, आलोक शर्मा, आकाश वर्मा, अतुल शर्मा सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राओं को व्यायाम, आत्मरक्षा के गुण सिखाए

**समाज जागरण**

छपरौली। नगर स्थित विजडम पब्लिक स्कूल में सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5 से प्रेरित होकर राष्ट्रीय आर्य वीर दल द्वारा छात्र-छात्राओं के मानसिक व शारीरिक विकास के लिए 8 दिवसीय चरित्र एवं राष्ट्र निर्माण शिविर के प्रथम दिन आयोजित किया गया। चरित्र एवं राष्ट्र निर्माण शिविर में राष्ट्रीय आर्यवीर दल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ छात्र-छात्राओं को व्यायाम, आत्मरक्षा और संस्कारों को पोषित करने के लिए राष्ट्र, समाज व सत्य सनातन



वैदिक धर्म जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बौद्धिक के साथ सर्वांग सुंदर व्यायाम, सूर्य नमस्कार आदि का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे है। आज के बदलते सामाजिक परिवेश में बेटियों को सशक्त बनाने के लिए भारतीय आत्मरक्षा कला नियुद्ध का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जो मिशन शक्ति के उद्देश्य को सार्थक करता है। शिविर को सम्बोधित करते हुए आर्यवीर दल के मुख्य व्यायाम शिक्षक एवं आर्यन्स गैलैक्सी एकेडमी लूम्ब के प्रधानाचार्य अनंगपाल आर्य ने कहा चरित्र एवं राष्ट्र निर्माण शिविर व मिशन शक्ति का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सशक्त ऊजार्वान एवं संस्कारवान बनाने के साथ उनमें राष्ट्र प्रेम ज्योति को प्रज्ज्वलित करना है। विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य योगेन्द्र सरोहा ने कहा कि 20 सितम्बर 2025 से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किया मिशन शक्ति फेज-5 सरकार की एक व्यापक और दूरदर्शी पहल है। जो देश की बेटियों को सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए सशक्त बनाने में सहायक होगा। इस अवसर पर विद्यालय संचालक आवेश पँवार व मनोज शर्मा तथा अंकित कुमार, देशपाल, सोनिया, रविना, नेहा, डोली, दिया सरोहा व अर्पिता आदि शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित रहे।

# 15 अक्टूबर से पहले कराएं पंजीकृत निर्माण श्रमिक अपना नवीनीकरण

बागपत। हायक श्रमायुक्त गोविन्द यादव ने जनपद के सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की है कि वे 15 अक्टूबर से पूर्व अपना नवीनीकरण अवश्य कराएं। श्रम विभाग उत्तर प्रदेश के अधीन भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा पंजीकृत श्रमिकों को मातृत्व सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन, कन्या विवाह सहायता, मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता, गंभीर बीमारी सहायता और अटल आवासीय विद्यालय जैसी योजनाओं का लाभ दिया जाता है। गोविन्द यादव ने बताया कि जिन श्रमिकों ने पिछले चार वर्ष या उससे अधिक समय से नवीनीकरण नहीं कराया है, उन्हें निष्क्रिय सूची में डाल दिया जाएगा। ऐसे श्रमिकों को किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा। सहायक श्रमायुक्त गोविंद यादव ने बताया कि श्रमिक नजदीकी जन सेवा केंद्र के माध्यम से अंशदान जमा कर नवीनीकरण करा सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित समय तक नवीनीकरण न कराने वालों की गणना पंजीकृत श्रमिकों में नहीं की जाएगी।

# प्रभु श्री राम जी को राजतिलक के साथ हुआ रामलीला का समापन

**मन्नू शर्मा पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब**



जैतो, :नगर की प्राचीन धार्मिक संस्था श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब द्वारा 19सितंबर लगातार मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के जीवन पर आधारित पर लीलाओं का खुबसूरत ढंग से मंचन किया जा रहा था।गत रात्रि श्री रामलीला में प्रभु श्री रामचंद्र जी को राजतिलक करके रामलीला का समापन किया गया । इस लीलाओं में विशाल डी. जे.गोनियाना खुबसूरत ढंग से स्टेट सजाई गई और रंग बिरंगी लाइटों का उचित प्रबंध किया गया।दीपक गोयल द्वारा प्रभु श्री राम जी का वापस अयोध्या में आने का दृश्य एवं भरत द्वारा प्रभु का अयोध्या में स्वागत देखने के काबिल था। लीला का शुभारंभ समाजसेवी और उद्योगपति एफ. सी. डोड इंडस्ट्रीज के मालिक श्री विशाल डोड एवं श्री राजीव डोड द्वारा किया गया। प्रभु श्री राम जी को विधिवत रूप से सिंहासन पर बिठाया गया एवं गुरु विशिष्ट जी द्वारा राजतिलक किया गया श्री महादेव कांवड़ संघ द्वारा बेह्तरीन प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को सम्मान चिन्ह देकर धन्यवाद किया गया इस अवसर पर क्लब द्वारा सभी मंडी निवासियों एवं सभी सहयोगी संस्थाओं का धन्यवाद किया गया इस मौके पर सरपरस्त सतीश कुमार भीरी, ईश्वर जिंदल,दर्शन चौधरी, म्यूजिक डायरैक्टर सोनू वर्मा,प्रधान मानक शाह शर्मा , मास्टर सुरेंद्र लूंबा ,राम अवतार वर्मा, अशोक गर्ग , नरेश मित्तल ,सुनील फैटी,नरेश शिवा, मोनू लूंबा,टिंकू ढला, बिंदु सदियोडा, जीवन सिंह, विकास गुरु, विपिन अरोड़ा, नंदी शर्मा, अमनदीप बांसल, अंकुर गर्ग, पंकज जिंदल ,भावित गोयल,नवल जैन, डागर कांत शर्मा आदि सहित क्लब के समूह सदस्य उपस्थित हुए।

अयोध्या पहुंचने पर भरत जी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी का स्वागत करते हुए। प्रभु श्री रामचन्द्र जी का राजतिलक का दृश्य।

# सितम्बर माह में टिकट चैकिंग दौरान 01.80 करोड़ रुपए जुमार्ना वसूला: मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



जैतो, : फिरोजपुर रेल मंडल प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल के टिकट चैकिंग दल द्वारा ट्रेनों में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे यात्रियों की इस प्रवृति पर रोक लगाने हेतु ट्रेनों में सतत टिकट चैकिंग किया जा रहा है। मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ एवं मुख्य टिकट निरीक्षकों द्वारा सितम्बर, 2025 के दौरान ट्रेनों में टिकट चैकिंग के दौरान कुल 28,583 यात्री बिना टिकट अथवा अनियमित यात्रा करते हुए पाए गए एवं उनसे जुमार्ने के तौर पर लगभग 01.80 करोड़ का राजस्व वसूल किया गया। फिरोजपुर मंडल द्वारा सितम्बर, 2025 के दौरान टिकट चेकिंग द्वारा अर्जित राजस्व पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है।मंडल के रेलवे स्टेशनों को साफ-सुथरा बनाए रखने तथा आम जनता को स्टेशनों पर गंदगी फैलाने से रोकने एवं उनको साफ-सफाई के प्रति जागरूक बनाने के लिए मंडल के मुख्य स्टेशनों पर नियमित जाँच की जाती है। इसके फलस्वरूप, सितम्बर माह में 556 यात्रियों को स्टेशन परिसर में गंदगी फैलाने के कारण (एंटी लिटरिंग एक्ट) उनसे 96 हजार रुपए से अधिक वसूल किये गए। मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल में टिकट चैकिंग अभियान जारी रहेंगे। टिकट चेकिंग का मुख्य उद्देश्य रेलवे टिकटों की बिक्री में सुधार और बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्रियों से जुमार्ना वसूल करना ताकि वे भविष्य में उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी ने बताया कि यह उपलब्धि मंडल के टिकट चेकिंग स्टाफ की सक्रियता, समर्पण और सतत प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अनियमित यात्रा और गंदगी फैलाने से रोकने के लिए रेलयात्रियों को नियमों के पालन हेतु लगातार अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है।

# करवा चौथ को चांद 8.11पर देगा दिखाई

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

जैतो, :करवा चौथ, भारतीय सुहागन महिलाओ के लिए एक महत्वपूर्ण त्यौहार माना जाता हैं। यह त्यौहार इस बार 10 अक्तूबर को मनाया जाएगा। करवा चौथ पर यदि मौसम अनुकूल रहा तो चंद्रमा रात्रि लगभग 8.11बजे



के आसपास देखा जा सकेगा। यह चंद्रमा विभिन्न नगरों में अलग -अगल समय पर नजर आएगा। यह जानकारी प्रख्यात ज्योतिषाचार्य दिवंगत पंडित कल्याण स्वरूप शास्त्री विद्यालंकार के पुत्र पंडित शिव कुमार शर्मा ने आज जैतो में दी। भारत व विदेशों में सनातन धर्मी महिलाएं इस व्रत को दिनभर निरंजन अपने अखंड सौभाग्य के लिए रखती है और चंद्रमा को अर्घ्य देकर ही अपना व्रत खोलती हैं।

# डब्ल्यूटीओ के दबाव में अमेरिका के कहने पर कृषि लागत एवं मूल्य आयोग की सिफारिश के बहाने बढ़ाई जा रही है यूरिया की कीमतें: लखविंदर सिंह औलख

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



जैतो / सिरसा : भारतीय किसान एकता (बीकेई) प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने अपना एक ब्यान जारी करते हुए कहा कि कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) ने सरकार को सलाह दी है कि यूरिया में सब्सिडी कम करके कीमतों में धीरे-धीरे बढ़ोतरी की जाए। औलख ने कहा कि भारत सरकार पर अमेरिका का दबाव है कि कृषि क्षेत्र में सब्सिडी कम की जाए, जबकि अमेरिका सरकार अपने देश में किसानों को बहुत ज्यादा सब्सिडी दे रही है। भारत के कृषि क्षेत्र में सब्सिडीज कम करने के लिए डब्ल्यूटीओ के दबाव में कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सीएसीपी) किसान विरोधी फरमान जारी कर रहा है। औलख ने कहा कि भारत में यूरिया उत्पादन लगातार बढ़ रहा है। 2015-16 में उत्पादन 24.5 मिलियन टन था, जो 2023-24 में 31.4 मिलियन टन तक पहुंच गया। 2024-25 में उत्पादन थोड़ी कमी के साथ 30.6 मिलियन टन रहा। आयात भी कम हुआ है, 2015-16 में 8.5 मिलियन टन यूरिया आयात हुआ था, जो 2024-25 में घटकर 5.6 मिलियन टन रह गया। इससे कुल खपत में आयात का हिस्सा 27.7 फीसदी से घटकर 14.6 फीसदी हो गया और आत्मनिर्भरता बढ़ी। ऐसे समय में किसानों पर आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं है। सीएसीपी का कहना है कि यूरिया के रेट बढड्डे से इसकी लागत कम हो जाएगी और अत्यधिक नाइट्रोजन से जमीन भी खराब नहीं होगी, लेकिन यह बिल्कुल आधारहीन तथ्य है। नरमे का एमएसपी 7710 रुपए और 8110 रुपए है, लेकिन मंडियों में 5000 से लेकर 6500 प्रति क्विंटल बिक रहा है। किसानों की लूट हो रही है। इसी तरह धान भी 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल एमएसपी से नीचे बिक रहा है। फसलों के दाम सही न मिलने की वजह से व सरकारों की गलत नीतियों के कारण किसान की आर्थिक हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है। इस साल भारी बरसात, जल भराव, सेम व बाढ़ से जान माल का बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। इसलिए हम भारत सरकार से अपील करते हैं कि यूरिया के रेटों में वृद्धि करके किसानों पर अनावश्यक बोझ ना डाला जाए।

# शिरोमणि कमेटी ने पाकिस्तान जाने वाले सिख तीर्थयात्रियों के लिए वीजा प्रक्रिया पूरी करने हेतु केंद्र स्थापित किए

### जिन तीर्थयात्रियों ने शिरोमणि कमेटी के पास पासपोर्ट जमा कर दिए हैं, वे निर्धारित तिथियों के अनुसार दिए गए स्थानों पर संपर्क करें- प्रताप सिंह

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**

अमृतसर /जैतो, :प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर पाकिस्तान जाने वाले तीर्थयात्रियों, जिन्होंने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी कार्यालय में अपने पासपोर्ट जमा कर दिए हैं, के वीजा शुल्क और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी करने के लिए ज़िलेवार केंद्र स्थापित किए गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिरोमणि कमेटी के सचिव प्रताप सिंह ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी शिरोमणि कमेटी ने श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर पाकिस्तान जाने वाले तीर्थयात्रियों से पासपोर्ट मांगे थे। शिरोमणि कमेटी कार्यालय में अपने पासपोर्ट जमा करने वाले तीर्थयात्रियों के लिए प्रक्रिया पूरी करने हेतु विभिन्न गुरुद्वारों में केंद्र स्थापित किए गए हैं।सरदार प्रताप सिंह ने कहा कि



अमृतसर, गुरदासपुर, तरनतारन और पठानकोट जिलों की संगतें 7, 8 और 9 अक्टूबर को एसजीपीसी कार्यालय में यात्रा विभाग में पहुंचें। इसी प्रकार, 7 अक्टूबर को कपूरथला जिले की संगतें, राजकीय गुरुद्वारा कपूरथला, संगरूर और बरनाला की संगतें, गुरुद्वारा नानकियाना संगरूर, बठिंडा और मानसा की संगतें गुरुद्वारा हाजीरतन साहिब बठिंडा और चंडीगढ़ मोहाली की संगतें गुरुद्वारा अंब साहिब मोहाली में पहुंचें। इसी तरह 8 अक्टूबर को जालंधर और फगवाड़ा की संगतें गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा अमन नगर नजदीक पठानकोट चौक, जालंधर पहुंचें, पटियाला और श्री फतेहगढ़ साहिब की संगतें गुरुद्वारा श्री दुखनिवारण साहिब पटियाला, फरीदकोट/श्री मुक्तसर साहिब और मोगा की संगतें गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब मुक्तसर और रोपड़ की संगतें गुरुद्वारा श्री भट्ठा साहिब से संपर्क करें। 9 अक्टूबर को होशियारपुर की संगत गुरुद्वारा श्री कलगीधर साहिब नजदीक रोशन ग्राउंड होशियारपुर, लुधियाना की संगत गुरुद्वारा मंजी साहिब, आलमगीर लुधियाना, फिरोजपुर/ फाजिल्का की संगत गुरुद्वारा श्री सिंह सभा (खालसा गुरुद्वारा) फिरोजपुर कैंट, नवांशहर/ बंगा की संगत गुरुद्वारा चरणकंवल साहिब पातशाही छेवीं बंगा पहुंचेगी।

# स्वच्छ स्टेशन के अंतर्गत मंडल के रेलवे स्टेशनों पर गहन साफ-सफाई अभियान चलाया गया

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब)**



जैतो,: फिरोजपुर रेल मंडल के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि भारतीय रेलवे, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के सपने को साकार करने और स्वच्छता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक "स्वच्छता पखवाड़ा अभियान-2025" चलाया जा रहा है। मंडल के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर आज सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया । इन रेलवे स्टेशनों पर सफाई मशीनों, उपकरणों और संयंत्रों, सफाई कर्मचारियों के लिए सुरक्षात्मक गियर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। रेलवे स्टेशन की ट्रैक, यार्ड, वाटर बूथ, शौचालयों, नालियों की साफ-सफाई सुनिश्चित की गई। यात्रियों को कूड़ेदान के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों व ट्रेन की छतों पर सोलर पैनलों की सफाई सुनिश्चित की गई। स्टेशनों पर लगे बोतल क्रशर मशीन की कार्यप्रणाली की जांच की गई तथा रेलयात्रियों को जागरूक किया गया कि उपयोग के बाद वे प्लास्टिक की बोतलों को बोतल क्रशर मशीन में डालकर ही नष्ट करें। मंडल के स्टेशनों पर सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से होने वाली हानियों व इसका उपयोग ना करने के बारे में यात्रियों को पैम्फलेट / पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से जागरूक किया गया।

# केंद्र सरकार ने 7-15 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिए आधार बायोमेट्रिक अपडेट प्रक्रिया के लिए शुल्क माफ किया

**(रघुनंदन पराशर जैतो समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख)**

नई दिल्ली , :जनहित में उठाए गए एक बड़े कदम के तहत, भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआई डीएआई) ने अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू-1) के सभी शुल्क माफ कर दिए हैं। इस कदम से करीब 6 करोड़ बच्चों को लाभ मिलने की उम्मीद है।उक्त आयु वर्ग के लिए एमबीयू शुल्क में छूट 1 अक्टूबर 2025 से लागू हो चुकी है और यह सुविधा एक वर्ष की अवधि के लिए लागू रहेगी।पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चे का, आधार के लिए नामांकन उसकी तस्वीर, नाम, जन्मतिथि, लिंग, पता और जन्म प्रमाण पत्र प्रदान करके किया जाता है। पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के आधार नामांकन के लिए उनके उंगलियों के निशान और आँखों की पुतलियों के बायोमेट्रिक्स नहीं लिए जाते, क्योंकि वे उस आयु तक परिपक्व नहीं होते।

इसलिए, मौजूदा नियमों के अनुसार, बच्चे के पाँच वर्ष की आयु पूरी करने पर उसके आधार में उंगलियों के निशान, आँखों की पुतलियों और तस्वीर को अनिवार्य रूप से अपडेट करना जरुरी है। इसे पहला अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट (एमबीयू) कहा जाता है। इसी तरह, 15 वर्ष की आयु होने पर बच्चे को एक बार फिर बायोमेट्रिक्स अपडेट कराना जरुरी होता है, जिसे दूसरा एमबीयू कहा जाता है।इस प्रकार, पहला और दूसरा एमबीयू, यदि क्रमशः 5-7 वर्ष और 15-17 वर्ष की आयु के बीच कराया जाता है, तो यह निःशुल्क होता है। इसके बाद, प्रति एमबीयू 125 रुपये का निर्धारित शुल्क लिया जाता है। इस फैसले से अब 5-17 वर्ष की आयु वर्ग के सभी बच्चों के लिए एमबीयू प्रभावी रूप से निःशुल्क है।अपडेट किए गए बायोमेट्रिक के साथ आधार, जीवन में कई प्रक्रियाओं को आसान बनाता है और स्कूल में प्रवेश, प्रवेश परीक्षाओं के लिए पंजीकरण, छात्रवृत्ति का लाभ उठाने, डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) योजनाओं आदि जैसी सेवाओं, जहाँ भी यह लागू होता है, उनका लाभ उठाने में आधार का उपयोग सरल बनाता है। माता-पिता/अभिभावकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने बच्चों/आश्रितों के बायोमेट्रिक्स को प्राथमिकता के आधार पर आधार में अपडेट करें।

# अखिल भारतीय सेवा संघ द्वारा आज रक्तदान कैंप का आयोजन

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) समाज सेवा के प्रति समर्पण और मानवता की भावना को आगे बढ़ाते हुए अखिल भारतीय सेवा संघ, शाखा कालांवाली द्वारा कल रविवार 05 अक्टूबर को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर श्रावक रत्न समाज भूषण गरीबों के मसीहा, संथारा साधक रूलदु राम जैन रब्ब जी की भोग रस्म के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है' यह रक्तदान शिविर कालांवाली के ओढ़ां रोड स्थित सीजन रिजॉर्ट में आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में समस्त बावेल परिवार उपस्थित रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. इन्द्र गोयल राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय सेवा संघ करेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के तोर पर श्री राजेन्द्र गर्ग राष्ट्रीय सचिव,




अखिल भारतीय सेवा संघ शिरकत करेंगें। यह जानकारी देते हुए इस रक्तदान शिविर के प्रोजेक्ट चेयरमैन दीपक मकानी ने बताया कि इस शिविर के आयोजन में शिव शक्ति ब्लड बैंक, सिरसा की टीम सहयोग करेगी, ताकि एकत्रित रक्त जरूरतमंद मरीजों तक सुचारू रूप से पहुँच सके। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में रक्तदान जैसे महान कार्य को प्रोत्साहित करना है। संरक्षक नरेश गर्ग, प्रधान डॉ. राजेशदीप गोयल व सलाहाकार श्रवण प्रजापति के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होने जा रहा है' इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजसेवी, गणमान्य व्यक्ति तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने सभी को इस पुनीत कार्य में शामिल होने और अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है।

# थाना कालांवाली पुलिस ने सोने के आभूषण चोरी की गुत्थी सुलझाई

### आरोपी को गिरफ्तार कर चोरीशुदा आभूषण किए बरामद

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) डबवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने व चोरों की धरपकड़ को लेकर चलाये गये विशेष अभियान के तहत थाना कालांवाली पुलिस ने सोने के आभूषण चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को जगमालवाली से काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान महकदीप सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी जगमालवाली के रूप में हुई है। इस संबंध में प्रभारी थाना कालांवाली पीएसआई सुनील कुमार ने बताया कि दिनांक 16.09.2025 को लखबीर सिंह उर्फ मन्ना पुत्र कुलदीप सिंह उर्फ लड्डू निवासी जगमालवाली की शिकायत पर कि दिनांक 16 सितम्बर की रात दो बजे को उसके घर में बनी अलमारी से सोने के आभूषण किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिए जाने पर आरोपी के खिलाफ थाना में अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई थी । जो जांच के दौरान मामले की तफ्तीश करते हुए मुख्य सिपाही गुरमिन्दर सिंह ने अपनी टीम के साथ घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाते हुए आरोपी महकदीप सिंह को काबू कर लिया । जो आरोपी के कब्जा से चोरीशुदा सोने के आभूषण भी बरामद कर लिये । आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा ।

# श्री इच्छापूर्ण श्याम मंदिर जैतो ने किए रामलीला कलाकार सम्मानित

### हर साल करते हैं सम्मानित - टिनु शर्मा

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण पंजाब चीफ ब्यूरो)**



जैतो, :प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था श्री श्याम सेवा मंडल जैतो गंगसर द्वारा संचालित श्री इच्छापूर्ण श्याम मंदिर ने पिछले सालों की तरह इस बार भी श्री रामा कृष्णा ड्रामाटिक क्लब जैतो के कलाकारों को सम्मानित किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए मंडल प्रधान श्री संजीव टिनु शर्मा, मंडल पी.आर.ओ.श्री नरेश मित्तल ने बताया कि हमारी संस्था सनातन संस्कृति के प्रचार संबंधी हर कार्य में लगीं रहती है और जहां भी सनातन धर्म का प्रचार होता है ,वहां पर अपना बढ़ चढ़ योगदान जरुर डालतीं है। पुर्व सचिव श्री विकास दीपू बांसल ने कहा कि इसी कड़ी के तहत पिछले कई दिनों से जैतो में चल रही रामलीला के 4 कलाकार सर्वश्री अमन बांसल को श्री राम की भूमिका,श्री अंकुर गर्ग को लक्ष्मण,श्री भवेह गोयल सदावरतीया को माता सीता और श्री पंकज जिन्दल को हनुमान जी की अहम भूमिका निभाने के साथ -साथ संगीत निर्देशक श्री सोनू वर्मा को भी सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि जैतो के श्री श्याम मंदिर में हर एकादशी को सुबह महिला मंडल द्वारा और रात को मंदिर की गायक मंडली द्वारा बाबा श्याम जी का गुणगान किया जाता है, संकीर्तन में भक्त दूर -दूर से माथा टेकने आते हैं। इस अवसर पर श्री यशपाल जिन्दल, श्री शालू शर्मा, श्री संजय काका जिन्दल, श्री राकेश यादव, श्री अनिल जिन्दल, श्री राम अवतार वर्मा, श्री हैप्पी जिन्दल, श्री लविश जिन्दल आदि भी मोजूद थे।

# करनपुर प्राथमिक विद्यालय में एक बड़ा हादसा होते-होते टला बाल-बाल बचे बच्चे!

**समाज जागरण संवाददाता निगोहां**

लखनऊ, निगोहा क्षेत्र के करनपुर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। विद्यालय परिसर में खड़ा यूकेलिप्टस का एक पुराना और जर्जर पेड़ अचानक भरभराकर गिर पड़ा। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ। गनीमत रही कि उस समय बच्चे पेड़ के आसपास मौजूद नहीं थे, अन्यथा बड़ा अनहोनी घट सकती थी।पेड़ गिरने से विद्यालय प्रांगण में बना भोजन कक्ष मिड-डे मील कक्ष टीन शेड समेत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही अभिभावकों में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और अभिभावक मौके पर पहुंच गए और विद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। आक्रोशित अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में लगे करीब दो दर्जन से अधिक पुराने, जर्जर और झुके हुए यूकेलिप्टस पेड़ों को बच्चों की जान के लिए खतरा बताते हुए जमकर हंगामा किया। उन्होंने साफ कहा कि जब तक ये सभी पेड़ काटे नहीं जाते, वे अपने बच्चों को विद्यालय नहीं भेजेंगे। हंगामे के बीच अभिभावक अपने-अपने बच्चों को लेकर स्कूल से वापस चले गए।

अभिभावक राम खेलावन ने कहा,हम अपने बच्चों की जान जोखिम में नहीं डाल सकते। ये पेड़ कभी भी गिर सकते हैं। आज तो



भगवान का शुक्र है कि कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन हम इंतजार नहीं कर सकते कि कोई हादसा हो।घटना के बाद विद्यालय प्रशासन ने स्थिति संभालने की कोशिश की और मामले की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सहायक अध्यापक विद्या प्रसाद यादव ने बताया कि पेड़ों की जर्जर स्थिति को लेकर उन्होंने विभाग को कई बार पत्र लिखकर कटान की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।ग्राम प्रधान मदन मोहन सिंह ने भी विभाग की लापरवाही उजागर करते हुए बताया कि विद्यालय में दो बार अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की योजना स्वीकृत हुई थी, लेकिन पेड़ों के कटान न होने की वजह से योजना वापस लौट गई। एबीएसए ने अध्यापकों को ठहराया जिम्मेदार! मामले में खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कन्नौजिया ने कहा कि यह विद्यालय अध्यापकों की लापरवाही है।आज तक इन लोगों ने पेड़ों की समस्या को लेकर हमें अवगत नहीं कराया। इस लापरवाही के लिए संबंधित लोगों पर कार्यवाही की जाएगी।ग्रामीणों और अभिभावकों ने स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि विद्यालय परिसर से सभी पुराने और कमजोर पेड़ तुरंत काटे जाएं ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।यह घटना विभागीय उदासीनता और लापरवाही की ओर साफ इशारा करती है, जो बच्चों की जान को खतरे में डाल रही है। अभिभावकों की मांग है कि इस मामले में तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं।

# मालिया नदी के तेज बहाव से टूटा संपर्क मार्ग, किसानों की धान फसल बहकर हुई बर्बाद

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

विंढमगंज/ सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र के फुलवार गांव में जोरूखाड़ से महुअरिया सुईचट्टान को जोड़ने वाला पीसीसी संपर्क मार्ग मालिया नदी के तेज पानी के बहाव में टूट गया। बारिश और नदी के बढ़ते जलस्तर के चलते मार्ग का एक हिस्सा पूरी तरह बह गया है, जिससे गांवों के बीच यातायात पूर्णतः बाधित हो गया है। फुलवार, जोरूखाड़ और महुअरिया के लोगों को बाजार, स्कूल और अस्पताल जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पानी के तेज बहाव से नदी किनारे स्थित खेतों का बड़ा हिस्सा भी कट गया। कई एकड़ में खड़ी धान की फसल पानी में बहकर नष्ट हो गई। किसानों का कहना है कि उन्होंने बड़ी मेहनत से रोपाई की थी, लेकिन अब सारी मेहनत पर पानी फिर गया।फुलवार गांव के किसान संतोष कुमार यादव ने बताया कि नदी का बहाव इतना तेज था कि कुछ ही घंटों में पूरा खेत पानी में समा गया। मिट्टी कटकर बह जाने से अब दोबारा खेती करना भी मुश्किल हो जाएगा।ह्व इसी तरह किसान विनोद राय ने कहा कि फसल के साथ-साथ सड़क टूटने से अब हम अपने उत्पाद या जरूरत की चीजें बाजार तक नहीं ले जा पा रहे हैं, जिससे आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।घटना की जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान जोरूखाड़ विमल यादव मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नदी के तेज प्रवाह से सड़क और किसानों दोनों को भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन को तत्काल इस मार्ग की मरम्मत करानी चाहिए एवं प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए।ग्राम प्रधान ने अधिकारियों से जल्द सर्वे कर क्षतिग्रस्त सड़क को दुरुस्त करने और राहत राशि जारी करने की मांग की है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने तहसील दुद्धी में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर की जन सुनवाई

**उपेन्द्र तिवारी/ समाज जागरण**

दुद्धी/ सोनभद्र। तहसील दुद्धी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सोनभद्र बद्रीनाथ सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से जन समस्याओं की सुनवाई की गई। समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को यह निर्देशित



किया गया कि प्रत्येक मामले का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से भूमि विवाद संबंधी मामलों में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संयुक्त जांच कर निस्तारण किया जाए, ताकि फरियादियों को एक विभाग से दूसरे विभाग के चक्कर न काटने पड़ें और उनकी समस्याओं का त्वरित एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय व क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार द्वारा तहसील दुद्धी पर जन समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया।

# किसानों को दलहनी एवं तिलहनी फसल की मिनी किट वितरित

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। विकासखंड हरहुआ क्षेत्र के राजकीय कृषि बीज भंडार चांदमारी पर किसानों को रबी मौसम की दलहनी और तिलहनी फसलों (सरसों, मटर, चना, मसूर) के निःशुल्क मिनिकिट वितरित किए गए।

वितरण के दौरान किसानों को चना के 17 पैकेट, मटर के 20 पैकेट, मसूर के 3 पैकेट और सरसों के 100 पैकेट दिए गए।

सहायक विकास अधिकारी कृषि देवेंद्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि दलहनी-तिलहनी फसलों से कम लागत में अधिक आय प्राप्त की जा सकती है। बीटीएम रामसकल मौर्य ने किसानों को सलाह दी कि वे अपने वार्षिक फसल चक्र में इन फसलों को अवश्य शामिल करें, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति बनी रहती है।

कार्यक्रम में गोदाम प्रभारी बच्चू लाल, प्राविधिक सहायक आकांक्षा राय व अर्चना सिंह, एटी एम मनीष सिंह व अखिलेश सिंह राहुल कुमार उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, महेंद्र नारायण सिंह, हृदय नारायण सिंह, अमरजीत पटेल, कमलेश सिंह, सुरेन्द्र कुमार, बच्चे लाल, प्रेमचंद्र, जितेंद्र कुमार सिंह, हरी शंकर यादव, पंचम राम, फूलझारी देवी, केशरी देवी और राजेश पटेल सहित कई प्रगतिशील कृषक भी मौजूद रहे।

# एक पखवाड़े से बी पैक्स आयर से यूरिया नहीं मिल रही, सत्यापन के बाद ही मिलेगी खाद।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। एक पखवाड़े से बी-पैक्स आयर से यूरिया नही मिल रही है।दुकानों पर किसानों से या तो ज्यादा दाम लिया जा रहा या तो यूरिया के साथ जिंक सल्फर लेने पर मजबूर किया जा रहा है।

लगातार हो रही बरसात धान की फसल के लिए अनुकूल माहौल बना रही है। इस मौसम में किसान खेतों में यूरिया का छिड़काव करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

बी-पैक्स (प्राथमिक कृषि ऋण समितियां) पर यूरिया है।

किसान अशोक और यशस्वी ने बताया कि सरकार खाद की उपलब्धता के दावे कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर ये दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

दयाराम, राजकुमार और देवेंद्र सहित अन्य किसानों का कहना है कि देर से पकने वाली धान की किस्मों के लिए अभी यूरिया की सख्त आवश्यकता है। किसानों ने तत्काल यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की है।

बी-पैक्स आयर सचिव दुर्गा प्रसाद मिश्रा के अनुसार खाद गोदाम में है लेकिन सत्यापन के बाद मंगलवार से मिलना शुरू होगा। वहींसहायक विकास अधिकारी सहकारिता प्रदीप मौर्य ने बताया कि रैक लग चुकी है दो तीन दिनों के बाद जिस बी पैक्स पर खाद नहीं है उपलब्ध हो जाएगा।

# पानी बहने को लेकर मारपीट एक घायल दो पर केस दर्ज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र के रैसी रामपुर में शुक्रवार को देर रात हो रही चक्रवर्ती बरसात के पानी बहने को लेकर एक पक्ष द्वारा गड़ासा के वट तथा चाकू लेकर घर पर चढ़कर मार पीट कर घायल कर दिया गया घायल की तहरीर पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताते चलें कि वादी विनोद कुमार प्रजापति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बरसात के पानी बहने को लेकर पड़ोसी द्वारा ऋषि नारायण सिंह व अमित कुमार सिंह द्वारा गड़ासा के बट तथा चाकू लेकर वादी के घर पर चढ़कर गड़ासा से के वट से वार कर घायल कर दिया पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है इस मामले में थाना प्रभारी जंसा अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि वादी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा एक आरोपी ऋषि नारायण सिंह को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई कर दी गईं है।

# विभागीय उदासीनता से इटवा क्षेत्र में लकडी माफिया हुए पूरी तरह बेलगाम।

**समाज जागरण**



सिद्धार्थनगर। विभागीय उदासीनता से इटवा क्षेत्र में लकडी माफिया पूरी तरह बेलगाम हो चुके हैं। इन लकडी माफियाओं के आगे वन विभाग व पुलिस के लोग बेबस साबित हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक वन माफिया बेखौफ होकर ग्रामीण अंचल के क्षेत्रों में प्रतिदिन हरे वृक्षों की कटाई करते हैं और सब कुछ जानने के बावजूद भी जिम्मेदार हाथ पर हाथ रखे बैठे रहते हैं। ऐसे में हरियाली की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदार कितना सजग हैं इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। जानकारी के मुताबिक इटवा क्षेत्र के आसपास के गांवों में वन विभाग व पुलिस विभाग के रहमों करम पर वन माफियाओं का आतंक चरम सीमा पर है और जिम्मेदारों की घोर लापरवाही जिम्मेदारों की भूमिका को संदेह के घेरे में कैद कर देने वाली है। ऐसे में हरियाली की सुरक्षा भगवान भरोसे ही बताई जाती है। जानकारों का मानना है कि हरियाली कम होने की वजह से शुद्ध अक्सीजन मिलने का सपना तार तार होने की प्रबल संभावना पैदा होती है सबसे अहम सवाल यह है कि जिम्मेदार हरियाली की सुरक्षा के प्रति उदासीन क्यों बने हैं। ऐसे में जिम्मेदारों व हरियाली माफियाओं के बीच की कडी कहीं सुविधा शुल्क तो नहीं है जो कि दोनों के गठजोड को संजीवनी देने का काम कर रही ही। सूत्रों की माने तो इटवा तहसील क्षेत्र में प्रतिदिन बन हरियाली का कत्ल माफिया सैकडों वृक्षों को काट डालते हैं। सुविधा शुल्क के चक्कर में जिम्मेदार आंख बंद किये रहते हैं। सूत्र बताते है कि हरे वृक्षों को धराशाई करने से पहले वन माफिया वन विभाग व पुलिस विभाग के लोगों से तालमेल मिलाते हैं और कुछ वन माफिया मात्र एक दो हरे वृक्षों के कटान का परमिट बनवा कर उसी परमिट की आड में दर्जनों वृक्षों को धराशाई कर देते हैं। अब देखना है कि जिम्मेदारों व वन माफियाओं की तिकडी सांठगांठ से हरे वृक्षों पर कब तक जुल्म ढहता रहेगा।

# लड़की भगाने वाले नाबालिक को किया गिरफ्तार, नाबालिग लड़की बरामद

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



रामेश्वर वाराणसी।। कपसेठी पुलिस को शनिवार को दूरभाष डायल 112 पीआरवी के पुलिस कर्मियों द्वारा सूचना मिली की इसरवार गांव में एक लडका एक नाबालिग लड़की को लेकर कही भगाने के फिराक में है और उस लड़के को मौके पर लड़की के परिजनो ने उस पकड़ लिया है। और काफी हंगामा कर रहे है। सूचना पर कपसेठी पुलिस मौके पर पहुंची जहां भीड़ लगी हुयी थी।वही किशोर बालिका को अपने साथ ले जाने की जिद कर रहा था मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा उक्त लड़के का नाम पता पूछा गया तो उसने अपना काल्पनिक नाम दीपक निवासी गणेशपुर कॉलोनी थाना शिवपुर स्थाई पता ग्राम गोसाईपुर मुहवा दशरथपुर चोलापुर उम्र करीब 17 वर्ष बताया तथा घटना के संबंध में पूछताछ करने पर उक्त नाबालिग किशोर दीपक ने बताया कि रोशनी निवासी ग्राम इसरवार थाना कपसेठी उम्र करीब 17 वर्ष मेरी रिश्तेदारी में आती है। और मेरा रोशनी के गांव में आते जाते उससे प्रेम संबंध हो गया है। आज हम दोनो बिना परिजनो की जानकारी के भागकर शादी करने का प्लान बनाये थे। इसलिये रोशनी को लेने उसके घर आया था फिलहाल पुलिस नाबालिक लड़की को बरामद कर आगे की कानूनी कार्यवाही में जुटी हुई है।

# हरहुआ बाजार का रामलीला 8 अक्टूबर से होगा शुरू

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। श्री आदर्श रामलीला समिति,हरहुआ का 10 दिवसीय रामलीला 8 अक्टूबर से शुरू होगा।

रामलीला अध्यक्ष प्रदीप सिंह व संरक्षक अवध कुमार वर्मा के अनुसार सुप्रसिद्ध धनुष यज्ञ 10 अक्टूबर,विजया दशमी 16 अक्टूबर और भरत मिलाप लाग विमान ,झांकी 17 अक्टूबर को विशेष आकर्षक ढंग से पारम्परिक रूप से आयोजित होगा।

# जनकवि धूमिल के गाँव खेवली का विजयादशमी 7 अक्टूबर को

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जनकवि धूमिल के पैतृक गांव खेवली का विजयादशमी 7 अक्टूबर दिन मंगलवार को होगा।

रामलीला समिति अध्यक्ष राजनाथ सिंह के अनुसार मौसम प्रतिकूल होने के कारण स्थानीय भक्तजनों की सुविधानुसार उपरोक्त तिथि निर्धारित की गई है।

# "सुरेश चव्हाणके का शस्त्र पूजन: आत्मरक्षा, धर्मस्थापना और सनातन परंपरा का जीवंत संदेश"

## दशहरे पर शस्त्र पूजन: सुरेश चव्हाणके ने बताया सनातन धर्म का वास्तविक अर्थ—दया, करुणा और आत्मरक्षा

**समाज जागरण**
**विशेष संवाददाता / रविंद्र आर्य**







दशहरा पर्व का महत्व केवल राम-रावण युद्ध की कथा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सनातन धर्म की आत्मरक्षा और धर्म की स्थापना की अनवरत परंपरा का प्रतीक भी है। सनातन संस्कृति में शस्त्र पूजन केवल अस्त्र-शस्त्र की महिमा का गुणगान नहीं, बल्कि उनकी मयार्दा और जिम्मेदारी का भी स्मरण है। इसी परंपरा को सुदर्शन न्यूज चैनल के प्रमुख और हिंदू राष्ट्रवाद की वैचारिक धारा को नई परिभाषा देने वाले सुरेश चव्हाणके हर वर्ष अपने नेतृत्व में शस्त्र पूजन कर जीवित रखते हैं।

### शस्त्र पूजन का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व

भारत की परंपरा में अस्त्र-शस्त्र को पूजनीय माना गया है। यह केवल युद्ध और हिंसा का साधन नहीं, बल्कि धर्म, न्याय और सत्य की रक्षा का माध्यम रहे हैं। देवी दुर्गा के हाथों में शस्त्र हों या भगवान राम का धनुष—ये प्रतीक हमेशा यह दशार्ते हैं कि जब अधर्म और अन्याय अत्यधिक बढ़ जाए, तब शस्त्र उठाना धर्म का कर्तव्य बन जाता है।

दशहरे पर शस्त्र पूजन का आयोजन इसी गहरी सांस्कृतिक स्मृति को जीवित करता है। यह हमें याद दिलाता है कि शस्त्र निदोर्षों को डराने या आतंक फैलाने के लिए नहीं, बल्कि केवल अन्याय और दुष्टता के विनाश के लिए हैं।

### सुरेश चव्हाणके और सनातन दृष्टिकोण

सुरेश चव्हाणके स्पष्ट करते हैं कि सनातन धर्म का आधार हिंसा नहीं, बल्कि दया, करुणा और मानवता है। शस्त्र पूजन का आशय यह नहीं कि हिंदू समाज कट्टरता की राह पर चले या किसी विचारधारा को भयभीत करे। इसका अर्थ केवल और केवल आत्मरक्षा और धर्म की स्थापना है। आज जब इस्लामी कट्टरता खुले आम हिंसा और आतंक का वातावरण बना रही है, ऐसे समय में शस्त्र पूजन हमें याद दिलाता है कि सनातन धर्म केवल आत्मरक्षा के लिए ही शस्त्र उठाता है। इतिहास गवाह है कि हर बार अन्याय पराजित हुआ है और सनातन धर्म ने विजय पाई है।

### दशहरा और आत्मरक्षा का संदेश

शस्त्र हमारी सनातन परंपरा का गौरव हैं।

ये केवल लोहे के हथियार नहीं, बल्कि राष्ट्र रक्षा, धर्म सुरक्षा और अन्याय के विनाश का संकल्प हैं।

आज सुदर्शन परिवार ने शस्त्र पूजन कर यह घोषणा की–

हम केवल कलम से नहीं, बल्कि शौर्य और संकल्प से भी भारत माता की अखंडता की रक्षा करेंगे।

धर्म के शत्रुओं के लिए शस्त्र हमारी ढाल भी हैं और प्रहार भी।

आत्मरक्षा ही सर्वोच्च धर्म है और करुणा ही सनातन संस्कृति की धरोहर है – यही दशहरा हमें याद दिलाता है।

सेक्टर-57, नोएडा स्थित मुख्यालय में सुदर्शन न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. सुरेश चव्हाणके ने विजयादशमी के उपलक्ष्य में शस्त्र पूजन समारोह का आयोजन करते हुए समाज को ह्लचलो सुदर्शन मुख्यालयह्व का आह्वान किया और हिंदू समाज से शास्त्र (ज्ञान) के साथ शस्त्र (लाइसेंसी हथियार) का संकल्प लेने की अपील की।

### दशहरे से मिलने वाली शिक्षा

* शस्त्र का प्रयोग केवल अन्याय और अत्याचार को समाप्त करने के लिए हो।
* मानवता, करुणा और दया भाव सनातन धर्म की आत्मा है।
* आत्मरक्षा धर्म है, किंतु आक्रामकता और आतंक अधर्म।

दशहरा सिखाता है कि धर्म की रक्षा हेतु शस्त्र आवश्यक हैं, पर उनका उद्देश्य केवल शांति और न्याय की स्थापना होना चाहिए। सुरेश चव्हाणके का शस्त्र पूजन इस सनातनी परंपरा का जीवंत प्रतीक है, जो आज भी समाज को यह प्रेरणा देता है कि आत्मरक्षा ही सर्वोच्च धर्म है और करुणा उसकी आत्मा।

### दशहरा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का ऐतिहासिक प्रसंग

सुरेश चव्हाणके ने बताया कि ठीक 100 वर्ष पहले विजयादशमी (1925) के दिन ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फरर) की स्थापना समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से हुई थी। यह संयोग दशार्ता है कि दशहरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि धर्म और राष्ट्र रक्षा का प्रतीक भी है।

इस अवसर पर सुरेश चव्हाणके ने शस्त्र पूजन करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ परिवार के प्रत्येक कार्यकर्ता को हार्दिक शुभकामनाएँ और कृतज्ञ प्रणाम अर्पित किया।

यह आयोजन सुदर्शन न्यूज परिवार के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

# डीएम की अध्यक्षता में बांसी तहसील में समाधान दिवस का किया गया आयोजन

## समाधान दिवस में आयुक्त बस्ती मंडल बस्ती भी रहे मौजूद।

**समाज जागरण**



सिद्धार्थनगर। शासन के मंशानुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। तहसील बांसी. में जिलाधिकारी डाक्टर राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं आयुक्त बस्ती मण्डल,बस्ती अखिलेश सिंह, उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील बांसी. में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी डाक्टर राजा गणपति आर0 एवं उपजिलाधिकारी बांसी श्री निखिल चक्रवर्ती द्वारा किया गया।जिलाधिकारी डाक्टर राजा गणपति आर0 ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस बांसी. में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आई जी आर एस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 61 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-30, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-06, विकास-10, पूर्ति-02 व अन्य 13 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी डाक्टर राजा गणपति आर0 द्वारा राजस्व के 11 प्रार्थना-पत्र को मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर रजत कुमार चौरसिया,पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी,जिला विकास अधिकारी सतीश कुमार सिंह,जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार, उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल,जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह,जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह,तहसीलदार बांसी, तहसील बांसी. क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# चोरों की सक्रियता बढ़ी,रात मे समिति से कंप्यूटर और इनवर्टर की हुई चोरी

**समाज जागरण**



वाराणसी। स्थानीय विकासखंड अंतर्गत बीपैक्स शिवपुर मे बीती रात हुई चोरी मे कंप्यूटर और इनवर्टर समेत लाखो की चोरी की सूचना है। ज्ञातव्य है कि समिति के सचिव तथा सचिव यूनियन के अध्यक्ष सौरभ सिंह को सुबह दूरभाष पर स्थानीय कृषको ने सूचना दी कि समिति का ताला टूटा पड़ा है।

खबर मिलने पर सौरभ सिंह समिति पर पहुंचे तो पाया कि कंप्यूटर और संबंधित उपकरण तथा समिति का इनवर्टर गायब है।

इस संबंध मे पन्नूगंज थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई ।सब इंस्पेक्टर शिवबचन अपने सिपाहियो के साथ पहुंचे और घटनास्थल के साथ साथ निकटस्थ पंचायतभवन पर लगे सीसी कैमरे की फुटेज को खंगाला।

पुलिस ने जांचोपरांत आश्वासन दिया की संदिग्धो की पहचान की जा रही है और बहुत जल्द चोर गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

घटना की सूचना मिलते ही एडीओ चतरा श्रीचंद , सचिव रामगढ़ अमित गौतम, सचिव सोढ़ा अमित सिंह समेत समिति के अध्यक्ष व स्थानीय किसान भारी मात्रा मे समिति कार्यालय पर जुट गए।क्षेत्र मे आये दिन इस तरह की घट रही घटनाओ पर जनता मे बड़ा आक्रोश दिखा।

# जीएसटी2.0 से आम आदमी को मिलेगी राहत : हंसराज विश्वकर्मा

**समाज जागरण**



वाराणसी भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय केशरीपुर रोहनिया वाराणसी में जीएसटी संशोधन अभियान के अंतर्गत रोहनिया विधानसभा सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ। अध्यक्षता कर रहे सदस्य विधान परिषद/भाजपा जिला अध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रामप्रकाश दुबे संचालन कर रहे जीएसटी संयोजक जिला उपाध्यक्ष अरविंद प्रधान, जिला सह संयोजक दीप सिंह, राजीव वर्मा पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, प्रदेश मंत्री ओबीसी मोर्चा ज्योति सोनी, जिला महामंत्री सुरेंद्र पटेल, प्रवीण सिंह, संजय सोनकर, पवन सिंह, सुरेश सिंह, विनोद पटेल, प्रवेश पटेल मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश पटेल, आलोक पांडेय, प्रदीप प्रजापति, मोर्चा ज़िलाध्यक्ष विजय राज यादव, यूसुफ खान एवं ओमप्रकाश प्रियदर्शी आदि लोग उपस्थित रहे।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रो. के.पी सिंह ने कहा "राष्ट्र निर्माण में स्वयं सेवक संघ की अग्रणी भूमिका रही है"।

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जन्म जयंती के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के गांधी भवन द्वारा "स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत " विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में सभी वक्ताओं ने समाज हित एवं राष्ट्रहित में उपयोगी विचारों को सभी के साथ साझा किया। दीप प्रज्वलन, गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ।

गांधी भवन के निदेशक प्रो. के.पी. सिंह ने कार्यक्रम में आमंत्रित सभी अतिथियों का परिचय देते हुए अंगवस्त्र एवं फलों की टोकरी भेंट कर अभिनंदन किया। अपने स्वागत वक्तव्य में प्रो. सिंह ने वर्तमान परिदृश्य में वैश्विक पटल पर भारत की बढ़ती साख एवं आत्मनिर्भर भारत के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि आज भारत की आवाज विश्व पटल पर गूंज रही है। आज देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत गंभीरता से सुना जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान समग्र विश्व ने देखा कि भारत ने आतंकवाद के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा की स्वदेशी केवल विचार नहीं है अपितु हमारे हृदय का स्पंदन है। स्वदेशी ही देश को आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर बनने के लिए आत्मविश्वास और आत्मसम्मान का होना बहुत आवश्यक है।अब वह दिन दूर नहीं जब भारत संयुक्त राष्ट्र परिषद का स्थाई सदस्य भी बनेगा ।विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था भी बनेगा और 2047 तक विकसित राष्ट्र भी बनेगा। प्रो. सिंह ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर सभी आंगुतकों को बधाई देते हुए बताया कि संघ ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने और स्वदेशी अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । राष्ट्र निर्माण में स्वयं सेवक संघ की अग्रणी भूमिका रही है ।विशिष्ट अतिथि, विश्वविद्यालय के डीन,छात्र कल्याण, प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी ने स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत की बात भारतीय दर्शन के माध्यम से प्रारंभ की। उन्होंने कहा कि कोई भी युग रहा हो दो तरह की शक्तियां रही हैं। एक देव संस्कृति एवं एक दानव संस्कृति और देव संस्कृति ने सदैव अपने आत्म बल से दानव संस्कृति को पराजित किया है। गांधी जयंती के अवसर का उल्लेख करते हुए उन्होंने गांधी के दर्शन का भी उल्लेख करते हुए बताया कि गांधी जी पर सदैव राम का प्रभाव रहा है ।जिस प्रकार राम राजकुमार की परिधि से बाहर जाकर के 14 वर्ष के वनवास और लंका पर विजय प्राप्त करके विभीषण को लंका का राजा बनाकर अयोध्या लौटते हैं तो वह राम से मयार्दा पुरुषोत्तम राम बनने की यात्रा है। ठीक इसी प्रकार एक संपन्न परिवार का बालक अपने समस्त ज्ञान को अर्जित कर एक धोती पहनकर लाठी लेकर चल पड़ता है और राष्ट्र को एक कर देता है वह महात्मा गांधी हैं। उन्होंने राम के दिए हुए व्रत ( सत्य, अहिंसा,ब्रह्मचर्य, अस्तेय एवं अपरिग्रह) का सदैव पालन किया। उन्होंने कहा कि भारत केवल देश नहीं है ;भारत एक जीवन पद्धति है । विशिष्ट अतिथि सर्जरी विभाग, जीबी पंत अस्पताल के प्रमुख डॉ दिनेश अग्रवाल ने सभी को संबोधित करते प्रोफेसर और विद्यार्थियों के संबंध को प्रतिपादित हुआ । उन्होंने कहा कि आज समग्र विश्व महात्मा गांधी से सीख रहा है। गांधी को केवल पढ़ना नहीं है अपितु जीवन में उतारना भी है। आत्मनिर्भर भारत के विषय पर उन्होंने कहा कि आज जब पूरी दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है कहीं टैरिफ को लेकर कहीं युद्ध को लेकर और कहीं बाजार को लेकर। फिर भी भारत आराम से चल रहा है क्यों कि भारत ने स्वदेशी से आत्मनिर्भर बनने की ठान ली है। आज जिस गति से भारत आत्मनिर्भर बनने की तरफ अग्रसर है । वह सराहनीय है। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध अपनी स्मृतियों को साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता भी प्रकट की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंडिया हैबिटेट सेंटर के निदेशक प्रो. के.जी. सुरेश ने" स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत" विषय पर अपने व्याख्यान में बहुत महत्वपूर्व तथ्यों को उजागर किया। स्वदेशी विषय पर बात करते हुए उन्होंने कहा की स्वदेशी का विचार हमारी चेतना का केंद्र बिंदु होना चाहिए । यह केवल आवरण या वस्त्र या उत्पादों तक सीमित नहीं हैं। हमारी सोच स्वदेशी हो हमें अपनी भाषा पर गर्व हो। आज 2 अक्टूबर के अवसर पर संघ के शताब्दी वर्ष की चर्चा करते हुए कहा कि संघ ने जो पांच परिवर्तन का संकल्प लिया है उन पांच परिवर्तनों में एक "स्वदेशी"भी एक संकल्प है। प्रचारकों के जीवन में यथार्थ रूप में गांधी परिलक्षित होते हैं। स्वदेशी हमारे घर से आरंभ हो। हमारे खाने में,हमारे पहनावे में, हमारी बातचीत में, हमारे चिंतन में एवं हमारे कार्यों में स्वदेशी परिलक्षित हो। हमें देश,भाषा और देश की संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। आत्मनिर्भर भारत के विषय में बात करते हुए उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता के बहुत सारे प्रकल्प सरकार ने तैयार कर लिए हैं। परंतु हमें और आगे बढ़ना होगा। यहां पर किसी भी देश के मोबाइल या गैजेट का केवल उत्पादन न हो अपितु भारत के भी किसी ब्रांड के गैजेट का उत्पादन हो। हमें स्वदेशी की मानसिकता बनाकर आत्मनिर्भरता के लिए प्रयास करना होगा। कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना और देश के भीतर ही पर्यटन को बढ़ावा देना हमारी प्रमुखता होनी चाहिए। साथ ही साथ उद्यमियों की भी जिम्मेदारी है कि वह केवल स्वदेशी की भावना के लिए नहीं अपितु गुणवत्ता पर भी ध्यान दें। स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु हमें अपने महापुरुषों को भी जीवन में आत्मसात करना होगा। गांधी जी के जीवन दर्शन को पढ़ना होगा और शास्त्री जी की जीवन शैली को अपनाना होगा । मुख्य अतिथि, विज्ञान एवं तकनीकी मोदी विश्वविद्यालय, राजस्थान के कुलपति, प्रो. आशुतोष भारद्वाज ने शांति संदेश का वाचन किया। उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा का कोई विकल्प नहीं है। अंत में डॉ. राजकुमार फलवारिया ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में नव निर्वाचित डूटा एग्जीक्यूटिव सदस्य मनीष कुमार एवं संजय कुमार का स्वागत अभिनंदन किया गया। साथ ही साथ कुछ समय पूर्व "स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत" पर गांधी भवन द्वारा आयोजित की गई चित्रकला प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का सुन्दर संचालन डॉ. रमन गांधी ने किया। कार्यक्रम में, समाज विज्ञान विभाग के डीन प्रो. संजय रॉय , संयुक्त अधिष्ठाता छात्र कल्याण ,प्रो अंजन कुमार सिंह, हिन्दी विभाग के प्रो. रामनारायण पटेल,रसायन विभाग के प्रो श्रीकांत कुकरेती,हिंदू अध्ययन केंद्र की संयुक्त निदेशक डॉ प्रेरणा मल्होत्रा,अदिति महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.नीलम राठी, रामजस कॉलेज के बर्सर प्रो. सुरेश कुमार, लायब्रेरी साइंस के डॉ उस्मानी, डॉ आर.पी कुमार, डॉ अनुराधा, डॉ मनीष, डॉ पिंकी, डॉ नरेन्द्र रावत, डॉ आर के भारद्वाज, डॉ महेश चंद, प्रो राजपाल त्यागी, उर्दू विभाग के मुश्ताक कादरी,अरविंदो कॉलेज के प्राध्यापक डॉ हंसराज सुमन, श्री कटारिया ,प्रो सुनीता पारीख,प्रो संजय पंवार प्रो मंजू रानी, डॉ रश्मि गुप्ता, डॉ रितु खत्री, डीआरडीओ के संयुक्त निदेशक डॉ सुधांशु भूषण,एक्सेल इंडिया पब्लिकेशन के श्री संजय कुमार आदि अन्य प्राध्यापक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# "ए भाई जरा देख कर चलो आगे भी नहीं पीछे भी"--------- "सावधानी हटी तो दुर्घटना घटी"

हाल-ए खुटहां घोरावल बाईपास रोड पर शत-प्रतिशत चरित्रार्थ
लाखों रुपए डकार गए संबंधित, कमीशन खोरी में बह गई नाली
शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने से तहसील दिवस से आम जनता का होता जा रहा है मोह भंग

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। ए भाई जरा देख कर चलो आगे भी नहीं पीछे भी---या यूं कहे कि सारी बीच नारी है कि नारी बीच सारी, सारी ही की नारी है कि नारी ही की सारी इस अतिसंयोक्ति अलंकार को घोरावल तहसील मुख्यालय स्थित खुटहां घोरावल बाईपास रोड पर शत-प्रतिशत चरित्रार्थ हो रहा है। यहां यह हाल है कि सड़क में गड्ढा है कि गड्ढे में सड़क कुछ कहा नहीं जा सकता। अगर जरा सा भी "सावधानी हटी तो दुर्घटना घटी"। घोरावल तहसील मुख्यालय स्थित खुटहां घोरावल बाईपास रोड पर बारिश के कारण तकरीबन 1 फीट तक जलजमाव हो



जाने से विद्यालय आने जाने वाले छात्र छात्राओं, राहगीरों के साथ ही दो पहिया सवारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।शनिवार को भारी जलजमाव के कारण सुबह बाइक सवार व टैम्पो पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज एक निजी अस्पताल में कराया गया। बताते हैं कि जल निकासी हेतु क्षेत्र पंचायत निधि से विगत वर्ष लाखों रुपए के लागत से नाली का निर्माण कराया गया था, किन्तु सड़क लेबल से काफी ऊंचा नाली का निर्माण कराया गया है, जिससे जल निकासी नहीं हो पा रही है। नाली के निर्माण में ठेकेदार से लेकर सम्बन्धित अधिकारियों ने अच्छी कमीशन खोरी किया। इस आशय की शिकायती पत्र रिपोर्टर राजेन्द्र मानव ने लगातार 3 तहसील दिवसों पर अधिकारियों को दिया। सम्बन्धित अधिकारी को एसडीएम के कड़े निर्देश के बाबजूद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।इस बाईपास मार्ग से विंध्याचल मंडल व सोनभद्र जिले के लिए भी लोगों का आवागमन होता है। इसी मार्ग से शीशाबंद लग्जरी गाड़ियों से तहसील व जिला स्तरीय अधिकारियों भी आवागमन होता है। अब तक इस समस्या के बारे में किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया। इस संबंध में बाईपास निवासी कृष्णकुमार केसरी, लवकुश केशरी, बृजेश पटेल, राकेश कुमार, शुभम पाल, अभय केशरी, श्याम प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया बाईपास रोड में गड्ढे व जलभराव के कारण आए दिन बच्चे गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। तहसील दिवसों पर शिकायती पत्र देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं होती, इसलिए तहसील दिवस से आम जनता का मोह भंग होता जा रहा है।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक

**दैनिक समाज जागरण**

सोनभद्र। नीतू सिंह जिला मिशन कोऑर्डिनेटर द्वारा महिलाओं को और बालिकाओं को सेल्फ डिफेंस के लिए लोगो को जागरूक किया गया तथा बताया गया कि आप स्वयं की सुरक्षा छात्राओं को पर्सनल सेफ्टी के टिप्स देने के साथ-साथ विभागीय योजनाओं और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया गया। बालिकाओं को बताया गया कि कैसे वो विपरीत परिस्थितियों में अपना बचाव कर सकती हैं। सीमा द्विवेदी जेंडर स्पेशलिस्ट द्वारा महिला कल्याण विभाग की योजनाओं को



बताया गया साथ ही कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, वन स्टॉप सेंटर, टॉल फ्री नंबर 112,18 1,1090,10 9 8, आदि की जानकारी दी गई दूर दराज से आए हुए महिलाएं को कन्या सुमंगला योजना को ऑन लाइन करने के लिए जागरूक किया गया। सशक्तिकरण का संदेश गतिशीलता और सुरक्षा का महत्व समझाया गया। इस मौके पर डॉक्टर जे.पी. सिंह, हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम, नर्स रेखा, गुड़िया आशा सुमित्रा देवी आदि उपस्थित रही।

# चलती कार पर गिरा पेड़, कार में बैठे दो युवक बचें बाल- बाल

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

म्योरपुर/ सोनभद्र। बीजापुर - मुर्धवां मार्ग पर शनिवार की सुबह करीब दस बजे ब्लाक मुख्यालय के समीप एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया जब चलती कार पर अचानक एक पेड़ गिर पड़ा। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, पेड़ के वजन से कार के पीछे के दोनों टायर ब्लास्ट हो गये लेकिन



गनीमत रही कि कार में सवार अंकित अग्रहरि और प्रियांशु जायसवाल नामक युवक बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक किसी कार्य से रेणुकूट की ओर जा रहे थे तभी ब्लाक मुख्यालय के समीप रास्ते में अचानक तेज हवा के कारण सड़क किनारे खड़ा पेड़ कार पर गिर गया। पेड़ गिरने से कार का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पेड़ को हटाने में मदद की और युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला।

# जिलाधिकारी के निर्देशन में रामपुर गॉव में कैम्प लगाकर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण व राशन कीट का किया गया वितरण

रामपुर गॉव में अत्यधिक बरसात व नदी में अधिक पानी होने के कारण क्षतिग्रस्त हुए आवासों का अपर जिलाधिकारी ने लिया जायजा

**अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण**

सोनभद्र। अत्यधिक बरसात होने के कारण घाघर नदी के किनारे बसें गॉव रामपुर ब्लाक नगवां में अत्यधिक पानी बढ़ जाने के कारण नदी के किनारे बसे लोग घरों से बाहर निकलकर रात में ऊच्च स्थान की तरफ आ गये जिससे किसी प्रकार की जन हानि नहीं हुई उक्त सूचना प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने तत्काल रात्रि में ही तहसीलदार रावर्टसगंज को मौंके का निरीक्षण करने के निर्देश दिये और कहा कि अत्यधिक बरसात के कारण जो भी व्यक्ति घर से बाहर निकले है उन्हें



किसी प्रकार की समस्या न होने पाये, जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में तहसीलदार रावर्टसगंज द्वारा मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में आज अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व श्री वागीश कुमार शुक्ला ने व तहसीलदार रावर्टसगंज अमित सिंह ने मौके पर जाकर क्षतिग्रस्त हुए मकानों का निरीक्षण किए इस मौके पर लोगो को राशन कीट का भी वितरण किया गया एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य परिक्षण किया गया प्राथमिक विद्यालय में आश्रय स्थल बनाया गया जहां ग्रामीणों को खान और रहने की व्यवस्था की गई है जो बाढ़ से प्रभावित ग्रामीण है वहां की व्यवस्था के देख रखे हेतु लेखापाल व ग्राम पंचायत अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है।

# श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम हुआ स्थगित

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज में आर ०टी ०एस ० क्लब मैदान में दिनांक 05 अक्टूबर



से 11 अक्टूबर तक आयोजित होने वाला श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम को भारी वर्षा होने और खराब मौसम के चलते स्थगित कर दिया गया है। अनंत श्री विभूषित काशीधर्म पीठाधीश्वर जगद गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री नारायणानंद तीर्थ जी महाराज जी द्वारा बताया गया कि भागवत कथा के श्रवण से मन और हृदय की शुद्धि होती है, मानव के मस्तिष्क में चलने वाले संशयों का निवारण होता है, मानवता और जनकल्याण की भावना में अभिवृद्धि होती है, आनंद की अनुभूति होती है। उन्होंने नगरवासियों व क्षेत्रवासियों के स्वस्थ और प्रसन्नचित रहने की कामना करते हुए जल्द ही पुनः इस भागवत कथा कार्यक्रम के आयोजन को सफलतापूर्वक करने की बात कही।

# संस्था ने ग्रामीणों के लिए किया, मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन

**उपेन्द्र तिवारी/ समाज जागरण**

रेणुकूट/ सोनभद्र। जब मन में आस्था व विश्वास हो तो कोई भी कार्य अधूरा नहीं होता। यही भक्ति देख भगवान भक्तों की हर मनोकामना को अवश्य पूरा करते है ऐसा ही एक कार्य जनपद सोनभद्र में देखने को मिला मंदिर के लिए भूमि पूजन होने पर हर ग्रामीण संस्था को एक भगवान के रूप में देख रहा है। बताते चलें कि जनपद सोनभद्र में एक ऐसा गांव है जहां पुरे गांव में एक भी मंदिर नही था जिससे काफी असुविधा होता था। हम बात कर रहे हैं दुद्धी विकास खंड के कटौली ग्राम सभा की जहां ग्रामीण गांव में एक भी मंदिर न होने से पास के गांव में पूजा अर्चना करने जाते हैं तभी ग्राम प्रधान प्रकाश भारती ने गांव में मंदिर निर्माण के लिए ग्रामीणों में कार्य कर रही संस्था परोपकार सेवा समर्पण समिति व स्प्रिंकलिंग स्माइल संस्था से मिलकर मंदिर निर्माण के लिए बातें कही। संस्था ने ग्राम प्रधान की बातों को रखते हुए बीते मंगलवार को गांव कटौली में श्रीमती कल्पना शुक्ला व आनंद शुक्ला के द्वारा भूमि पूजन का कार्य शुरू किया जिससे समस्त



ग्रामीणों में खुशियां देखने को मिला और इस मंदिर निर्माण के लिए संस्था का आभार जताया। संस्था के संस्थापक राजकुमार यादव ने बताया कि हिंदू धर्म में मंदिर जाना और भगवान के प्रति हरदम आस्था रखना यह एक पुण्य का कार्य है हम सभी को अपने छोटे छोटे बच्चों को भी अभी से ही मंदिर जाने की सीख देनी चाहिएं। वही संस्था ने भूमि पूजन के पश्चात गांव में एक भंडारे का भी आयोजन किया और उस गांव के नन्हे मुन्ने बच्चों हम स्कूल प्रतिदिन जायेंगे का भी नसीहत देते हुएं उनका मनोबल बढ़ाया। संस्था के उजार्वान व्यक्तित्व के धनी हेमंत लोढ़ा ने वहां आये हर बच्चों को स्कूल प्रतिदिन जाने के फायदा बताया और कहां आने वाला समय तुम्हारा है स्कूल जाकर एक कामयाब व्यक्ति बनकर अपने ग्रामीण क्षेत्र को और भी आगे ले जाये जिससे आपके जनपद का नाम रोशन हो। इस आयोजन के बाद सैकड़ों बच्चों को कापी किताब वितरण किया गया और 200 से अधिक बच्चों सहित ग्रामीणों को भोजन कराया। इस कार्यक्रम में रेणुकूट से विशेष अतिथियों में अरविंद कुमार दुबे चंद्रभूषण सिंह कमलेश कुमार चावला आशु सिंह ग्राम प्रधान प्रकाश भारती के अलावा सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# संस्था द्वारा मानवता से परिपूर्ण कन्या-बालक भोज कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

म्योरपुर/ सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के दडीहरा ग्राम में सेवा संस्कार व सद्भाव का अनुपम संगम विजया दशमी के पावन पर्व पर परोपकार सेवा समर्पण समिति एवं स्प्रिंकलिंग स्माइल संस्था के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम दड़ीहरा के निकट टंगा पाथर में एक भव्य व मानवता से परिपूर्ण कन्या-बालक भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 200 से अधिक बच्चों को न केवल स्वादिष्ट भोजन परोसा गया, बल्कि उन्हें जीवनमूल्य, नैतिकता एवं आत्मविश्वास से ओतप्रोत प्रेरणात्मक शिक्षाएं भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिष्ठित व्यक्तित्वो के धनी सोनभद्र के वरिष्ठ पत्रकार किशन पांडेय के द्वारा कार्यक्रम का शुरूवात किया गया। कार्यक्रम का रूपरेखा बढ़ावा देने के लिए ललित मोहन मिश्रा गोपीचंद मौर्य महेंद्र प्रताप



सिंह दीपक मिश्रा आनंद शुक्ला आर. एन. यादव संतोष सिंह अनुराग यादव महेंद्र यादव पवन रेणुकूट अंचल के अनेक गणमान्यजनों द्वारा बच्चों को संस्कार एवं जीवन मूल्यों का महत्व समझाने पर जोर दिया। वक्ताओं में किशन पाण्डेय ने बच्चों को विजयादशमी के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया और कहां कि यह एक पर्व नहीं बल्कि अच्छाई पर बुराई की विजय का संदेश है जिससे हम सभी को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। वही इस कार्यक्रम को मनोरंजक और ऊजार्वान बनाने के लिए श्रीमती कल्पना शुक्ला के नेतृत्व में महिलाओं के सामाजिक समूह कीर्ति युक्ता पाण्डेय साक्षी श्वेता प्रतिभा रानी माधुरी गरिमा अमिता आदी ने बच्चों के साथ अनेक ज्ञानवर्धक व खेलकूद आधारित गतिविधियाँ संचालित कियान। हरेक बच्चे को उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कार व उपहार भी प्रदान किया गया, जिससे उनकी चेहरे फर प्रसन्नता दिखे और आत्मनिर्भर हो। इस कार्यक्रम के द्वारा बच्चों के साथ-साथ गाँव के बुजुर्गों व जरूरतमंदों का भी विशेष ध्यान रखते हुए संस्था ने 50 से अधिक वयोवृद्ध एवं आर्थिक रूप से असहाय व्यक्तियों को टी-शर्ट, चप्पल एवं अन्य उपयोगी सामग्री वितरित की। यह सेवा कार्य हेमंत लोढ़ा के नेतृत्व में अंकित रोहित राज सोनू जैसे युवाओं की टीम द्वारा अत्यंत सहजता व समर्पण भाव से संपन्न हुआ। बच्चों को पारंपरिक खेल-कबड्डी सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से आनंदित किया गया। भोजन व्यवस्था को अत्यंत सुसंगठित व गरिमापूर्ण ढंग से संचालित किया गया। कार्यक्रम को उचाईयों तक ले जाने के लिए डी.एस. बिष्ट सुरेन्द्र रवि यादव कमलेश चावला रामबीर सहित पूरी रसोई टीम ने सात्विक स्वादिष्ट व भरपेट भोजन परोसा जिससे प्रसाद रूपी अन्न का संपूर्ण लाभ लगभग 300 से अधिक लोगों को प्राप्त हुआ। इस पूरे आयोजन की सुव्यवस्था व संचालन का श्रेय जाता है संस्था के संरक्षक राज कुमार यादव को जिन्होंने सुनियोजित समन्वय के साथ कार्यक्रम की हर इकाई को संतुलित किया। जितेन्द्र जी ने सहयोग भावना से संपूर्ण कार्यक्रम को सुगम एवं सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। बताते चलें कि यह सेवा कार्य वास्तव में मानवता विनम्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व का जीवंत उदाहरण था गाँव वासियों के चेहरों पर मुस्कान और हृदयों में उपजी संवेदनाओं ने यह सिद्ध कर दिया कि सच्चे परोपकार से बढ़कर कोई धर्म नहीं है।

# प्रदेश के अधिवक्ताओं के सम्मान को सुनिश्चित कराना ही मुख्य प्राथमिकता- राकेश शरण मिश्र

बार कौंसिल चुनाव हेतु अधिवक्ताओं से मांगा वोट
(बार कौंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी राकेश शरण मिश्र ने अधिवक्ताओं से किया संपर्क)

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आगामी चुनाव में सदस्य पद के प्रत्याशी राकेश शरण मिश्र ने विगत दिनों जनपद एवं सत्र न्यायालय सोनभद्र सदर तहसील राबर्ट्सगंज एवं घोरावल तहसील के अधिवक्ताओ से मिलकर उनके सीट और चैंबर में जाकर बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आगामी चुनाव हेतु प्रथम वरीयता का मत उनके पक्ष में देने का अनुरोध किया।श्री मिश्र ने कहा कि वकालत पेशे में आने के बाद उनका अधिकांश समय प्रदेश के अधिवक्ताओं की समस्याओं के लिए संघर्ष करने में व्यतीत हुआ है। प्रदेश में किसी भी प्रकार से पीड़ित अधिवक्ता का संज्ञान होने पर वो पीड़ित अधिवक्ता साथी के साथ उसकी हर संभव मदद करने हेतु सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं से अपील किया कि आप मुझे अपना पूर्ण समर्थन देते हुए अधिक से अधिक प्रथम वरीयता का मत देकर विजय दिलाने का काम करें जिससे बार कौंसिल पहुंचकर मैं आपकी वकालत पेशे से संबंधित समस्याओं का समाधान करा सकूं। श्री मिश्र ने कहा कि उनकी प्रथमिकता में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट जल्द से जल्द प्रदेश में लागू करवाना, अधिवक्ताओं को कम से कम दस लाख कैश लेश इलाज की व्यवस्था कराना और अधिवक्ताओं के सम्मान की सुरक्षा सुनिश्चित कराना उनका मुख्य ध्येय है। उनके साथ संपर्क करने वालों में अमरनाथ मिश्र, योगेश कुमार द्विवेदी, उमापति पांडेय, राघवेंद्र नारायण, राजेश देव पांडेय, शैलेंद्र चतुवेर्दी एवं प्रदीप धर द्विवेदी आदि थे तमाम अधिवक्ता थे।

# कोन में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्तः कई मकान धराशाही, सड़कें क्षतिग्रस्त, लोगों ने की मुआवजे की मांग

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद के कोन विकासखंड में मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचाई है। रामगढ़, महिउद्दीनपुर, कोन मिश्री, रगरम और मीटहिनिया सहित कई क्षेत्रों में सड़कें और मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लगातार बारिश के कारण नदियां भी उफान पर हैं, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में कई मकान धराशाही हो गए हैं और सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। उन्होंने क्षतिग्रस्त घरों के लिए जल्द ही जिला प्रशासन से मुआवजे



दिलवाने का आश्वासन दिया है। रगरम निवासी राजकिशोर विश्वकर्मा ने बताया कि बीती रात करीब 1 बजे लउआ नदी का पानी उनके घर में घुस गया, जिससे उनका मकान क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलने पर 112 नंबर की टीम ने उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत मिटिहिनिया में घर के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली है जिसके पास रहने की कोई जगह नहीं बची है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल है। कोन क्षेत्र की जनता ने बताया कि कोन से विण्ढमगंज जाने वाले मार्ग पर पानी भर गया है, जिससे आवागमन बाधित हो गया है। लोगों ने जिला प्रशासन से इस समस्या के शीघ्र समाधान और क्षतिग्रस्त मकानों के लिए मुआवजे की मांग की है।

# डाला शहीद स्मारक स्थल पर सेन्ट्रल लीडर का माल्यार्पण कर किया गया स्वागत

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के सीनियर सेकेट्ररी एनटीपीसी/ पावर ग्रिड फेडरेशन के अध्यक्ष एवं सेन्ट्रल लीडर बाबर सलीम पासा एनटीपीसी रिहंद नगर बीजपुर के पूर्व यूनियन लीडर आर.के. मिश्र (रामू मिश्र) के साथ एनटीपीसी रिहंद नगर इंटक यूनियन के चुनावी सिलसिले में शामिल होने जा रहे थे जिसकी सूचना डाला सीमेंट फैक्ट्री श्रमिक संघ (इंटक) यूनियन लीडर उत्तम मिश्रा को हुई तुरंत डाला शहीद स्मारक पर अपने साथियों के साथ खड़े रहे सेन्ट्रल लीडर का माल्यार्पण कर स्वागत किया उन्होंने तत्पश्चात सेन्ट्रल लीडर ने डाला के वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया डाला सीमेंट फैक्ट्री के यूनियन लीडर ने कर्मचारीगण की समस्याओ का उल्लेख किया और निदान के लिए निवेदन किया सेन्ट्रल लीडर ने आश्वासन देते हुए इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी. संजीवा रेड्डी को मोबाईल द्वारा डाला सीमेंट के कर्मचारियों की समस्याओं का उल्लेख किया राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डाला के कर्मचारीगण की समस्या का जल्द समाधान कराने आश्वासन दिया। सभी लोग एनटीपीसी रिहंद नगर के लिए रवाना हो गये। डाला इंटक से उत्तम मिश्रा के साथ दिलीप सिंह, राजेश कुमार, ऋषिराज पाठक , अवध राय, विनय सिंह, अतीश पाठक व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# लगातार बारिश से गरीब का कच्चा मकान भरभरा कर गिरा, बाल-बाल बचे सो रहे परिजन

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

महुली/ सोनभद्र। विंढमगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत महुली ग्राम पंचायत में लगातार रुक-रुक कर हो रही बारिश ने एक गरीब परिवार का आशियाना छीन लिया। शनिवार की रात तेज बारिश के दौरान नंदकिशोर पुत्र स्वर्गीय झूलन राम कन्नौजिया का कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। सौभाग्य से परिवार के सभी सदस्य बगल के कमरे में सो रहे थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। नंदकिशोर ने बताया कि रात में अचानक तेज आवाज सुनाई दी, जब बाहर देखा तो पूरा मकान गिर रहा था। किसी तरह हम सब घर से बाहर निकले। मकान के अंदर रखा गेहूं, चावल, दाल और अन्य खाद्यान्न सब मलबे में दबकर खराब हो गया। हमारा यही एक घर था, अब सिर छुपाने के लिए भी जगह



नहीं बची है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान महुली अरविंद जायसवाल मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है। गरीब परिवार का पूरा आशियाना बारिश की वजह से ढह गया है। इसकी सूचना प्रशासन को दी जाएगी ताकि शासन स्तर से उन्हें आपदा राहत कोष से सहायता दिलाई जा सके। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार को त्वरित आर्थिक मदद उपलब्ध कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के कारण कई कच्चे मकान जर्जर हो चुके हैं, ऐसे में प्रशासन को प्रभावित परिवारों के सर्वे कराकर राहत सामग्री और आर्थिक सहायता शीघ्र उपलब्ध करानी चाहिए। नंदकिशोर ने भावुक होकर कहा कि अब हमारे पास न रहने को घर बचा, न खाने का सामान। सरकार से गुजारिश है कि हमारी मदद की जाए ताकि परिवार को दोबारा सिर छुपाने की छत मिल सके। लगातार हो रही बारिश ने गरीब परिवार की नींद उड़ा दी – एक ओर मकान गिरा, तो दूसरी ओर जिंदगी की बुनियादी जरूरतें मलबे में दफन हो गईं। अब सवाल यह है कि प्रशासन कब तक इस बेघर परिवार की सुध लेगा।

# निजी मोबाइल कंपनी के कमजोर नेटवर्क से क्षेत्रवासी परेशान, इंटरनेट स्पीड बनी सिरदर्द

**उपेन्द्र कुमार तिवारी/ समाज जागरण**

विंढमगंज/ सोनभद्र। क्षेत्र के मोबाइल उपभोक्ता इन दिनों निजी मोबाइल कंपनी की कमजोर नेटवर्क व्यवस्था से बेहद परेशान हैं। पिछले कई दिनों से नेटवर्क की स्थिति इतनी खराब बनी हुई है कि उपभोक्ता न तो ठीक से बातचीत कर पा रहे हैं और न ही इंटरनेट का उपयोग कर पा रहे हैं। अच्छी सेवा और तेज नेटवर्क का दावा करने वाली कंपनी उपभोक्ताओं को अब भी 2जी जैसी धीमी गति मुहैया करा रही है, जिससे सोशल मीडिया, ई-मेल, ऑनलाइन भुगतान, शैक्षणिक कार्य और ऑफिस से जुड़े जरूरी कार्य ठप पड़ गए हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि दिन के अधिकतर समय नेटवर्क गायब रहता है। कॉल ड्रॉप की समस्या आम हो चुकी है, जबकि इंटरनेट स्पीड इतनी कम है कि एक साधारण वीडियो या फोटो डाउनलोड करना भी चुनौती बन गया है। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए यह स्थिति और भी कठिन हो गई है क्योंकि अधिकांश लोग बैंकिंग, सरकारी योजनाओं और पढ़ाई से जुड़े कार्यों के लिए मोबाइल इंटरनेट पर ही निर्भर हैं। सबसे बड़ी परेशानी यह है कि शिकायत दर्ज कराने के लिए कंपनी का कोई स्थानीय कार्यालय उपलब्ध नहीं है। उपभोक्ताओं को केवल टोल-फ्री नंबर पर शिकायत करनी पड़ती है, जहां समाधान न मिलने से उनकी नाराजगी लगातार बढ़ रही है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कंपनी की ग्राहक सेवा केवल औपचारिक जवाब देती है, जबकि समस्या का समाधान नहीं होता। जानकारी के अनुसार, शुरूआती दिनों में मुफ्त सेवा देकर उपभोक्ताओं को आकर्षित करने वाली कंपनी अब महंगे रिचार्ज प्लान और वैलिडिटी के नाम पर कई गुना शुल्क वसूल रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि जितना पैसा हर महीने खर्च करना पड़ रहा है, उतनी गुणवत्ता वाली सेवा नहीं मिल रही है। नेटवर्क की कमजोर स्थिति से लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है। छात्र ऑनलाइन कक्षाओं से वंचित हैं, व्यवसायी अपने डिजिटल भुगतान कार्य नहीं कर पा रहे हैं और आम लोग मनोरंजन या संवाद दोनों से कटे हुए महसूस कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने कंपनी प्रशासन और दूरसंचार विभाग से मांग की है कि विंढमगंज क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या का जल्द समाधान किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# वार्ड-09 बना विकास का मरुस्थलः सभासद-अध्यक्ष की निष्क्रियता से जनता बेहाल

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

चोपन/ सोनभद्र। वार्ड-09 का क्षेत्र पिछले चार वर्षों से विकास की राह तकते-तकते थक चुका है। सभासद और अध्यक्ष की गठजोड़ की राजनीति ने इस वार्ड को विकास से कोसों दूर कर दिया है। जनहित के मुद्दों पर जनता को भ्रमित कर चुनाव जीतने वाले जनप्रतिनिधियों ने अब वार्डवासियों को अपने हाल पर छोड़ दिया है। जहां एक ओर अन्य वार्डों में नाली, खड़ंजा और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के कार्य जोरों पर हैं, वहीं वार्ड-09 में आज तक न सड़क बनी, न नाली की मरम्मत हुई। बरसात के दिनों में पूरा क्षेत्र जलमग्न हो जाता है – गलियां तालाब में तब्दील, और घरों में घुसता पानी आम नजारा बन चुका है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सभासद महोदय, अध्यक्ष की कृपा से तो बन गए, लेकिन अपने ही वार्ड के काम के लिए कभी पहल नहीं की। पैसे के बल पर चुनाव जीतने वाले जनप्रतिनिधि जनता के दुख-दर्द को नहीं समझते – जो जनता के वोट से जीते, वही जनता की पीड़ा से दूर। जनता अब सवाल उठा रही है कि जब उन्होंने अपनी अनमोल वोट को पैसों के बदले बेच दिया, तो अब शिकायत का हक भी कम पड़ जाता है। चुनाव के समय जनता जनार्दन कहलाने वाले लोग अब उन्हीं के सामने हाथ फैलाए खड़े हैं। राहुल और उनकी टीम ने वार्ड की इस दयनीय स्थिति पर आवाज उठाई है। टीम का कहना है कि जल्द ही एसडीएम से वार्ता कर समाधान निकाला जाएगा। अगर फिर भी सुनवाई नहीं हुई, तो सामूहिक प्रयास से जनता एक नई एकता की कहानी लिखेगी – जो नगर पंचायत को दिखा देगी कि अब जनता जाग चुकी है।

# कन्नौजः ग्रामीण बैंक समामेलन से उपजी परिस्थिति की डीएम ने की समीक्षा

## अगले सप्ताह में लेनदेन सामान्य होने की बैंक ने जताई आशा

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। आर्यावर्त बैंक समेत प्रदेश की चार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको के एकीकरण और समामेलन कर एक प्रदेश एक बैंक की भारतीय रिजर्व बैंक की रणनीति की तहत बैंक आफ बड़ोदा द्वारा किये जा रहे तकनीकी परिवर्तनो के परिणाम स्वरूप जिले में ग्रामीण बैंक के लाखों खाता धारकों के समक्ष उपजी लेनदेनकी समस्या से निपटने के लिए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने आज अपरान्ह अपने कार्यालय कक्ष में वित्तीय अधिकारियों की एक बैठक बुलाई बैठक में लीड बैंक, क्षेत्रीय प्रवन्धक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, कोषाधिकारी और एनआईसी के प्रतिनिधियों के अलावा मुख्य विकास अधिकारी भी शामिल हुए।

बैंक का आईएफएससी कोड बदले जाने और खातों में जारी चेकबुक और डेविट कार्ड निरस्त होने से उत्पन्न परिस्थितियों पर विन्दुवार मंथन हुआ। ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रवन्धक सतीश कुमार ने आस्वस्त किया कि अगले सप्ताह यानी कि 8 अक्टूबर से खाताधारकों का जमा तथा भुगतान सामान्य हो जाने की पूरी आशा है।

कोषाधिकारी का सुझाव था कि भुगतान के लिए लाभार्थी और विभिन्न विभागों के आहरण वितरण अधिकारियो को खातों की फीडिंग करानी होगी ये काम जितनी जल्दी हो जाएगा लदन देन उतनी ही जल्दी सुगम हो जाएगा।

डीएम दो टूक लहजे में निर्देश दिया कि सभी सम्बंधित अफसर स्थिति और सर्वर पर सतर्क निगाह बनाये रखे और स्थित असहज बिल्कुल भी न होने पाए। डीएम ने कहा कि दीपावली का त्योहार सर पर है ऐसे में कोई भी असहज स्थिति स्वीकार नही की जाएगी।

# कन्नौजः नरेंद्र कुमार झा जिले के नए जनपद एवम सत्र न्यायाधीश, चंद्रोदय अंबेडकर नगर गए

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा कल देर रात जारी तबादला सूची के मुताबिक जिला जज चंद्रोदय कुमार का तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह ललितपुर के जिला जज नरेंद्र कुमार झा को कन्नौज का नया जिला जज नियुक्त किया गया है।

रजिस्ट्रार जनरल राजेश कुमार द्वारा जारी की गई तबादला सूची में कन्नौज के जिला जज चंद्रोदय कुमार का नाम भी शामिल है। उन्हें कन्नौज से अंबेडकर नगर जिले में स्थानांतरित किया गया है। वहीं, ललितपुर के जिला जज नरेंद्र कुमार झा को कन्नौज जिले में जिला जज का पदभार संभालने के लिए भेजा गया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) तरुण चंद्रा ने तबादले पर टिपण्णी करते हुए बताया कि जिला जज चंद्रोदय कुमार का कन्नौज में कार्यकाल सराहनीय रहा। उन्होंने अनुशासन और न्यायिक प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अब नरेंद्र कुमार झा कन्नौज में जिला जज का पदभार ग्रहण करेंगे, जिनका डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में स्वागत किया जाएगा।

हालांकि, जिला जज चंद्रोदय कुमार के तबादले से कुछ वकीलों ने खुशी भी व्यक्त की है। पिछले कुछ समय से एक अधिवक्ता को न्यायालय परिसर के मंदिर में प्रवेश से प्रतिबंधित कर दिया गया था। इस मामले को लेकर अधिवक्ता विवेक दीक्षित ने मीडिया के सामने जज के खिलाफ बयानबाजी की थी और उच्च न्यायालय को पत्र भी लिखा था। इसके अतिरिक्त, एक अन्य वकील पर भी कार्रवाई की गई थी। तबादला सूची जारी होने के बाद इन वकीलों ने अपनी खुशी का इजहार किया है।

छिबरामऊ में एसडीएम न्यायिक के साथ स्थानीय अधिवक्ताओं की मारपीट से उत्पन्न गतिरोध को दूर करने के लिए सभी न्यायिक प्रोटोकॉल तोड़कर चन्द्रोदय कुमार छिबरामऊ तहसील परिसर पहुंच गए थे और अधिवक्ताओं को आश्वासन देकर गतिरोध खत्म करवाया था ये और बात है बार बेंच के बीच ठीक से समन्वय अभी तक नही हो पाया है।

# कन्नौजः मिलावटी खाद्य पदार्थो के विरुद्ध छापामारी जारी रहेः एडीएम

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। अपर जिलाधिकारी वि./रा. आशीष कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में खाद्य सुरक्षा की आयोजित बैठक के दौरान कहा कि जनता को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अभियान चलाकर छापेमारी की जाये। आगामी पर्वो में मिलावटी खाद्य पदार्थ बनाने और विक्रय करने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आया जाये और सख्त कार्रवाई की जाए ' कहा व्यापारियों का शोषण नही होना चाहिए। पैरवी कर लंबित वादों का निस्तारण कराया जाये। उन्होने निर्देश दिए कि खाद्य लाईसेन्स में पारदर्शिता लाने हेतु आनलाइन पोर्टल संचालित हैं। प्रत्येक खाद्य कारोबारी को लाईसेन्स लेना अनिवार्य हैं। जनपद में कितने लाईसेंस आटो रिन्यूवल तथा कितने लाईसेंस एक्सपायर हुये हैं, का विवरण तैयार कर प्रस्तुत किया जाये। कहा कि 4-5 वर्षों में कितने लाईसेन्स निष्क्रिय हुये हैं की सूचना उपलब्ध करायी जाये।



अपर जिलाधिकारी ने कहा कि आम जनमानस को मिलावटी खाद्य पदार्थों के संबंध में तथा ताजे एवं खाद्य पदार्थ के उपभोग के संबंध में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराये जाये। खाद्य कारोबारकताओं के मध्य खाद्य कारोबार के संबंध में भी जागरूक किया जाये।

बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय/अभिहित अधिकारी श्री उमेश प्रताप सिंह, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कन्नौजः लाभार्थी परक योजनाओं के आवेदन लम्बित रहे तो जिम्मेदारी तय होगीः डीएम

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, लखपति दीदी योजना एवं पीएम सूर्य घर, की बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने सीएम युवा उद्यमी योजना के क्रियान्वयन, लाभार्थियों की चयन प्रक्रिया और लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1700 लक्ष्य के सापेक्ष सप्ताहिक प्रगति में बैंकों द्वारा 727 आवेदन स्वीकृत किए गए एवं 646 लाभार्थियों को लोन वितरण कर लाभांवित किया गया है। उन्होनें निर्देश दिए कि बैंकों में कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए, अन्यथा संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाएगी। कहा कि उपायुक्त उद्योग एवं एलडीएम बैंकों में जाकर आवेदनों का रिजेक्ट होने के कारण देखे और वस्तु स्थिति से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। यह योजना युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

बताया गया कि स्वयं सहायता समूह में आरएफ में 884 लक्ष्य के सापेक्ष 477 व सीआईएफ में 515 के सापेक्ष 426 तथा सीसीएल में 3780 के सापेक्ष 2621 समूह पर कार्य प्रगति पर हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत चिन्हित महिलाओं को गुणवत्तापरक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाये।

बताया गया कि पीएम सूर्य घर योजना के अन्तर्गत विगत 01 माह में 147 सोलर संयत्र स्थापित कराये गये हैं। विद्युत विभाग द्वारा 10 आवेदन विद्युत अधिभार के लिये तथा 9 आवेदन नेट मानीटरिंग के लिये प्राप्त हुये है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि लंबित आवेदनों पर कार्यवाही पूर्णकर योजना से आच्छादित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, उपायुक्त एनआरएलएम राजकुमार लोधी, उपायुक्त उद्योग धन्नजय सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कन्नौजः डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस, 12 शिकायतें मौके पर ही निपटी

## स्वामी विवेकानन्द का बढ़ा वीपी देख दिलवाई एक माह की दवाई

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौजः जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 118 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 12 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया, शेष शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले तहसील दिवस की शिकायतें पेंडिंग न रहना एक सकारात्मक संकेत है। इसी प्रकार आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर भी विशेष फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि 10 से 12 शिकायतों के असंतोषजनक निस्तारण के कारण जनपद की रैंकिंग में कमी आई है, जिसे शीघ्र सुधारने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता से सीधा संपर्क कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए तथा फोटो साक्ष्य अपलोड किए जाएं ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

जनसुनवाई के दौरान फरियादी स्वामी विवेकानंद एवं महेश चंद्र को अस्वस्थ महसूस होने पर जिलाधिकारी ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैंप के डॉक्टरों से अपने समक्ष चिकित्सा परीक्षण कराया। परीक्षण में दोनों का ब्लड प्रेशर एवं पल्स रेट अधिक पाया गया, उन्होंने निर्देश दिए कि उन्हें एक माह की आवश्यक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएं, साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को यह भी निर्देश दिए कि स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। किसी भी मरीज को अस्पताल से निराश होकर वापस नहीं लौटना चाहिए। प्रत्येक रोगी को समय से उचित उपचार एवं सहयोग मिले, ऐसी स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, अतः सभी विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, संतोषजनक एवं प्रभावी ढंग से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े और उसकी समस्या का समाधान यथाशीघ्र एवं मानवीय दृष्टिकोण से किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि ह्लसमर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश @2047ह्व अभियान में कन्नौज जनपद 9वें स्थान पर है, जिसमें शिक्षा विभाग की भूमिका सराहनीय रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि इसी प्रकार कार्यक्रम विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग भी इस अभियान के अंतर्गत जनता से अधिकाधिक सुझाव प्राप्त करें, ताकि विकास योजनाओं में जनसहभागिता बढ़े।

श्री अग्निहोत्री ने निर्देश दिए कि त्योहारों के दृष्टिगत कर्मचारियों को वेतन, बोनस एवं एरियर समय से प्रदान किए जाएं, और जो भी योजनागत धनराशि है, उसे डीबीटी के माध्यम से समय से ट्रांसफर किया जाए। उन्होंने कहा कि दीपावली से पूर्व सभी पात्र लाभार्थियों को राशन वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होने यह भी निर्देश दिए कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सशक्तीकरण के लिए सभी विभाग अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं तथा अधिकाधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत सभी विभाग ग्राम पंचायतों में जाकर नारी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम करने के साथ-साथ लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि जिस गांव में जाना हो, उसका पूर्व नियोजन किया जाए और उसी के अनुसार सक्रियता के साथ कार्य किया जाए ताकि बेहतर परिणाम प्राप्त हो सके।

संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 स्वदेश गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, उप जिलाधिकारी सदर/ज्वांइट मजिस्ट्रेट सुश्री वैशाली, प्रशिक्षु आई0ए0एस0 अर्पित कुमार, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र देव द्विवेदी, परियोजना निदेशक डीआरडीए राम अवतार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कन्नौजः डिजिटल क्रॉप सर्वे में जनपद ने हासिल की 72 प्रतिशत प्रगति

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। मुख्य सचिव के निदेर्शानुसार चल रही महत्वपूर्ण डिजिटल क्रॉप सर्वे योजना के अंतर्गत जनपद कन्नौज में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। जनपद के 612 ग्राम पंचायतों में कुल 6,39,117 खसरे (गाटे) का सर्वे लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के नेतृत्व एवं सतत मॉनिटरिंग में यह कार्य तीव्र गति से संचालित है। सर्वे कार्य के लिए कृषि विभाग के 66 कार्मिक, जिला पंचायती राज विभाग के 291 कार्मिक, उपायुक्त मनरेगा के 223 रोजगार सेवक तथा 302 निजी सर्वेयर को तैनात किया गया है।

अब तक 4,57,000 खसरे का सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 72 प्रतिशत है। प्रदेश स्तर पर जनपद की 31वीं रैंक दर्ज की गई है।

जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उपायुक्त मनरेगा, उप कृषि निदेशक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी (कृषि/पंचायत) के साथ सर्वे कार्यों की समीक्षा की जा रही है, जिससे कार्य में निरंतर गति बनी हुई है।

उप निदेशक कृषि संतोष कुमार ने बताया कि जनपद की कुल 612 ग्राम पंचायतों में से 156 ग्राम पंचायतों में सर्वे कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य को दिनांक 10 अक्टूबर तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# कन्नौजः आईटीआई छिबरामऊ में सम्पन्न हुआ दीक्षांत समारोह

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**



कन्नौज। आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छिबरामऊ-कन्नौज (स्थित-ग्राम रसूलाबाद तालग्राम) में भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्र की विधायक अर्चना पांडेय रहीं। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ सम्पन्न हुआ। तत्पश्चात नोडल प्रधानाचार्य अनुज कुमार मौर्य ने बताया कि संस्थान के कई प्रशिक्षु प्रतिष्ठित संस्थानों जैसे सीएसआईआर, बार्क तथा विभिन्न निजी कंपनियों में चयनित हुए हैं। विशेष रूप से आर्टिजन ट्रेड की राज्य स्तरीय टॉपर प्रशिक्षु प्रियंका ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छिबरामऊ एवं जनपद में प्रथम स्थान पाकर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। जनपद के अन्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कन्नौज से आकांक्षा गौतम, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, तिर्वा से वंशिका ठाकुर एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सौरिख से आकाश शाक्य ने प्रथम स्थान पाया।

प्रधानाचार्य संजीव कुमार पाल द्वारा कार्यक्रम में टाटा टेक्नॉलाजो द्वारा स्थापित टीटीएल लैब एवं कौशलम् केन्द्र की भी जानकारी दी गई। इसमें उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को उद्योग जगत की मांग के अनुरूप तैयार किया जा रहा है।

मुख्य अतिथि अर्चना पांडेय ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षुओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि कौशल विकास ही आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने आईटीआई की उपलब्धियों की सराहना करते हुए प्रशिक्षार्थियों से देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में मेधावी प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। प्रशिक्षु प्रियंका ने प्रधानाचार्य, अनुदेशकगण एवं टाटा की ओर से मिले अवसरों के लिए आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ संस्थानों के प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य छिबरामऊ संजीव पाल ने आये हुये सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम में जनपद के समस्त कार्यदेशक, समस्त अनुदेशक, अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की चपेट में आकर बाइक सवार युवक की मौत एक घायल

## मूति विसर्जन से लौटते समय हुआ हादसा

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**

फतेपहुर। हुसेनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डोलेपुर के समीप शुक्रवार की शाम मूर्ति विर्सजन कर बाइक से घर वापस लौट रहे दो लोगो को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। जिससे एक की मौत हो गयी। वही दूसरा घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के नउवाबाग कांशीराम कालोनी गड़रियनपुरवा निवासी स्व0 मेवा लाल का 25 वर्षीय पुत्र रानू अपने साथी विनय 20 के साथ मूर्ति विसर्जन के लिए भिटौरा गया था। शाम लगभग 5 बजे लौटते समय जब यह लोग डोलेपुर गांव के पास पहुंचे तभी भिटौरा की ओर मूर्ति विसर्जन के लिए जा रहे ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे रामू की मौके पर मौत हो गयी। वहीं विनय गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। वहीं पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

# महिला समेत तीन को सर्प ने डसा

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत शनिवार को महिला समेत तीन लोगो को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव निवासी अजय की 36 वर्षीय पत्नी सोनम शनिवार की दोपहर घूरेल काम कर रही थी। तभी सर्प ने उसे डस लिया। इसी प्रकार थरियांव थाना क्षेत्र के उदई सरांय गांव निवासी छेदी लाल का 20 वर्षीय पुत्र कुलदीप अपने घर पर सो रहा था। तभी भोर लगभग 4 बजे सर्प ने उसे डस लिया। जबकि बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के खुमार्बाद गांव निवासी नरेन्द्र सिंह उर्फ कल्लू का 26 वर्षीय पुत्र विनय अपने घर पर बैठा तभी सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनां को हुयी तो सभी को तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां सभी की हालत ठीक है।

# नदी में नहाते समय किशोर डूब मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के अर्न्तगत भूनेश्वरी देवी स्थान के समीप शुक्रवार की सुबह मूर्ति विसर्जन के दौरान रिंद नदी में 17 वर्षीय डूब गया। जिसका शव शनिवार की दोपहर गांव से कुछ दूर कटेलिहा मोड़ के पास नदी में उतराता मिला। जानकारी के अनुसार थाने के उमरिया मजरे सिजौली गांव निवासी रामशंकर का पुत्र शनि सोनकर शुक्रवार की सुबह मूर्ति विसर्जन के लिए भूनेश्वरी देवी स्थान गया था। बताते है कि विसर्जन के बाद वह नदी में नहाने लगा तभी अचानक तेज बहाव के कारण वह डूब गया। उधर गोताखोरो ने काफी प्रयास किया लेकिन कोई कामयाबी न मिली। शनिवार की दोपहर कटिलिहा मोड़ के पास किशोर का शव उतराता दिखाई दिया। जिसे पर मौके में पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन ग्रह भेज दिया। मृतक कक्षा 9 का छात्र था।

# युवती का नहर में उतराया मिला शव

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**

फतेहपुर। शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर की युवती घर से नहर की ओर गई थी फिर वापस नहीं लौटी। सुबह युवती का शव नहर में उतराया हुआ मिलने से कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया।

दरियापुर गांव की युवती खुशी दीक्षित (20) पुत्री बब्बू दीक्षित शुक्रवार को सुबह लगभग 6 बजे नहर की ओर नित्यक्रिया के लिए गई थी। इसके बाद घर वापस नहीं पहुंची परिजन व ग्रामीण नहर की ओर पहुंचे तो देखा कि उसका लोटा रखा हुआ था। काफी देर तक इधर-उधर खोजबीन किया लेकिन युवती का कोई पता नहीं चला। जिस पर नहर में डूबने की आशंका जतायी गई थी। इसके बाद लगातार खोजबीन जारी है पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची लेकिन कोई सुराग नहीं लगा सकी। जब लापता युवती का कोई पता नहीं चल सका तो नहर का पानी डाउन कर दिया गया। नहर पुल से युवती का शव लगभग दो सौ मीटर दूरी पर 24 घंटे बाद साइन में फंसा हुआ मिला। पिता बब्बू दीक्षित ने बताया कि उसकी पुत्री घर से निकली थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी गई।

# पंचायत भवनों के भ्रष्टाचार पर पड़ी डीएम की नजर तो नपेंगे कई अफसर!

## जिले के ज्यादेतर पंचायत भवन में सुविधाएं नदारद : सूत्र।

**समाज जागरण**

सिद्धार्थनगर। जनपद के ज्यादेतर पंचायत भवन भ्रष्टाचार की आकंठ में डूब कर भ्रष्टाचार की गाथा लिखने को बेताब हैं, लेकिन पंचायत भवनों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर किसी जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी का ध्यान न जाना बहुत ही अफसोस की बात है। बताते चलें कि इटवा क्षेत्र में ज्यादेतर पंचायत भवन ऐसे हैं जो कि पूर्ण रूप से खंडहर में तब्दील हो चुके हैं। लेकिन वह भी कागजों में संचालित है। सबसे अफसोस की बात यह है कि उसमें नियुक्त कर्मचारीयों को समय-समय पर मानदेय भी मिल रहा है। सूत्रों के अनुसार इटवा क्षेत्र में शायद ही ऐसा कोई पंचायत भवन हो जिसमें निर्धारित सुविधाएं मुहैया हों। जबकि सरकारी नियमावली के अनुसार पंचायत भवन में, एक बैठक कक्ष, कार्यालय कक्ष, ग्राम पंचायत सचिव का आवास, बरामदा, शौचालय, कंप्यूटर, प्रिंटर, और अन्य कार्यालय संसाधन होने अनिवार्य हैं। इसके अलावा जनसुविधा केंद्र आरटीपीएस केंद्र भी होना चाहिए, जहाँ आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र जैसे सरकारी दस्तावेज और ऑनलाइन सेवाओं का लाभ जरूरतमंदों को मिल सके। बताया जाता है कि ग्राम सभा और अन्य बैठकों के आयोजन के लिए एक बैठक हॉल, पंचायत के कार्य संचालन और अधिकारियों के लिए एक या दो कार्यालय कक्ष,ग्राम पंचायत सचिव के लिए आवास की व्यवस्था,ग्रामीणों और कर्मचारियों के लिए शौचालय और एक बरामदा,गांवों में स्वच्छ पेयजल और पर्याप्त बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करना,कार्यालयीन कार्यों के लिए कंप्यूटर कुर्सी मेज आलमारी और प्रिंटर पंचायत के विकास निधि का भुगतान करने के लिए डोंगल की सुविधा जनसुविधा केंद्र आरटीपीएस केंद्र यह केंद्र ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाओं का लाभ प्रदान करता है। आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, और राशन कार्ड जैसी सेवाएं उपलब्ध होती हैं। दैवीय आपदा लाभ, बिजली कनेक्शन, कृषक दुर्घटना बीमा आदि की ऑनलाइन सुविधाएँ,व वित्तीय लेन-देन के लिए सुव्यवस्थित, कम्प्यूटरीकृत और पारदर्शी लेखा प्रणाली। पंचायत के कार्य सुचारू रूप से चले इसके लिए पंचायत सचिव और अन्य संबंधित कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना। प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं, जैसे टीकाकरण, मां एवं बच्चे की देखभाल, और पोषण की व्यवस्था करना। बच्चों के लिए शिक्षा की सुविधा और गांव में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो इटवा क्षेत्र के किसी भी पंचायत भवन में शासन के मंशानुरूप सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं,ऐसे में तेज तर्रार जिला अधिकारी डॉक्टर राजा गणपति आर को चाहिए कि एक बार भ्रष्टाचार में डूबे इन पंचायत भवनों की दुर्दशा पर नजर जरूर फेरें, तो निश्चित ही कई जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई का गाज गिरना तंय है।

# सड़क हादस में बाइक सवार की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानगढ के समीप तेज रफ्तार आ रही चार पहिया से बचने में अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से वाहन 55 वर्षीय अधेड़ को रौंदते हुये निकल गयी। जिसकी अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार थाने के सुल्तानगढ गांव निवासी भैयालाल तिवारी का पुत्र संतोष कुमार अपनी पत्नी सनीता देवी के साथ बाइक से रिश्तेदारी में गये थे। वापस लौटते समय जब गांव के समीप पहुचे तभी सामने से तेज रफ्तार चार पहिया वाहन से बचने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गयी और रोड पर जा गिरी। इसी बीच आ रही चार पहिया वाहन संतोष को रौंदते हुये निकल गयी। जबकि सुनीता देवी संतोष की पीठ के ऊपर गिरी थी। वह बाल-बाल बच गयी। उधर परिजन जानकारी मिलने पर उपचार के लिए अस्पताल रहे थे। तभी रास्ते में अधेड ने दम तोड़ दिया। पोस्ट मार्टम हाउस में मृतक की पत्नी ने बताया कि चार पहिया वाहन सभी अध्यापक बैठे थे। जो सरस्वती इण्टर कालेज में पढाते है।

# करेंट की चपेट में आये युवक की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**

फतेहपुर। कस्बे के मोहल्ला पोजेपुर में बहन की ननद की ससुराल आये 22 वर्षीय युवक की मोबाइल का चार्जर बिजली के बोर्ड में लगाते समय करेंट की चपेट में आने से वह अचेत होकर गिर पड़ा। जिसे परिजन इलाज हेतु सीएचसी ले गये। जहाँ चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जिससे कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार जनपद संत कबीर नगर के थाना मोहाली के गाँव घोरहा निवासी 22 वर्षीय जगन्नाथ कस्बा जहानाबाद के मोहल्ला पोजेपुर निवासी बहन अमृता पत्नी रामचंद्र की भांन्जी सपना पुत्री देशराज की गोद भराई में उसकी बहन देश राज के घर पर रुकी हुई थी। जिसे लेने के लेने के लिए देशराज के यहाँ आया था। कि शनिवार को सुबह 8 बजे मोबाइल चार्ज करने के लिए बिजली के बोर्ड में लगाते समय करेंट की चपेट में आने से वह अचेत होकर गिर पड़ा। जिसे इलाज हेतु परिजन सीएचसी जहानाबाद ले गये। जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उपनिरीक्षक नारद कुमार भारती ने बताया कि पोजेपुर निवासी देशराज यादव की सूचना पर शव का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी भेजा गया है।

# सडक हादसे में अधेड़ घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**

फतेहपुर। औंग थाना क्षेत्र के अर्न्तगत एनएच 2 में शुक्रवार की देर रात सड़क पार कर रहे लगभग 55 वर्षीय अज्ञात अधेड को विपरित दिशा से आ रही अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुये निकल गयी। वहीं सूचना पहुंची पुलिस ने घायल अधेड को गोपा लगंज पीएचसी में भर्ती कराया। शनिवार की सुबह हालत ठीक न होने पर थाने में तैनात पीआरबी आशारा के साथ घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी है। समाचार लिखे जाने तक घायल के नाम की जानकारी नहीं हो सकी है।

# 1857 के शहीद जयमंगल पांडेय के बलिदान लोगों ने याद किया ।

**मिंटू कुमार समाज जागरण ।**
दिनांक 4/10/25 को खिरगांव स्थित जहां 1857 स्वतंत्रता संग्राम के नायक शहीद जयमंगल पांडेय का जन्म स्थली है ।शहीद जयमंगल पांडेय का शहीद दिवस उनके फोटो पर पुष्प माला चढ़ाकर खिरगांव वाशी एवं शहर के गण्यमान लोगो ने श्रद्धांजलि अर्पित की प्रोफेसर शत्रुघ्न पांडेय ने इनकी पूरी गाथा डोरंडा से चतरा तक पूरी इतिहास की जानकारी दी उन्होंने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम आजाद भारत में जी रहे है तो शहीद जयमंगल पांडेय जैसे क्रांतिकारियों की वजह से ।जिनकी लहू इस मातृभूमि के एक एक कण में समाहित है जब भी अंग्रेजी हुकूमत



की गुलामी याद आती है तो भारतीयों पर क्रूर यातनाएं याद आती है ।बटेश्वर मेहता ने कहा कि क्रूर अंग्रेजो के खिलाफ प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति दे दी आज ऐसे स्वतंत्रता संग्राम के नेतृत्वकर्ता शहीद जयमंगल पांडेय और हजारीबाग की धरती पर गर्व है। आज जब भी 1857 की क्रांति की बात आती है तो हजारीबाग के लाल 1857 क्रांति के नायक शहीद जयमंगल पांडेय पूरे शहर वाशी के साथ देश गर्व करता है। कांग्रेस ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा कि शहीद जयमंगल पांडेय की जब इतिहास को जानेंगे तो पता चलेगा कि 1857 क्रांति में अदभुत योगदान रहा। जो भुलाया नहीं जा सकता। आज इन क्रांतिकारियों की वजह से आजाद भारत की कल्पना साकार हुई आज आजादी के खुली सांस में जी रहे है उसमें शहीद जयमंगल पांडेय का अदभुत योगदान है इस कार्यक्रम को अशोक देव ने भी संबोधित किए कार्यक्रम का समाज के जिला अध्यक्ष सुनील पांडेय के नेतृत्व में हुआ नेतृत्व सुनील वंशज सचिदानंद पांडेय ने कहा कि पूरे गांव आज गौरवान्वित है ही इन सपूतों पर पूरा देश को अभिमान है ।आज इनकी बलिदानी भारत के कोने कोने और कण कण में है आज जरूरत है यहां के जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की जो इस हजारीबाग की धरती का मान भारतीय पटल पर हो इन शहीदों की गुमनाम गाथा देश जाने ।इस कार्यक्रम में किशुन पांडेय , लालकिशोर साहू ,संजय साव, मिथलेश पांडेय , उदय पांडेय, ज्ञानदीप कुमार, हीरा कुमार पांडेय , चंदन पांडेय , धीरज सिंह, मंगल पांडेय, दीनानाथ पांडेय, गया पांडेय, अरविंद कुमार, विजय पांडेय, विश्वनाथ राम के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे ।

## राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू का दौरा एवं प्रवास

### 12 अक्टूबर को होगी हजारीबाग जिला की बैठक

**समाज जागरण कुलदीप कुमार**
**संवाददाता बड़कागांव**
राष्ट्रीय जनता दल पिछड़ा प्रकोष्ठ हजारीबाग के जिलाध्यक्ष सह टीएसफोर झारखंड के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कुंज बिहारी साव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संगठन को सशक्त बनाने के लिए 5 से 13 अक्टूबर तक राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू दौरा एवं प्रवास करेंगे !



कुल 9 दिनों में 9 जिला के स्थानीय नेताओं एवं कार्यकताओं के साथ बैठकर संगठन विस्तार की रुपरेखा तय की जाएगी तथा अधिक से अधिक क्रियाशील सदस्य बनाने के महत्व से अवगत कराया जाएगा ! 5 अक्टूबर को गुमला जिला प्रवास करने के बाद लोहरदगा , लातेहार , गढ़वा , पलामु , चतरा , कोडरमा , हजारीबाग और 13 अक्टूबर को रामगढ़ जिला में प्रवास किया जाएगा । उन्होंने आगे कहा कुछ जिलों में अन्य पार्टियों के नेतागण अपने समर्थकों के साथ राजद में शामिल भी होंगे । दौरा समाप्ति उपरांत संगठन विस्तार की दूसरी सूची जारी की जाएगी ।

## बड़कागांव मध्य पंचायत में राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं का सत्यापन किया गया

**समाज जागरण कुलदीप कुमार**
**संवाददाता बड़कागांव**

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित सभी राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं का सत्यापन हेतु बड़कागांव मध्य पंचायत भवन में सोशल ऑडिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा योजना का सत्यापन किया गया। दर्जनों लाभुकों ने अपना पेंशन का सत्यापन करवाया। इस दौरान मृत लाभुकों का भी पहचान किया गया। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया तकरीमुल्लाह, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, पंचायत सचिव हकीम



मियां, वीआरपी अंजनी तिर्की, अनामिका कुमारी, वार्ड सदस्य गणेश राम, सविता देवी, संजय रॉय, राजू राम, प्रेमलता कुमारी, पंचायत सहायक उमा देवी, आंगनबाड़ी सेविका सुनीता देवी, अफरोजा खातून, सरिता देवी,हेमंती देवी व अन्य दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# आदि कर्मयोगी अभियान आयोजित ग्रामसभा में भारत सरकार के संयुक्त सचिव हुए सम्मिलित ।

**मनोज कुमार ब्यूरो चीफ**
**समाज जागरण हजारीबाग।**
हजारीबागः आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आज चुरचू प्रखंड के ग्राम जमडीहा में ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसमें भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री ब्रिज नंदन प्रसाद ने भाग लिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री इश्तियाक अहमद सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी चुरचू श्री ललित राम, मुखिया, प्रमुख एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामसभा में बीडीओ श्री ललित राम ने बताया कि चुरचू प्रखंड के कुल 06 आदिवासी बहुल गांवों का चयन ह्लआदि कर्मयोगी अभियानह्व के अंतर्गत किया गया है। चयनित गांवों के लिए प्रखंड स्तरीय उन्मुखीकरण पूरा कर लिया गया है तथा जमडीहा गांव में आदि सेवा केंद्र की स्थापना की गई है। साथ ही आदि साथी एवं आदि सहयोगी का चयन भी किया जा चुका है। ग्रामसभा में बताया गया कि चयनित गांवों के समग्र एवं सतत विकास के लिए विभिन्न विभागों की योजनाओं को समन्वित करते हुए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इसमें कल्याण विभाग, जलछाजन, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), कृषि, मनरेगा, डीएमएफटी मद, लघु एवं कुटीर उद्योग, पेयजल, पशुपालन एवं स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को समाहित किया गया है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने अपनी बातें रखीं तथा गांव के समग्र विकास के लिए सकारात्मक सुझाव दिए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य आदिवासी बहुल गांवों को वर्ष 2030 तक समग्र विकास करना



है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्वयं योजना निर्माण में भागीदारी करें तथा शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लें। उन्होंने अधिकारियों से अभियान की सफलता हेतु समन्वय स्थापित करते हुए पोषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। भारत सरकार के संयुक्त सचिव ब्रिज नंदन प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामसभा लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। यहां जनता की सहभागिता से तैयार योजनाएं वास्तविक आवश्य कताओं पर आधारित होती हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा में बने प्रस्तावों पर भारत सरकार द्वारा गंभीरता से विचार किया जाएगा और आवश्यक वित्तीय सहयोग देने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करना है, और आदि कर्मयोगी अभियान उसी दिशा में एक सशक्त कदम है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं और अपने गांव के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं। ग्रामसभा के पश्चात जमडीहा में भारत सरकार के संयुक्त सचिव ब्रिज नंदन प्रसाद एवं उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा आदि सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस केंद्र के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। इसके पश्चात संयुक्त सचिव ने सदर प्रखंड के बहोरनपुर का भी दौरा किया, जहां ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया।

## बादम साहू भवन में ग्रामीणों ने कोल कंपनियों के खिलाफ की बैठक

**समाज जागरण कुलदीप कुमार**
**संवाददाता बड़कागांव**
बड़कागांवः साहु भवन बादम में कोल खनन कंपनियों के विरोध में बैठक किया गया । जिसकी अध्यक्षता सबुर महतो एवं संचालन विनय कुमार ने किया। बैठक में ग्रामीणो ने 7 नम्बर को हरली मैदान में कोल खनन कंपनियों के विरोध में महापंचायत का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। साथ में सभी पंचायतों में विस्थापन की समस्या को



लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रचार प्रसार भी किया जाएगा।

## सुंदरनगर में मोटरसाइकिल दुर्घटना में समाजसेवी सनत मंडल गंभीर रूप से घायल

### जिला परिषद सदस्य सूरज मंडल ने गंभीर रूप से घायल सनत मंडल से अस्पताल में की मुलाकात

**परमबीर पात्रों, संवाददाता,**
**समाज जागरण**
पूर्वी सिंहभूम जिला के सुंदरनगर थाना अंतर्गत कुदादा में समाजसेवी सनत मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, वे करनडीह से हाता जाने के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार थे, तभी अचानक मार्ग में कुत्ता आ जाने के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वे गिर गए। इस दुर्घटना में उनके बायां पैर की हड्डी टूट गई और सर पर गंभीर चोट आई।



आज पोटका से जिला परिषद के सदस्य सूरज मंडल, पिंकी मंडल, रीता मंडल, करुणामय मंडल, मोनो मंडल और अजय मंडल अस्पताल पहुंचे और उनका हाल-चाल पूछा। उन्होंने सनत मंडल के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान पुलक मंडल, तपन मंडल, कार्तिक मंडल, विश्वजीत मंडल, विश्वनाथ मंडल और कल्याण मंडल सहित समाज के कई गणमान्य लोग भी मौजूद थे। समाज में सनत मंडल की सेवा और योगदान के कारण उनके स्वास्थ्य के प्रति सभी लोग चिंतित हैं और उन्हें जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

## तिरूलडीह दुर्गा पूजा समिति के सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे दर्शक, आज हुआ भव्य समापन

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**
ईचागढ़ः कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह रेलवे स्टेशन परिसर में शनिवार को श्रीश्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रंगारंग कार्यक्रम में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी और लोग देर रात तक झूमते रहे। उड़ीसा के बारीपदा से आई सुलोचना महतो (स्व दीपक महतो) एवं उनकी पार्टी ने एक से बढ़कर एक झूमर नृत्य प्रस्तुत



कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। झारखंडी संस्कृति की छटा बिखेरते झूमर नृत्य और मां दुर्गा की स्तुति में प्रस्तुत गीतों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान समिति की ओर से ईचागढ़ क्षेत्र के पत्रकारों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं स्थानीय मुखिया रामबालक सिंह मुण्डा को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष बबलु साहु, उपाध्यक्ष राकेश साहु, सचिव बब्सन सिन्हा, पवन सिंह, बिक्रम चौधरी, मनोज कोइरी, विकास गोप, गौतम महतो, बुबाई महतो सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। आज सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही दुर्गा पूजा का भव्य समापन हुआ। समापन अवसर पर उपस्थित लोगों ने मां दुर्गा से सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

## हरे लाल महतो के जन्मदिन पर होगा HLM ट्रॉफी विशाल फुटबॉल प्रतियोगिता

### दो दिवसीय आयोजन में सामाजिक सेवा के कार्यक्रम भी होंगे शामिल

**दैनिक समाज जागरण,**
**संवाददाता, बिकाश**
ईचागढ़ः जनसेवा ही लक्ष्य के संस्थापक एवं समाजसेवी श्री हरे लाल महतो जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी HLM ट्रॉफी विशाल फुटबॉल प्रतियोगिताह्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता आगामी 06 एवं 07 अक्टूबर 2025 को चांडिल प्रखंड के धातकीडीह फुटबॉल मैदान में आयोजित होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 06 अक्टूबर को हरे लाल महतो जी के जन्मदिन समारोह के साथ किया जाएगा, जबकि 07 अक्टूबर को फाइनल मुकाबला एवं समापन समारोह संपन्न होगा। इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। दो दिवसीय रोमांचक मुकाबलों के बाद विजेता टीम को ₹2 लाख नकद व ट्रॉफी, उपविजेता को ₹1.5 लाख व ट्रॉफी, जबकि तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को ₹1-1 लाख रुपये नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा बेस्ट खिलाड़ी और बेस्ट गोलकीपर को साइकिल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। खेल के साथ-साथ जनसेवा की भावना को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। 06 अक्टूबर को मेला परिसर में निःशुल्क नेत्र एवं दंत जांच शिविर लगाया जाएगा। 07 अक्टूबर को ब्रह्मानंद ब्लड बैंक के सौजन्य से रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। समापन समारोह को यादगार बनाने के लिए स्थानीय लोकप्रिय गायक कुंदन कुमार एंड टीम द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, मांडू विधायक निर्मल महतो, पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस एवं पूर्व विधायक लंबोदर महतो समेत कई विशिष्ट अतिथियों के उपस्थित रहने की संभावना है। इस भव्य आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जनसेवा ही लक्ष्य संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य व्यापक तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## नीमडीह में दशहरा उत्सवः रावण दहन और झूमर ने आकर्षित किया भारी जनसैलाब

**दैनिक समाज जागरण,**
**संवाददाता, बिकाश**
ईचागढ़ः नीमडीह प्रखंड अंतर्गत झिमड़ी सोनाडूंगरी में शनिवार की शाम एक भव्य रावण दहन और सांस्कृतिक झूमर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्यू यंग बॉयज क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में झारखंड और पश्चिम बंगाल से आए दर्शकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मुख्य अतिथि, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो ने रावण दहन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दशहरा, अर्थात विजयादशमी, भगवान श्रीराम की रावण पर विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रावण अहंकार और अत्याचार का प्रतीक था और उसका पुतला जलाना हमें यह याद दिलाता है कि अंततः धर्म, सत्य और न्याय की ही जीत होती है। हरे लाल महतो ने सभी उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने अंदर के अहंकार और



नकारात्मक प्रवृत्तियों को भी इसी अवसर पर जलाने का संकल्प लें। सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमर सम्राट संतोष महतो एंड टीम ने दर्शकों का मनोरंजन किया। उन्होंने मंच पर प्रस्तुत गीतों और झूमर नृत्यों के माध्यम से स्थानीय संस्कृति और देशभक्ति की भावना को जीवंत किया। विशेषकर युवाओं के लिए गाए गए गीतों ने माहौल को और भी उत्साही बना दिया। कार्यक्रम में गणेश चंद्र महतो (कमीटी अध्यक्ष), पद्मलोचन महतो (पंचायत समिति सदस्य), मुखिया सरस्वती सिंह, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो और झामुमो पूर्व प्रखंड अध्यक्ष हरिदास महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। यह आयोजन न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक उत्सव का प्रतीक था, बल्कि स्थानीय युवाओं और समुदाय के बीच भाईचारे और सकारात्मक ऊर्जा को भी बढ़ावा देने वाला अवसर साबित हुआ।

## प्रदूषण रूपी रावण का पुतला दहन कर अपने अंदर के रावण को जलाने की है जरूरतः डा कौशल, अमित, पूनम

**समाज जागरण दीपक सरकार**
**छतरपुर/ पलामू**
पर्यावरणविद ट्री मैन ऑफ इंडिया डॉ कौशल किशोर जायसवाल, धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल पुत्र सह मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क डाली के अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल व छोटे पुत्र सह छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने नवरात्र के समापन पर डाली बाजार के कौशल नगर स्थित अकेलवा मैदान में आयोजित तीन दशक से आ रहे मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं नेशनल मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क जैविक उद्यान व विश्व के पहला पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर के प्रांगण में थाईलैंड प्रजाति का बारहमासी आम के पौधा भी



लगाया। डॉ कौशल ने कहा कि वे वर्ष 1994 से उक्त मैदान में मेला व रावण का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन करते आ रहे हैं। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाते हैं। पार्षद अमित ने उद्घाटन भाषण में कहा कि लोगों को अपने अंदर की रावण रूपी अहंकार को जलाने की जरूरत है तभी हम समाज में फैले प्रदूषण को समाप्त कर एकजुटता और शांति सौहार्द का वातावरण कायम करने में कामयाबी हासिल कर सकते हैं। पर्यावरणविद डॉ कौशल ने कहा कि हिंदू -मुस्लिम की एकता का ही यह मिसाल है कि इतना बड़ा आयोजन शांतिपूर्ण व सफलता पूर्वक सम्पन्न होता है। उन्होंने इसके लिए सभी लोगों को शुभकामना देते हुए आभार व्यक्त किया। मुखिया पूनम जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापन के बाद सभा समाप्ति की घोषणा की गई। दुर्गा पूजा कमेटी के अध्यक्ष राम जी प्रसाद ,सचिव श्रवण जायसवाल, कोषाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद , युवा अध्यक्ष प्राचीन कुमार संरक्षक महजर यादव रामजन्म यादव, धर्मदेव यादव , मेला समिति के अध्यक्ष अरुण जायसवाल,सचिव जुबेर अंसारी कोषाध्यक्ष पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, संरक्षक सत्येंद्र प्रसाद जायसवाल, सुचित जायसवाल धीरज जायसवाल, विकासजायसवाल, रोकि जायसवाल , विनोद यादव , मनोज विश्वकर्मा, देवराज विश्वकर्मा, सुमित कुमार, अमन कुमार, शिल्पा जायसवाल, कोमल जायसवाल , श्याम देव पासवान, के सहयोग से कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में मदद मिली। मौके पर प्रमुख लोगों में शंभू मिश्रा, विजय गुप्ता,मिठू सिंह. पिंकी सिंह, धर्मेंद्र सिंह हेमा सिंह रिमझिम सिंह,अरुण विश्वकर्मा, शैलेश विश्वकर्मा दीनानाथ प्रसाद ,कोमल यादव, मनोज यादव,संजय यादव, मोती यादव, बचेस यादव,कैलाश यादव,जुम्मन अंसारी, महेंद्र राम, बाबूराम, राजेश्वर मिस्त्री, शिवनाथ राम, शमीम अंसारी, मुस्ताक अंसारी, शाहजहां अंसारी, यासीन अंसारी,विनोद राम, समेत हजारों की संख्या में हिंदू -मुस्लिम समुदाय के लोग कौशल नगर के मेला में मनोरंजन के लिए शामिल हुए थे।

## ऑल राइट ड्राइवर मजदूर महासंघ ने मृत चालक के परिजनों को सौंपा सहायता राशि

**समाज जागरण दीपक सरकार**
छतरपुरः ऑल राइट ड्राइवर मजदूर महासंघ के द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत चालक सड़मा गांव निवासी स्व राजकुमार यादव के परिजनों को दस हजार पांच सौ का सहयोग राशि सौंपा गया। इस मौके पर संघ के प्रखंड अध्यक्ष रितेश कुमार सौरभ ने कहा कि महासंघ चालकों के हितों की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध है। उन्होंने इलाके के सभी चालकों से अपील किया कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में महासंघ से जुड़ कर लाभ उठाएं। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द गुप्ता चुनमून ने मृत चालक राजकुमार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मदद के लिए ऑल राइट ड्राइवर मजदूर महासंघ का आभार व्यक्त किया और कहा कि संघ की शक्ति असीम होती है, सभी चालकों को संघ से जुड़कर इसका लाभ उठाना चाहिए। इस मौके पर संघ के प्रखण्ड मीडिया प्रभारी जयकुश प्रजापति, सदस्य



विनेश उरांव और सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमुन, निर्वतमान वार्ड पार्षद उमेश यादव, राजदेव यादव, सन्तोष यादव, बबलू यादव सहित डेजनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# बेबी महतोः झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की तेजतर्रार महिला नेत्री

**परमबीर पात्रों,**
**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता**
रांची. झारखंड की राजनीति में महिलाओं की भूमिका लगातार मजबूत होती जा रही है. इसी क्रम में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (JLKM) की केंद्रीय उपाध्यक्ष बेबी महतो ने अपने बेबाक तेवर और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर सुर्खियां बटोरी हैं.
बेबी महतो को जनता अक्सर झारखंड की शेरनी कहकर संबोधित करती है. वे हमेशा आम लोगों की समस्याओं को सामने लाने और उनके समाधान की मांग करने में अग्रणी रही हैं. हाल ही में उन्होंने राज्य सरकार की शराब नीति पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा था कि यह नीति समाज को खोखला कर रही है और गरीब परिवारों पर इसका गंभीर असर पड़ रहा है.
उनकी लोकप्रियता का कारण केवल



उनके तेवर नहीं, बल्कि जनता के बीच उनकी सीधी भागीदारी भी है. वे गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को सुनती हैं और उन्हें प्रशासन तक पहुंचाने का प्रयास करती हैं. विशेषकर युवाओं और महिलाओं में उनके नेतृत्व को लेकर विश्वास और उम्मीद बढ़ रही है.
राजनीति में महिलाओं की सक्रियता को लेकर बेबी महतो मानती हैं कि बदलाव की असली ताकत जनता के बीच से आती है. वे कहती हैं कि सत्ता का मतलब सिर्फ कुर्सी पर बैठना नहीं है, बल्कि समाज के लिए लड़ना है. बेबी महतो का राजनीतिक सफर भले अभी शुरूआती दौर में हो, लेकिन उनका संघर्षशील रवैया और स्पष्टवादी सोच उन्हें झारखंड की महिला राजनीति में अलग पहचान दिला रही है. JLKM के कार्यकताओं का मानना है कि आने वाले समय में वे संगठन और राज्य दोनों स्तर पर मजबूत नेतृत्व कर सकती हैं.

# गैर-फास्टैग उपयोगकताओं के लिए टोल प्लाजा पर डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने हेतु नया उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह नियम

राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रह) (तृतीय संशोधन) नियम, 2025, 15 नवंबर, 2025 से प्रभावी होंग डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने और गैर-फास्टैग उपयोगकताओं के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों पर उपयोगकर्ता शुल्क प्लाजा पर नकद लेनदेन को समाप्त करने के एक महत्वपूर्ण कदम में, भारत सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियम, 2008 में संशोधन किया है। नए नियम के तहत, वैध, कार्यात्मक फास्टैग के बिना शुल्क प्लाजा में प्रवेश करने वाले वाहनों से लागू उपयोगकर्ता शुल्क का दोगुना शुल्क लिया जाएगा, यदि शुल्क का भुगतान नकद में किया जाता है। ऐसे उपयोगकर्ता जो यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना चुनते हैं, उनसे उस श्रेणी के वाहन के लिए लागू उपयोगकर्ता शुल्क का केवल 1.25 गुना शुल्क लिया जाएगा। उदाहरण के लिए, यदि किसी वाहन को वैध फास्टैग के माध्यम से 100 रुपये का उपयोगकर्ता शुल्क देना है, तो नकद में भुगतान करने पर शुल्क 200 रुपये और वढकके माध्यम से भुगतान करने पर 125 रुपये होगा। राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण एवं संग्रहण) नियम, 2008 में नवीनतम संशोधन कुशल टोल संग्रहण हेतु प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने और टोल प्लाजा पर भीड़भाड़ कम करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। संशोधित नियम डिजिटल भुगतान को अपनाने को प्रोत्साहित करेंगे, टोल संचालन में पारदर्शिता बढ़ाएंगे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर समग्र उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार लाएंगे।

# हर मौहल्ले एवं हर समाज को वीरांगना झलकारी बाई शोभायात्रा से जोड़ेंगे - मनोज शंखवार पार्षद

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! वीरांगना झलकारी बाई शोभायात्रा समिति फिरोजाबाद (रजि.) के अध्यक्ष मनोज शंखवार पार्षद के निवास झलकारी नगर में एक बैठक आयोजित हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि इस वर्ष वीरांगना झलकारी बाई शोभायात्रा में हर समाज को जोड़ने का काम किया जाएगा , शोभायात्रा संयोजक एवं कार्यकारी अध्यक्ष शांतिदास शंखवार एवं वरिष्ठ समाजसेवी केशवदेव शंखवार ने डोला अध्यक्ष बनाए गए युवाओं का स्वागत किया संचालक रामकुमार शंखवार ने बताया कि सहदेव शंखवार को वार्ड अध्यक्ष , लक्ष्मण कंडेरे, दिनेश चंद्र मुनीम जी ,जानी कोहली,शिवा कोहली को डोला अध्यक्ष बनाया गया है कार्यक्रम में गौरव कुमार,अभयराम ,विपिन शंखवार,सुनील एल आई सी ,सुनील कुमार ,यतेंद्र शंखवार ,मनीराम ,सनोज कुमार ,संजू पत्रकार ,आदि लोग मौजूद रहे !

# प्रदेश सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री ने किए मां कामाख्या के दर्शन

**समाज जागरण**



जसराना। प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं जिले के प्रभारी मंत्री शुक्रवार को जसराना पहुंचे। जहां उन्होंने पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष के यहां कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। वहीं मंदिर पहुंचे उच्च शिक्षामंत्री ने मां कामाख्या के दर्शन किए।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश गुप्ता के घर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा जसराना में वह पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने आए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मिलकर जसराना में चल रही पार्टी की गतिविधियों की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने कहा मोदी के नेतृत्व में देश एवं योगी के नेतृत्व में प्रदेश तरक्की के सोपान छू रहा। मां कामाख्या के दर्शन कर पीठाधीश महेश स्वरूप ब्रह्मचारी से मुलाकात की। दर्शन करते हुए कहा कि मां कामाख्या धाम आस्था और भक्ति का केंद्र है। इस दौरान जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, डॉ. उम्मेद सिंह राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष मानवेंद्र प्रताप सिंह, अशोक गुप्ता, अमलेंद्र लोधी आदि लोग मौजूद रहे।

# राजकीय आई टी आई में हुआ दीक्षांत समारोह

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! राजकीय आई०टी०आई आनंदपुर जारखी टूंडला में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया ,कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख टूंडला सत्येंद्र कुमार धनगर द्वारा फीता काटकर किया गया

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ब्लाक प्रमुख टूंडला द्वारा अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा जुलाई 2025 में प्रत्येक व्यवसाय में प्रथम द्वितीय एवं



तृतीय स्थान पाये 35 प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो भेंट कर उनका मनोबल बढ़ाया अपने ,उद्बोधन में आई०टी0आई की महत्ता को बताते हुए अवगत कराया कि आज के परिवेश में पूरी दुनिया नई तकनीकी अपना रही है तथा समय के साथ तकनीक में भी प्रतिदिन कुछ ना कुछ नए आविष्कार हो रहे हैं ,जिसके कारण भारत सरकार ग्रामीण परिवेश के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए आई०टी०आई की ओर विशेष ध्यान दे रही है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विभागीय संयुक्त निदेशक संजय सगर द्वारा विशेष बल देते हुए कहा गया कि आज युवा वर्ग यदि तकनीकी विशेषता को नहीं अपनाएगा तो वह सारी दुनिया में पीछे रह जाएगा इसीलिए समय रहते युवाओं को आई०टी०आई की ओर चल देना चाहिए । TTL के माध्यम से संचालित नए व्यवसायों के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए संस्थान की प्रधानाचार्य श्रीमती हेमलता यादव द्वारा अवगत कराया गया कि गत वर्ष से विश्व स्तर के कोर्स अब जारखी संस्थान में भी प्रारंभ हो गए हैं ,जिनमें युवाओं ने काफी दिलचस्पी दिखाई है कार्यक्रम के दौरान कार्यदेशक श्री सत्यप्रकाश एवं संस्थान के समस्त स्टाफ मौजूद रहे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए प्रशिक्षार्थी प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो पाकर अत्यंत खुश दिखाई दे रहे थे।

# भाजपा नफरत फैला कर संस्कार और संस्कृति की चोरी कर रही है --रामनिवास यादव

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबादवोट! चोर - गद्दी छोड़ " जन आंदोलन के अंतर्गत मीरा चौराहा पर जिला सचिव संजय यादव के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव रहे '

इस मोके पर जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा चुनाव आयोग से मिलकर विरोधी वोटो की चोरी करके केंद्र सरकार बनाली गईं और प्रदेशो में बनाई गईं है जो लोगो के संवेधानिक अधिकारों चोरी करने का काम कर रही हैं इसके साथ ही शिक्षा की चोरी कर रही हैं , सरकारी नौकरी चोरी कर रही हैं , किसानों नौजवानो के सपनों की चोरी कर रही हैं , नफरत फैलाकर संस्कार और संस्कृति की चोरी कर रही हैं जिसे कांग्रेस पार्टी बर्दाश्त नहीं करेंगी और इसके विरुद्ध पूरे देश में हस्ताक्षर अभियान चलाकर जन समर्थन जुटाया जा रहा है जो इनके ताबूत में आखिरी कील साबित होगा '

इसके अलावावरिष्ठ नेता बाबूराम निशंक , जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह यादव जितेंद्र तिवारी , महासचिव धर्मेंद्र यादव , अनिल यादव , सचिव संजय यादव ने भी विचार व्यक्त किये तथा हरेश कुमार , अनिल चौहान , धर्मवीर यादव , आकाश यादव , धीरज यादव , संजू ठाकुर , संजय जैन , ओमवीर यादव , उपेंद्र यादव , विजय कुमार , संतोष बघेल , भोले सिंह , ऋतिक राठौर , सलीम , कप्तान सिंह , विनय यादव , विकास यादव आदि लोग मौजूद रहे तथा सेकढ़ो ने हस्ताक्षर कर समर्थन दिया '

# टिनी टॉयज जू. हाईस्कूल कोटला का स्वर्ण जयंती समारोह बड़ी भव्यता के सम्पन्न हुई।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! टिनी टॉयज विद्यालय कोटला के स्वर्ण जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम हवन पूजन विधि विधान के सम्पन्न हुआ। विद्यालय के स्वर्ण जयंती के शुभ अवसर पर विद्यालय की पुस्तिका भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के उत्कृष्ट विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष डॉ एमपी बंसल व प्रबंधक अशोक पोरवाल व अन्य अतिथियों द्वारा मेंडल व प्रशस्ति पत्र देकर कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं देशभक्ति व धार्मिक से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ न केवल मनमोहक रहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जागरूकता का सशक्त संदेश भी दे गईं। जादूगर देव के द्वारा मैजिक शो भी किया गया।।

इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ एमपी बंसल अध्यक्ष व श्रीमती सीता बंसल ने छात्र- छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि टिनी टॉयज विद्यालय कोटला ने बच्चों के अंदर भारत और भारतीयता के प्रति, एक नागरिक के रूप में उन कर्तव्यों का बोध कराने, सुयोग्य नागरिक बनाने हेतु अपने राष्ट्रीय दायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन कर रहा है।।

विद्यालय प्रबंधक अशोक पोरवाल ने कहा कि यह विद्यालय न केवल ग्रामीण क्षेत्र बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का द्वार खोलकर, बल्कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। स्वर्ण जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ शांति स्वरूप गुप्ता द्वारा की गई। संचालन शैलेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप डॉ राजेन्द्र प्रसाद , बिजेंद्र गुप्ता , चरन सिंह प्रधानाचार्य, सुभा बंसल , डॉ अमित गुप्ता , मंजू कुलश्रेष्ठ , चेतन दीक्षित , नवीन गुप्ता , प्रवीन गुप्ता , रुपेश गुप्ता राहुल शर्मा , सौरभ अग्रवाल आदि!

# *तहसील सहावर में समाधान दिवस15 प्रार्थना पत्र प्राप्त, दो मौके पर ही निस्तार*एडीएम

**समाज जागरण**

सहावर अपर जिलाधिकारी दिग्विजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता मैं तहसील सहावर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन समस्याओं व शिकायतों का निस्तारण किया गया। ने उप जिलाधिकारी ने शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापरक एवं निष्पक्ष निस्तारण ही शासन की प्राथमिकता है। सभी अधिकारी प्रार्थना पत्रों को शीघ्रता से निस्तारित करना सुनिश्चित करें।



जिससे पीड़ितों को पूर्ण संतुष्टि मिले। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये।

अपर जिलाधिकारी के समक्ष इस अवसर पर अधिक बिजली के बिल आने, विधवा व वृद्वावस्था पेंशन न मिलने, राशन कार्ड बनवाने, भूमि की पैमायश कराने, अवैध कब्जा हटवाने, राजस्व, भूमि विवाद, उत्पीड़न, आपसी विवाद आदि से सम्बंधित 15 प्रार्थना प्रत्र प्राप्त हुये। जिनमें से दो प्रार्थना पत्रों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने सभी प्रार्थना पत्रों शिकायतों व समस्याओं के प्रभावी व गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह नारायण त्रिपाठी सहावर में सीओ, शाहिद नसरीन तहसीलदार, संदीप चौधरी मोहम्मद जावेद पंकज यादव हारूननरेश कुमार यादव पंकज पचौरीउपस्थित रहे।

# विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में बच्चे दिखाएंगे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

**- 10 अक्टूबर को श्रीगणेश इंटर कॉलेज में होगी प्रतियोगिता**

**- प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए पंजीकरण शुरू**

**समाज जागरण**

कासगंज। बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभा को निखारने के लिए जिला विज्ञान क्लब के द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन 10 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा। यह प्रतियोगिता श्री गणेश इण्टर कॉलेज में सुबह 10 बजे से शुरू होगी। जिसके लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

समन्वयक जिला विज्ञान क्लब डॉ. जयंत कुमार गुप्ता ने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग उत्तर प्रदेश शासन एवं जिलाधिकारी प्रणय सिंह के निर्देशन में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बाल वैज्ञानिकों की प्रतिभाओं को निखारकर उन्हें मंच प्रदान करना है। जिससे वह विज्ञान से संबंधित नवाचार व अपने तैयार मॉडल का प्रदर्शन कर सकें। जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। प्रतियोगिता का मुख्य विषय वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान रखा गया है जिसके अंतर्गत 22 उपविषय भी निर्धारित किए गए हैं। जिस पर विद्यार्थी अपने-अपने मॉडल को तैयार कर प्रदर्शन करेंगे।

किसी भी दशा में थर्माकॉल या प्रतिबंधित प्लास्टिक से बने मॉडल प्रतियोगिता में शामिल नहीं किए जाएंगे।

एक मॉडल के साथ केवल एक ही विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ इंद्रजीत ने बताया कि सभी माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है,कि वह अपने अपने विद्यालयों में विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता संपन्न कराते हुए प्रथम तीन विजेता मॉडल के नाम जिला स्तरीय प्रदर्शनी के लिए शीघ्र भेज दें।

# सिकन्दरपुर वैश्य पुलिस ने चोरी का टैम्पो बरामद कर एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**

* थाना सिकन्दरपुर वैश्य पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 01 अभियुक्त को चोरी के एक टैम्पो सहित किया गया गिरफ्तार ।* कासगंज पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कासगंज सुशील कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी पटियाली संदीप वर्मा के नेतृत्व में थाना सिकन्दरपुर वैश्य पुलिस द्वारा दिनांक 04.10.2025 को चैकिंग के दौरान अभियुक्त बृजबिहारी पुत्र कमल सिह निवासी ग्राम लधौली थाना सि0वैश्य जनपद कासगंज को चोरी के एक टैम्पो रजि0 न0 HR55 अए 5148



सहित म्याऊ रोड़ बृजबिहारी ढाबा थाना क्षेत्र सिकन्दरपुर वैश्य से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है । टैम्पो के सम्बन्ध में जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उक्त टैम्पो गुड़गांव से चोरी हुआ था जिसके सम्बन्ध में थाना सेक्टर 53 पर अभियोग पंजीकृत हैं। अभि0 की गिरफ्तारी एव बरामदगी के आधार पर थाना सि0पुर वैश्य पर मु0अ0स0 267/25 धारा 35/106 बीएनएसएस व 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी है। *गिरफ्तार बृजबिहारी पुत्र कमलसिह निवासी ग्राम लधौली थाना सि0वैश्य जनपद कासगंज*बरामदगीः एक टैम्पो थ्री व्हीलर रजि0 न0 HR55 अए 5148 रंग हरा

चंचल सिरोही थानाध्यक्ष सिकन्दरपुर वैश्य जनपद कासगंज मय टीम ।

# कासगंज सदर तहसील में हंगामा: नगर चेयरमैन मीना माहेश्वरी और पूर्व चेयरमैन राजेंद्र बोहरे धरने पर बैठे, SDM पर अभद्रता का आरोप

**समाज जागरण**



कासगंज। जनपद की सदर तहसील परिसर में शनिवार को नगर पालिका चेयरमैन मीना माहेश्वरी, उनके पति एवं पूर्व चेयरमैन राजेंद्र बोहरे भाजपा कार्यकताओं और नगर पालिका कर्मियों के साथ धरने पर बैठ गए। आरोप है कि एसडीएम सदर संजीव कुमार ने चेयरमैन मीना माहेश्वरी के पति राजेंद्र बोहरे के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए पुलिस से गिरफ्तार कराने की धमकी दी। इसको लेकर नगर पालिका कर्मियों ने तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी की।

राजेंद्र बोहरे ने बताया कि नगर पालिका में डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण योजना के तहत एक कंपनी को ठेका दिया गया है। कंपनी को पालिका की ओर से वाहन उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि चार वाहन पालिका ने अपने कार्य हेतु सुरक्षित रखे हैं ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका उपयोग सफाई कार्य में किया जा सके। इसी मुद्दे पर चर्चा के लिए वे एसडीएम कार्यालय पहुंचे थे, जहां उनके अनुसार एसडीएम संजीव कुमार ने अभद्र व्यवहार किया और पुलिस बुलाकर गिरफ्तार करने की धमकी दी।

घटना की जानकारी मिलते ही चेयरमैन मीना माहेश्वरी भाजपा कार्यकर्ताओं और पालिका कर्मियों के साथ तहसील परिसर पहुंचीं और एसडीएम के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गईं। प्रदर्शन देर तक जारी रहा और माहौल तनावपूर्ण बना रहा।

वहीं, एसडीएम संजीव कुमार ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि चेयरमैन पति राजेंद्र बोहरे न तो वर्तमान चेयरमैन हैं और न ही उनके अधिकृत प्रतिनिधि। डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली कंपनी के ठेकेदार कुंदन से उनका विवाद था, जिसके चलते दोनों उनके कार्यालय आए थे। सुनवाई के दौरान राजेंद्र बोहरे ने ठेकेदार से अभद्रता की, जिसके बाद पुलिस को सूचना देकर दोनों को कार्यालय से बाहर करवा दिया गया।

# राजकीय इंटर कॉलेज एटा में 69वां जनपदीय युवा खेलकूद समारोह हुआ शुरू, एसएसपी ने किया उद्घाटन — मिशन शक्ति टीम ने दी जागरूकता की जानकारी

**समाज जागरण**

एटा। जनपद के राजकीय इंटर कॉलेज में शनिवार को तीन दिवसीय 69वें जनपदीय युवा खेलकूद समारोह का शुभारंभ एटा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने फीता काटकर एवं ध्वजारोहण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने दीप प्रज्वलित कर खिलाड़ियों को शपथ दिलाई और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। आज छोटे गाँवों से भी खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं, जो प्रेरणादायक है।

इसी क्रम में मिशन शक्ति टीम द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और महिलाओं को



महिला सुरक्षा एवं जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। टीम ने वूमेन पॉवर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड लाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 और साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही मिशन शक्ति टीम ने गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे के दुष्प्रभावों पर भी सार्थक चर्चा की। टीम ने उपस्थित लोगों को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सकीट कीर्तिका सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. इंद्रजीत, सह जिला विद्यालय निरीक्षक सुभाष सिंह चाहर, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश वशिष्ठ, एडवोकेट राहुल गुप्ता, प्रधानाचार्य परिषद जिलाध्यक्ष डॉ. सुधीर गुप्ता, जिला मुख्य आयुक्त स्काउट गाइड डॉ. रामनिवास यादव, पर्यावरणविद् डॉ. ज्ञानेंद्र रावत, एआरएम संजीव कुमार, सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

# श्री रामचंद्र के अग्निवाण से जल उठा रावण वध का पुतला।

**मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पीएसी व कैलादेवी थाना चौकी प्रभारी पुलिस प्रशासन रहा चौकन्ना**

**समाज जागरण प्रवेश यादव**



पबांसा विकासखंड के गांव कस्बा सौंधन में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रही रामलीला के समापन पर शनिवार को रामलीला मैदान में रावण का पुतला दहन किया गया।श्रीराम के अग्निवाण चलाने से 30 फिट रावण का पुतला धू धूकर जलने लगा।मैदान में मौजूद हजारों दर्शकों ने जय श्रीराम का जयघोष किया।पुतला दहन के बाद मेले का आयोजन किया।मेले में बच्चों व महिलाओं ने जमकर खरीददारी की। मेले में लगे झूले पर झूला झूल कर मौज मस्ती की '

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनिवार को सौंधन में रामलीला समापन के बाद श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला मैदान में श्रीराम लक्ष्मण और वानर सेना का मेघनाद कुम्भकर्ण और रावण से युद्ध हुआ युद्ध के दौरान रावण अपनी मायावी शक्तियों के सहारे युद्ध करता रहा लक्ष्मण के प्रहार से मेघनाद का अंत हो गया।प्रभु श्रीराम ने रावण के भाई कुम्भकर्ण को परलोक पहुंचा दिया।श्रीराम और रावण का युद्ध हुआ जिसमें श्रीराम ने रावण के सिर कई बार धड़ से अलग किए लेकिन रावण की नाभि में अमृत होने से बार बार जी उठता और युद्ध करने लग जाता।जब युद्ध का अंत नहीं हुआ। तो तभी रावण के भाई विभीषण ने रावण की नाभि में अमृत होने की बात श्रीराम को बताई प्रभु श्रीराम ने नाभि में अग्निवाण मारकर रावण को धराशाई कर दिया।मरते समय रावण ने श्रीराम का संबोधन किया।इसी बीच रावण ने प्राण त्याग दिए।इसके बाद रामलीला मैदान में मेले का आयोजन किया गया मेले में महिला एसआई आँचल सिद्धू ने पोस्टर देकर मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को जागरूक किया।मेले में बच्चों ने खिलौने की खरीददारी की तथा महिलाओं ने सौंदर्य प्रसाधन की खरीददारी की व झूलों का जमकर आनन्द लिया मीना बाजार में महिला पुलिस को तैनात किया गया ' सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कैला देवी थाना चौकी प्रभारी पुलिस व पीएसी बल मुस्तैद रहा ' इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष शिवनारायण यादव महेंद्र शर्मा भूरे सिंह यादव प्रेमसिंह यादव धर्मेश यादव सुनील सिंघल तरुण बिंदल सतीश यादव राजपाल यादव जीतपाल सिंह धर्मपाल सिंह जीराज यादव बनवारी सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीनों तहसीलों में सम्पन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**समाज जागरण**

एटा। जनपद की तीनों तहसीलोंकृजलेसर, अलीगंज और तीसरी तहसीलकृमें शनिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने तहसील जलेसर में आयोजित कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का त्वरित और गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जाए।

उन्होंने कहा कि लेखपाल और पंचायत सचिव नियमित भ्रमण कर जनसमस्याओं का समाधान करें। खासतौर पर सरकारी भूमि पर कब्जे



को लेकर कड़ी कार्रवाई होगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आरबीएसके योजना के तहत छात्राओं को निशुल्क चश्मा भी वितरित किया।

तहसील अलीगंज में भी अधिकारियों ने जनता की शिकायतें सुनीं और कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। सभी विभाग संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान के तहत अपने कार्यों को माइक्रोप्लान के अनुसार संचालित करेंगे। जिला प्रशासन ने जनता से सहयोग की अपील की।

# सहावर में श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ, विधायक शोभाराम और उपजिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**समाज जागरण**

सहावर मैं स्थानकटरा बाजार मैं रामलीला फि ता काटकर किया शोभाराम हरिओम विधायक ब उप जिलाधिकारी सुरेंद्र सिंह नारायण त्रिपाठी क्षेत्राधिकार शाहिद नसरीन मेला कमेटी संस्थापक शिशुपाल वार्ष्णेय अध्यक्ष सचिन गुप्ता महामंत्री अनिल वार्षीय अमित गुप्ता गौरव वार्ष्णेय सोनू आकाश गुप्ता (मनु) उपाध्यक्षः- अजय वर्मा, अमरदीप गुप्ता अशोक गुप्ता, मुकुल वार्ष्णेय सुधीर रावत, सालोक गुप्ता मंत्रीःपवन वर्मा कक्कू राजन गुप्ता अंकुर शर्मा, विकाश गुप्ता मीतू उजाला गुप्ता, प्रभात वर्मा चक्की वाले वासुदेव शर्मा सचिवः मलिखान सिंह, विवेक पान्डेय मोनू अभिषेक साहू, रविकान्त आर्य कुलदीप गुप्ता, मनोज भारद्वाज



गगनदीप साहू मच संचालकः शिव कुमार (टेलर) महाप्रबंधक : श्रवण वार्ष्णेय, आमोद सक्सैना नवीन वार्ष्णेय कालू परिचयः- सुधीर आर्य, रोहित वार्ष्णेय डिस्को सचिन वार्ष्णेय, दिनेश कुमार सगठन मंत्रीः- राहुल वार्ष्णेय अध्यापक लव साहू, मनीष वार्ष्णेय दाऊनी वार्ष्णेय मीडिया प्रभारीः अर्पितराम मिश्रा केशव शर्मा अकित वार्ष्णेय अंकुर शर्मा, विकाश गुप्ता मीतू उजाला गुप्ता, प्रभात वर्मा चक्की वाले वासुदेव शर्मासचिवः मलिखान सिंह, विवेक पान्डेय मोनू अभिषेक साहू, रविकान्त आर्य कुलदीप गुप्ता, मनोज भारद्वाज गगनदीप साहू मच संचालकः शिव कुमार (टेलर)महाप्रबंधक : श्रवण वार्ष्णेय, आमोद सक्सैना नवीन वार्ष्णेय कालू परिचयः- सुधीर आर्य, रोहित वार्ष्णेय डिस्को सचिन वार्ष्णेय, दिनेश कुमार सगठन मंत्रीः-

राहुल वार्ष्णेय अध्यापक लव साहू, मनीष वार्ष्णेय दाऊनी वार्ष्णेय मीडिया प्रभारीः अर्पितराम मिश्रा केशव शर्मा अकित वार्ष्णेय आद लोग उपस्थित रहे

# बार काउंसिल चुनाव को लेकर एटा में अधिवक्ताओं की बैठक, हरजीत अरोड़ा ने मांगा समर्थन

एटा। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आगामी चुनाव को लेकर शनिवार को एटा दीवानी परिसर स्थित चैंबर पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सदस्य पद की प्रत्याशी और आगरा की वरिष्ठ अधिवक्ता हरजीत अरोड़ा ने भाग लिया।

बैठक का उद्देश्य अधिवक्ताओं से समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त करना था। हरजीत अरोड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि यदि अधिवक्ताओं का सहयोग मिला तो वह उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेंगी। उन्होंने अधिवक्ता कल्याण को अपनी प्राथमिकता बताते हुए पारदर्शी और सक्रिय कार्यशैली अपनाने का भरोसा दिलाया।

अधिवक्ताओं ने भी अपनी समस्याएं रखते हुए निष्पक्ष प्रतिनिधित्व की अपेक्षा जताई। बैठक में एटा बार के कई सदस्य उपस्थित रहे और चुनाव में सकारात्मक सहयोग देने का आश्वासन दिया। चुनावी माहौल को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह देखा गया।